राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 268
लखनऊ, रविवार 31 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के 968 अग्निवीर बने भारतीय सेना का हिस्सा 10

हिंदी पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त आधारशिला : केशव 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,57,190/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,44,100/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,930/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,80,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी मानहानि केस, सेशन कोर्ट से पत्रावली तलब, पांच जून को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** नेता प्रतिपक्ष सासंद राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे बहुचर्चित मानहानि मामले में सेशन कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की पत्रावली तलब कर ली है। वाइस सैंपल की मांग खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए शनिवार को सेशन जज राकेश की अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 5 जून की तारीख नियत की। परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि मामले में विपक्षी सांसद राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल भी अदालत में उपस्थित हुए। इससे पहले एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने वाइस सैंपल लिए जाने की मांग संबंधी प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया था, जिसके खिलाफसेशन कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दाखिल की गई है। गौरतलब है कि मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है।

### आसमान में आज की रात दिखेगा साल का सबसे छोटा ब्लू माइक्रोमून

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए रविवार, 31 मई की रात बेहद खास होने जा रही है। इस दौरान आसमान में अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। आकाश में ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा का चंद्रमा ब्लू माइक्रोमून के रूप में दिखाई देगा। यह साल 2026 का सबसे छोटा फुलमून होगा। मध्य प्रदेश की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने शनिवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि ब्लू मून नाम सुनकर लोग यह न समझें कि चांद नीले रंग का दिखेगा। यह सिर्फ एक पारंपरिक नाम है। जब एक ही अंग्रेजी कैलेंडर महीने में दो पूर्णिमा आती हैं, तो दूसरी पूर्णिमा के चांद को ब्लू मून कहा जाता है। इसका कारण यह है कि दो लगातार पूर्णिमाओं के बीच का समय लगभग 29.5 दिन होता है। इस महीने पहली पूर्णिमा एक मई को थी और रविवार, 31 मई को यह दूसरी पूर्णिमा है।

### एमपी ने रचा इतिहास, सिटीजन फीडबैक में देश में प्रथम स्थान पर

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को धरातल पर अक्षरशः चरितार्थ करने में मध्य प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में पुनः एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत संचालित देशव्यापी सिटीजन फीडबैक (नागरिक प्रतिक्रिया) अभियान में, वर्ष 2011 की जनगणना के मानदंडों के आधार पर मध्य प्रदेश समस्त राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में देश में प्रथम स्थान पर रहा है।

# सुरक्षा मजबूत होगी तभी दुनिया करेगी सलाम : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय सेनाओं के बढ़ते गौरव, स्वदेशी रक्षा क्षमता और हालिया सैन्य उपलब्धियों के बीच लखनऊ को नई पहचान मिली। देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने 19 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण किया।

गोमती तट पर विकसित अनूठी वाटिका में भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त युद्धपोत आईएनएस गोमती को उसके मूल स्वरूप में स्थापित किया गया है, जो युवाओं को देशभक्ति, सैन्य पराक्रम और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रेरित करेगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय सुरक्षा को विकास की सबसे बड़ी पूर्वशर्त बताते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में असुरक्षा, दंगे, कर्फ्यू और माफिया राज का माहौल था, जिससे निवेश और विकास की संभावनाएं प्रभावित होती थीं। आज प्रदेश सुरक्षित वातावरण के कारण देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब देश का सैनिक सीमाओं पर पूरी निष्ठा के साथ कर्तव्य निभाता है तो नागरिकों का भी दायित्व बनता है कि वे सेना और वर्दीधारियों के प्रति सम्मान का भाव रखें। इसी सोच के साथ लखनऊ में नौसेना संग्रहालय और शौर्य वाटिका की परिकल्पना की गई थी, जो अब साकार हो चुकी है। दुनिया में शांति का सम्मान वही देश करा सकता है जो अपनी सुरक्षा के प्रति मजबूत और सजग हो।



**लखनऊ को मिला नौसेना शौर्य वाटिका का तोहफा**

कोई देश या शक्ति इंडिया की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए खतरा बनती है तो उसके साथ केवल उपदेशों से काम नहीं चलता, उसे उसी की भाषा में जवाब देना पड़ता है। विकसित इंडिया के लक्ष्य प्राप्ति के लिए पीएम के पंच प्रण का उल्लेख करते हुए कहा कि हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सहभागी बनना होगा। सेना के सम्मान, राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में शौर्य वाटिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा कि भले ही उत्तर प्रदेश समुद्र तट वाला राज्य नहीं है, लेकिन इसकी नदियां गोमती नदी के नाम पर बने युद्धपोत आईएनएस गोमती ने 34 वर्षों तक राष्ट्रसेवा की और अब उसका गौरवशाली इतिहास लखनऊ में आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। वाटिका में नौसेना के प्लेटफॉर्म, रक्षा तकनीक, यूपी डिफेंस कॉरिडोर, ब्रह्मोस निर्माण परियोजना की जानकारियां उपलब्ध होंगी, जिससे युवाओं में सैन्य सेवाओं के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। नौसेना शौर्य वाटिका में भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त युद्धपोत आईएनएस गोमती स्थापित किया गया है, जो कि आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। युद्धपोत 28 मई 2022 को सेवा से रिटायर हुआ था। वहीं एंकर, एके-726 मीडियम रेंज तोप, सीईटी-53 एम पनडुब्बी अवरोध, जिफ-101 लॉन्चर विद आरजे, कैपस्टन ड्रम, मुख्य मस्तूल और जहाज का प्रोपेलर शामिल हैं।

### आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ रहा भारत का रक्षा क्षेत्र : राजनाथ

देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और 2014 के 46 हजार करोड़ रुपये के कुल रक्षा उत्पादन के मुकाबले अगले महीने आंकड़ा पौने दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण के बाद अपने संबोधन में रक्षा क्षेत्र में भारत की तीव्र प्रगति और रक्षा निर्यात में हुई बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए बताया कि 2014 के पहले भारत में छोटे-मोटे हथियारों के कलपुर्जों का निर्यात केवल एक हजार करोड़ रुपये का था लेकिन अब भारत का रक्षा क्षेत्र पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले 10 वर्षों में हमने मिलकर जो मेहनत की है उसका परिणाम आज हमें मिल रहा है। 2014 में हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन मात्र 46 हजार करोड़ रुपये था, लेकिन आज वही बढ़कर डेढ़ लाख करोड़ से अधिक हो चुका है। मैं जानकारी देना चाहता हूं कि जून समाप्त होते-होते आपको जानकारी मिलेगी कि डेढ़ लाख करोड़ नहीं बल्कि पौने दो लाख करोड़ रुपये हो गया है। देश के रक्षा निर्यात का जिक्र करते हुए कहा कि भारत हमेशा रक्षा उपकरणों के आयात के लिए ही जाना जाता था। 2014 में केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में सरकार बनने से पहले तक भारत का रक्षा उपकरणों का निर्यात एक हजार करोड़ रुपये से भी कम था लेकिन आज बढ़कर 40 हजार करोड़ रुपये हो गया है।उन्होंने कहा, उपलब्धि में उत्तर प्रदेश और विशेषकर लखनऊ का भी योगदान रहा है।

### म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग नई दिल्ली पहुंचे, एक जून को पीएम मोदी से करेंगे वार्ता



**एजेंसी, नई दिल्ली।** म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग शनिवार को बोधगया से नई दिल्ली पहुंचे। राजधानी पहुंचने पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री किर्ति वर्धन सिंह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति की भारत यात्रा 30 मई से 3 जून तक चलेगी और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है। किर्ति वर्धन सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग का दिल्ली आगमन पर स्वागत करना सम्मान की बात है। विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग 1 जून को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता भारत और म्यांमार के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति इस दौरान एक व्यापार एवं उद्योग मंच में भी भाग लेंगे।

## सेवा, साहस व बलिदान : भारतीय मेजर अभिलाषा बराक समेत चार यूएन शांतिरक्षकों को सम्मानित करेगा संयुक्त राष्ट्र

**मेजर अभिलाषा को यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से जायेगा नवाजा**

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र।**

संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस के अवसर पर सेवा, साहस और बलिदान के लिए भारत की मेजर अभिलाषा बराक सहित चार यूएन शांतिरक्षकों को सम्मानित करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार आगामी पांच जून को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किये जायेंगे।

भारतीय सेना की मेजर अभिलाषा बराक को उनके असाधारण कार्य और अनुकरणीय नेतृत्व के लिए यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा जायेगा। उन्होंने शांति मिशन के दौरान महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा की पुरजोर वकालत करते हुए जमीनी स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। वैश्विक मंच पर उनके इस अद्वितीय योगदान को सराहते हुए ही उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है।



वर्तमान में मेजर अभिलाषा बराक दक्षिणी लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र मिशन की भारतीय बटालियन में सामुदायिक संपर्क टीम की कमांडर और लैंगिक समन्वय अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने वहां व्यापक जनसंपर्क अभियानों का सफल नेतृत्व करते हुए पांच हजार से अधिक महिलाओं और लड़कियों तक अपनी पहुंच बनायी है। इसके साथ ही, उन्होंने व्यावसायिक प्रशिक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण और संघर्ष के बाद उनके पुनर्वास को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। मेजर बराक ने विपरीत परिस्थितियों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई नवाचार-आधारित उपाय भी शुरू किये हैं। इस वर्ष मेजर बराक के अतिरिक्त तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय शांतिरक्षकों को भी उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया जा रहा है। इनमें यूक्रेन के सर्गेई प्रिखोदको को मरणोपरांत प्रतिष्ठित कैप्टन म्बाये डियान पदक से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, उरुग्वे के सार्जेंट मातियास रेयेस को भी कैप्टन म्बाये डियान पदक प्रदान किया जायेगा, जबकि जर्मनी की इंस्पेक्टर स्टेफनी कोनिग्स को सर्वश्रेष्ठ महिला पुलिस अधिकारी के पुरस्कार से विभूषित किया जायेगा।

## दिल्ली, मुंबई समेत कई शहरों में हमले की साजिश नाकाम, आठ संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़े खुफिया अभियान में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), मुंबई अंडरवर्ल्ड और पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शाहजाद भट्टी से जुड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मॉड्यूल से जुड़े आठ आरोपितों को महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली और नेपाल कनेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्टरी में बने चार हैंड ग्रेनेड, दो ग्लॉक पिस्टल, 24 जिंदा कारतूस, चोरी की बाइक और स्कूटी के अलावा पाकिस्तान स्थित हैंडलरों से हुई बातचीत वाले मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

दिल्ली पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क का मकसद दिल्ली, मुंबई, पंजाब, चंडीगढ़ में महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठानों, सुरक्षा संस्थानों और पुलिसकर्मियों पर ग्रेनेड हमला और फायरिंग करने की साजिश रच रहा था। आरोपितों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।



विशेष पुलिस आयुक्त अनिल शुक्ला ने बताया कि स्पेशल सेल को इनपुट मिला था कि पाकिस्तान और दुबई में बैठे शाहजाद भट्टी नेटवर्क तथा आईएसआई से जुड़े हैंडलर भारत में आतंकी और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद एसीपी विवेक कुमार त्यागी, इंस्पेक्टर सुनील रजैन और इंस्पेक्टर धीरज मेहलावत की टीम ने तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की मदद से नेटवर्क पर नजर रखनी शुरू की।

जांच के दौरान सबसे पहले 14 मई 2026 को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर निवासी विजय उर्फ शूटर (23) को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक विजय लगातार पाकिस्तान और दुबई में बैठे शाहजाद भट्टी नेटवर्क के सदस्यों के संपर्क में था।

## सीयूईटी यूजी 2026 : देश के कई केंद्रों पर तकनीकी गड़बड़ी से थमी परीक्षा

**दो घंटे की देरी से परेशान हुए छात्र**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए यूजी) द्वारा आयोजित की जा रही कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी यूजी) 2026 के दौरान 30 मई को एक बड़ा संकट खड़ा हो गया।

देश के विभिन्न राज्यों में बने कई परीक्षा केंद्रों पर अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण सुबह की शिफ्ट की परीक्षा अपने तय समय से काफी देरी से शुरू हो सकी। इस अप्रत्याशित गड़बड़ी की वजह से परीक्षा केंद्रों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिससे कई महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे लाखों छात्रों और धूप में बाहर इंतजार कर रहे उनके अभिभावकों को भारी मानसिक तनाव और असुविधा का सामना करना पड़ा। परीक्षा के आयोजन में आई इस बड़ी बाधा को लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने तुरंत स्थिति को संभालने का प्रयास किया। एनटीए ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि परीक्षा के लिए उनकी तकनीकी पार्टनर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने कुछ केंद्रों पर सर्वर और सिस्टम से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों को रिपोर्ट किया था। हालांकि, एजेंसी ने छात्रों को राहत देते हुए यह साफ किया कि अब इस समस्या को पूरी तरह से सुलझा लिया गया है।

### एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में विनेश फोगाट ने 7-1 से जीता पहला मुकाबला



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की मशहूर पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में महिलाओं की 53 किलोग्राम कैटेगरी में ज्योति को 7-1 से शिकस्त दी। यह प्रतियोगिता सुप्रीम कोर्ट और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के दखल के ठीक एक दिन बाद हुई, जिसके बाद उन्हें मुकाबले में हिस्सा लेने की इजाजत मिली थी। दिग्गज रेसलर को डब्ल्यूएफआई ने पहले 50 किलोग्राम कैटेगरी तक ही सीमित कर दिया था, लेकिन इसके बाद महासंघ ने अपना फैसला बदला। यह बदलाव डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह के दखल के बाद हुआ, जिन्होंने 53 किलोग्राम ट्रायल में विनेश के शामिल होने का समर्थन किया था।

## सशस्त्र बल जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार हैं : जनरल उपेंद्र द्विवेदी

**एजेंसी, पुणे।**

थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो सशस्त्र बल ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाएं उस आधुनिक बहु-आयामी युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी समन्वय को और मजबूत कर रही हैं, जो अब केवल थल, जल और वायु तक सीमित नहीं रह गया है।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 150वें कोर्स की पासिंग आउट परेड के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में जनरल द्विवेदी ने कहा कि फिलहाल शत्रुता में अस्थायी विराम है, लेकिन यदि अगला चरण शुरू होता है तो उससे निपटने के लिए तीनों सेनाएं पूरी तैयारी कर रही हैं।



गौरतलब है कि भारत ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मई 2025 में पाकिस्तान स्थित आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। जनरल द्विवेदी ने कहा, जहां तक ऑपरेशन सिंदूर का सवाल है, यह अब भी जारी है। फिलहाल शत्रुता में अस्थायी विराम है। इसलिए भारतीय सेना और तीनों सेनाएं ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की संभावित आवश्यकता को देखते हुए पूरी तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों पर अंतरिक्ष, साइबर और संज्ञानात्मक युद्ध जैसे उभरते क्षेत्रों का प्रभाव लगातार बढ़ेगा। सेना प्रमुख ने कहा कि आधुनिक युद्धक्षेत्र बेहद पारदर्शी हो चुके हैं और लगभग हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकती है, ऐसे में सैन्य योजनाकारों को सैनिकों की तैनाती तथा उनकी सुरक्षा को लेकर अत्यंत सतर्क रहना होगा।

### डिजिटल हेल्थ मिशन में भारत ने दर्ज की बड़ी उपलब्धि, 90 करोड़ के पार पहुंचा आभा अकाउंट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश ने डिजिटल स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत 90 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) बनाए जा चुके हैं। आभा एक 14 अंकों की डिजिटल हेल्थ आईडी है, जिसके माध्यम से नागरिक अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से जोड़, देख और जरूरत पड़ने पर अपनी सहमति से साझा कर सकते हैं। इससे मरीजों को बार-बार मेडिकल दस्तावेज साथ रखने की आवश्यकता कम होती है और इलाज की प्रक्रिया अधिक सरल बनती है। शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने पिछले पांच साल के आंकड़े जारी किए।

## बिजली का तगड़ा झटका : जून का 10 फीसदी अधिक भरना पड़ेगा बिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी में जून का बिजली बिल उपभोक्ताओं को झटका देगा। जून में बिजली महंगी होगी। उपभोक्ताओं को जून के बिजली बिल में 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देनी पड़ेगी। यह वृद्धि ईंधन अधिभार यानि फ्यूल सरचार्ज के तहत की गई है। जून के बिजली बिल में 10 फीसदी अतिरिक्त शुल्क जोड़ा जाएगा। यह राशि जून के बिजली बिल के साथ ली जाएगी।

बिजली उपभोक्ताओं को बिल में फ्यूल चार्ज की 10फीसदी अतिरिक्त राशि जून में देनी होगी। बिजली की किल्लत और कटौती के बीच बिजली बिल में बढ़ोतरी उपभोक्ताओं को झटका देने वाली है। पावर कॉर्पोरेशन ने जून के बिजली बिल के साथ में सरचार्ज लेने का फैसला किया है।उत्तर प्रदेश में जून के महीने में जब गर्मी के कारण बिजली की खपत स्वाभाविक रूप से बढ़ी रहेगी तब बिल में 10 फीसदी अतिरिक्त राशि लाखों उपभोक्ताओं को प्रभावित करेगी।



बिजली के उत्पादन और खरीद की लागत में वृद्धि हो गई है। इसकी भरपाई के लिए जून माह में ईंधन अधिभार लगाया जा रहा है। राशि उपभोक्ताओं से ही वसूली जाएगी। यूपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से ईंधन अधिभार बढ़ाए जाने से उपभोक्ता को जून के बिजली बिल में 10 प्रतिशत ज्यादा राशि देनी होगी। अतिरिक्त शुल्क जून महीने के बिल में जुड़कर आएगा। पॉवर कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर-आईटी ने इस बारे में कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को एक पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार जून 2026 महीने से लगाया जाना है। विनियम के प्रावधानों के अनुसार उपभोक्ताओं की इसे लागू करने का अनुरोध किया है। बिजली बिल जून माह में 10 प्रतिशत अधिक आना तय है लेकिन उसके बाद भी क्या सरचार्ज की वसूली होगी? इस बारे में विद्युत नियामक आयोग अगली समीक्षा में तय करेगा। बिजली उत्पादन और खरीद की लागत में कमी नहीं आती है तो बिजली बिल सामान्य रूप से पहले की तरह आएगा।

**तैयारी**

**आरबीआई जल्द शुरू कर सकता है पायलट प्रोजेक्ट**

# देश में जल्द दिख सकते हैं प्लास्टिक के नोट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में जल्द ही मुद्रा व्यवस्था से जुड़ा एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एक बार फिर प्लास्टिक या पॉलीमर बैंक नोटों को चलन में लाने की संभावना पर गंभीरता से विचार कर रहा है। यदि यह योजना अमल में आती है तो देश में वर्षों से इस्तेमाल हो रहे पारंपरिक कागजी नोटों की जगह धीरे-धीरे अधिक टिकाऊ और आधुनिक तकनीक वाले नोट देखने को मिल सकते हैं।
मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, आरबीआई की हाल में हुई दो बोर्ड बैठकों में पॉलीमर नोटों को लेकर चर्चा हुई है। ये बैठकें पटना और मुंबई में आयोजित की गई थीं। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक जल्द ही इस दिशा में एक पायलट प्रोजेक्ट की घोषणा कर सकता है।

भारत में हर साल बड़ी संख्या में मुद्रा नोट खराब हो जाते हैं। अधिक इस्तेमाल, नमी, धूल और अन्य कारणों से नोट जल्दी खराब होने लगते हैं, जिसके बाद उन्हें चलन से हटाना पड़ता है। इनकी जगह नए नोट छापने में सरकार और रिजर्व बैंक को भारी खर्च उठाना पड़ता है। यही कारण है कि लंबे समय तक चलने वाले पॉलीमर नोटों को एक व्यवहारिक विकल्प माना जा रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि प्लास्टिक नोट सामान्य कागजी नोटों की तुलना में कई गुना अधिक समय तक सुरक्षित रहते हैं। इससे बार-बार नोट छापने की आवश्यकता कम होगी और मुद्रा प्रबंधन की लागत में भी कमी आएगी।
आरबीआई के सामने नोटों की छपाई पर बढ़ता खर्च भी एक बड़ी चुनौती है।



उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में करेंसी नोटों की छपाई पर लगभग 6,372.8 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। यह राशि वित्त वर्ष 2023-24 के 5,101.4 करोड़ रुपये की तुलना में काफी अधिक थी। विशेषज्ञों के अनुसार यह वृद्धि मुख्य रूप से बाजार में मुद्रा की बढ़ती मांग और खराब हो चुके नोटों को बदलने की आवश्यकता के कारण हुई।
हालांकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह खर्च घटकर लगभग 4,875 करोड़ रुपये रह गया, लेकिन लंबे समय के लिए लागत कम करने के विकल्पों पर विचार जारी है। मुद्रा प्रबंधन से जुड़ी एक और चुनौती खराब नोटों की बढ़ती संख्या है। वर्ष 2024-25 में लगभग 23.8 अरब नोटों को चलन से बाहर करना पड़ा था, जबकि 2023-24 में यह संख्या 21.24 अरब थी। हालांकि 2025-26 में खराब नोटों की संख्या घटकर 17.20 अरब रही, फिर भी यह आंकड़ा काफी बड़ा माना जाता है।
ऐसे में पॉलीमर नोटों को एक टिकाऊ विकल्प के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि उनकी आयु सामान्य नोटों की तुलना में कहीं अधिक होती है।
प्लास्टिक नोटों का विचार भारत के लिए नया नहीं है। इससे पहले वर्ष 2012 में भी इस दिशा में कदम उठाया गया था। उस समय केंद्र सरकार ने पांच शहरों में 10 रुपये मूल्यवर्ग के पॉलीमर नोटों का परीक्षण करने की मंजूरी दी थी। कोच्चि, मैसुरु, जयपुर, भुवनेश्वर और शिमला में लगभग एक अरब पॉलीमर नोटों के फील्ड ट्रायल की योजना बनाई गई थी। हालांकि तकनीकी और परिचालन संबंधी कुछ चुनौतियों के कारण यह परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी और परीक्षण को रोकना पड़ा। अब माना जा रहा है कि उस समय सामने आई अधिकांश समस्याओं का समाधान कर लिया गया है, जिससे इस योजना को दोबारा आगे बढ़ाने का रास्ता साफहो सकता है।

**अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज व तीमारदार को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता**

# डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

- अस्पताल/मेडिकल कॉलेज परिसर में साफ सफाई, पार्किंग आदि की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने बाबू ईश्वरशरण जिला चिकित्सालय/मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में मरीजों एवं तीमारदारों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

उन्होंने आमजन के सुगम आवागमन हेतु सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए पर्याप्त एवं सुविधाजनक बैठने की व्यवस्था विकसित करने को कहा। ओपीडी, वेटिंग रूम तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने मरीजों के पर्चों पर लिखी जाने वाली दवाओं का ऑनलाइन कम्प्यूटर अपडेट समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत रूप से किए जाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने शौचालयों की नियमित साफ-सफाई तथा पूरे अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज परिसर में उच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि अस्पताल के प्रत्येक फ्लोर पर कम से कम पांच-पांच व्हीलचेयर उपलब्ध रहें, जिससे बुजुर्ग, दिव्यांग एवं गंभीर मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि डॉक्टरों, नर्सों, कम्पाउंडरों एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती पर्याप्त संख्या में रहे, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) जिला अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज अधीक्षक को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान दिए गए सभी निर्देशों का अनुपालन आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज एवं तीमारदार को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे अस्पताल में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सहज एवं सम्मानजनक वातावरण में प्राप्त हों।

# वर्दी पहनने वालों की बन जाती है अलग पहचान : ब्रिगेडियर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय मनकापुर आश्रम पद्धति स्कूल सिसई में चल रहे एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज आठवें दिन गोरखपुर ग्रुप एनसीसी के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर परिमल भारती ने कैंप का निरीक्षण किया।

कैंप कमांडेंट सुनील कपूर एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट गौरव तिवारी ने ग्रुप कमांडर का स्वागत किया तत्पश्चात एनसीसी कैडेट द्वारा ग्रुप कमांडर को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। एनसीसी अधिकारियों से वार्तालाप के उपरांत कैंप कमांडेंट द्वारा पूरे शिविर के बारे में जानकारी दी गई एवं ग्रुपकमांडर को प्रशिक्षण एरिया जहां पर ड्रोन का प्रशिक्षण दिया जा रहा था, कुक हाउस ,डायनिंग एरिया, स्टोर , आवासीय एरिया, फायरिंग एरियासहित पूरे कैंप का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद ग्रुप कमांडर ने समस्त कैडेटों को संबोधित किया उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में अव्वल दर्जे के सिखलाई प्रदान की जा रही है, प्रशिक्षण विधिवत एवं एनसीसी विषय के अनुरूप प्रदान की जा रही है।

सभी सेना के जवान एवं कैंप कमांडेंट उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है, सभी कैडेट अनुशासित रहते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और अपने जीवन को सार्थक बनाएं, जिसने एक बार यूनिफॉर्म पहन लिया उसकीएक पहचान जाती है। कैंप के दरमियान ही कैडेटों के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं का प्रदर्शन होता है जो आगे चलकर राष्ट्रहित में काम आता है। धन्यवाद व्यापित करते हुए ग्रुप कमांडर ने कहा कि सभी कैडेट अपने परिवार का, अपने यूनिट का, अपने गांव का, अपने प्रदेश एवं राष्ट्र का नाम रोशन करें और इसका संकल्प लें।

अंत में उन्होंने कहा कि 48 यूपी बटालियन एनसीसी गोंडा गोरखपुर ग्रुप के उत्कृष्ट बटालियन में से एक है और यहां पर कर्नल सुनील कपूर एवं लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी जैसे जांबाज भारतीय सेना के अधिकारी मौजूद है। निरीक्षण उपरांत कैंप कमांडेंट ने मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी, कैप्टन एन के मिश्रा, लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह, लेफ्टिनेंट हरेंद्र, लेफ्टिनेंट अमिताभ पांडे, लेफ्टिनेंट संजय शुक्ला, लेफ्टिनेंट रमेश, लेफ्टिनेंट राहुल, लेफ्टिनेंट आनंद पांडे, सूबेदार संजीव कुमार, बृजेश कुमार एवं कृष्णा को महत्वपूर्ण योगदान हेतु धन्यवाद ज्ञापित कृपया।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार ट्रक ने अधेड़ को रौंदा, मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल घर जा रहे अधेड़ को टक्कर मार दी। इस हादसे में अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर मटेरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे तक ग्रामीणों को समझाकर जाम हटवाया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बहराइच–नानपारा मार्ग पर स्थित प्रहलादा ग्राम के निवासी वासुदेव (55 वर्ष) शुक्रवार रात करीब 9 बजे बाजार से सब्जी लेकर पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। आसपास मौजूद लोग जब तक मौके पर पहुंचते, चालक वाहन लेकर फरार हो चुका था।घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वासुदेव की मौत हो चुकी थी। इसके बाद नाराज ग्रामीणों ने बहराइच–नानपारा मार्ग को जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे दोनों तरफ करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मामले की सूचना पर थाना प्रभारी हरिकेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात की और वाहन चालक की तलाश तथा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### मृत युवक के परिजनों को विधायक ने दी सांत्वना



- आर्थिक सहयोग देने के साथ अधिकारियों को दिए निर्देश

**महुआ, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के अहिरौला में मारपीट के दौरान घायल युवक धनराज मौर्य की मौत की सूचना के बाद क्षेत्रीय विधायक रामप्रताप वर्मा शनिवार को मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस मामले में नामजद आरोपियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने में शिथिलता न बरती जाए। मृतक के परिवार को एक लाख रुपयों की आर्थिक सहायता देने के साथ शासन से मिलने वाली अहेतुक सहायता व अन्य लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया। विधायक ने कहा कि सरकार दबंगों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दे चुकी है। किसी पर होने वाला अत्याचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने गैड़ास बुजुर्ग के थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि जो दो आरोपी अभी गिरफ्तार नहीं हुए हैं, उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। गिरफ्तारी न हो पाने की दशा में कोर्ट से कुर्की का आदेश लाकर चल अचल संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाए। इस दौरान राम गोपाल चौधरी, दद्दन त्रिपाठी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### मकान सूचीकरण कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले सात प्रगणक सम्मानित



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत नगर पालिका परिषद बलरामपुर में मकान सूचीकरण कार्य में शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 07 प्रगणकों कोअध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलरामपुर श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', उप जिलाधिकारी सदर श्री हेमंत गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलरामपुर द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके कार्य की सराहना की गई। एसडीएम सदर श्री हेमंत गुप्ता ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए आधार का कार्य करते हैं। ऐसे में इस कार्य को पूरी गंभीरता एवं शुद्धता के साथ संपन्न किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत नगर पालिका उतरौला में हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए जाने पर संबंधित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उतरौला द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। HLB No. 0039 के अंतर्गत प्रगणक श्री अमित कुमार श्रीवास्तव एवं पर्यवेक्षक श्री विनय कुमार द्वारा कार्य संपादित किया गया। इसी प्रकार HLB No. 0014 के अंतर्गत प्रगणक श्री देशरत्न एवं पर्यवेक्षक श्री राघवेंद्र पाल द्वारा HLB कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

# सीडीओ के संज्ञान में आते ही खुला सामुदायिक शौचालय का ताला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक शौचालय विकास भवन परिसर में लगभग 1 वर्ष से बनकर तैयार था किंतु उसमें हमेशा तला ही बंद रहता था शनिवार को समृद्धि न्यूज़ के पत्रकार ने नवागत मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद जी से मुलाकात किया और जब उनसे यह बताया गया कि आपके यहां सामुदायिक शौचालय तो बनकर खड़ा है किंतु उसमें ताला बंद रहता है उन्होंने कहा ठीक है मैं अभी इसको दिखवाता हूं और कुछ भी देर के बाद में शौचालय का ताला भी खुल गय उसके अंदर रखा टाइल्स हटाया गया साफ सफाई भी की गई और जनता के लिए उसे पूरी तरह खोल दिया गया विकास भवन परिसर में सामुदायिक शौचालय में एक महिला शौचालय एक दिव्यांग जनों के लिए और एक पुरुष के लिए बना हुआ है और सब कुछ कंप्लीट होने के बावजूद ताला बंद था मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद त्वरित कार्रवाई के लिए बधाई के पात्र हैं।

# रिश्तेदारी व हिस्सेदारी की तर्ज पर नहीं हो पा रहा न्यायालय के आदेश का अनुपालन

- मामले में बाज दायरा आ चुका है इसलिए जब तक फैसला न हो कार्रवाई कर पाना संभव नहीं : तहसीलदार सदर




**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोंडा।** आपको बताते चलें कि यदि किसी मामले में न्यायालय का आदेश डिमोलिशन का आ जाता है और उस पर आरसी भी कट जाती है तो बाज़ दायरा एक्सेप्ट तो किया जा सकता है लेकिन कार्रवाई को रोका नहीं जा सकता ऐसा विद्वान अधिवक्ता के द्वारा बताया गया की कोई भी न्यायालय तालाब की जमीन पर बनाए गए पक्के मकान को रोक नहीं सकती है क्योंकि तालाब के मामले में सर्वोच्च न्यायालय बहुत ही सख्त है यह बातें हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि तहसीलदार सदर मनीष वर्मा और जो कब्जेदर हैं वह है दिलीप वर्मा जो की प्रधान प्रतिनिधि भी है, लेखपाल है सुनील वर्मा और कानून गो है रमेश चंद्र वर्मा यदि यहां यह कहा जाए की या तो रिश्तेदारी या हिस्सेदारी के तर्ज पर बचाया जा रहा है तालाब की भूमि पर बना पक्का मकान तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी पूरा मामला विकासखंड इटियाथोक के ग्राम विनोहनी का है जहां गाटा संख्या 925 जो तालाब की भूमि है उसमें 200 वर्ग मीटर पर अवैध रूप से पक्का मकान बनाकर दिलीप वर्मा के द्वारा कब्जा किया गया है ।

जहां न्यायालय के आदेश के बावजूद कथित रूप से तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों से निर्धारित धनराशि की वसूली नहीं हो सकी है।

आरोप है कि संबंधित अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत के चलते तीन वर्षों से मामला लंबित पड़ा है।मामला सदर तहसील क्षेत्र का बताया जा रहा है। आरोप है कि तालाब की सरकारी भूमि पर कब्जा कर लोगों ने स्थायी और आलीशान मकान बना लिए हैं। इस संबंध में न्यायालय द्वारा आदेश भी पारित किया गया था, लेकिन आदेश के वर्षों बाद भी वसूली और प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी।स्थानीय लोगों का आरोप है कि तहसील प्रशासन के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित साठगांठ के कारण मामला दबा हुआ है। आरोपों के अनुसार, तहसीलदार, लेखपाल और अमीन स्तर पर कार्रवाई में ढिलाई बरती गई, जिससे न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं हो पाया।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो तालाब की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा सकता था। अब भी प्रशासन से मांग की जा रही है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन

- संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य
- भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है : अनूप गुप्ता



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत बन सरिता रिसॉर्ट में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग व प्रदर्शनी का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को वैचारिक संगठनात्मक एवं चुनावी दृष्टि से प्रशिक्षित किया गया। शनिवार को दूसरे दिन कार्यकर्ता यही रात्रि विश्राम करने के पश्चात सुबह योग व नाश्ता करने के उपरांत सत्र के लिए उपस्थित हुए। आज पांच सत्रों में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण मिला अंतिम व समापन सत्र के वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कार्य पद्धति पर अपने विचार रखते हुए बताया की भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है। यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं की वैचारिक धार को और अधिक मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर निकलने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यकर्ताओं ने दो दिनों से लगी भव्य प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, महापुरुषों के जीवन वृत्त एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्रों और संदेशों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर वर्ग प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष बाराबंकी अवधेश श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय, सांसद आनंद गौड़, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक सुभाष त्रिपाठी, सरोज सोनकर, एमएलसी पदम सेन चौधरी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम करन टेकड़ीवाल, संचित सिंह, महामंत्री रणविजय सिंह, सुवेद वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, पूर्व महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी व अन्य जिलापदाधिकारी अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश



- भीषण गर्मी से राहत, तापमान में 4 डिग्री की गिरावट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से शनिवार को लोगों को राहत मिली। दोपहर में अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

शनिवार दोपहर करीब तीन बजे जिला मुख्यालय पर तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। इससे उमस और गर्मी से जूझ रहे लोगों ने काफी राहत महसूस की। लगातार बारिश के कारण जिले के अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जो अब 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, जनपद में अगले चौबीस घंटों के दौरान भी तेज हवाओं के साथ बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। पिछले लगभग 20 मिनट से जिले में जोरदार बारिश हो रही है। नगर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी बारिश से लोगों को काफी सुकून मिला है।

### बिछिया में मुख्य मार्ग पर गिरा पेड़, कतर्नियाघाट में तेज हवाओं के साथ बारिश, यातायात बाधित



**कतर्नियाघाट** जंगल इलाके में आज दोपहर करीब 2.30 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण बिछिया में मुख्य मार्ग पर एक विशाल पेड़ गिर गया। इससे यातायात लगभग एक घंटे तक बाधित रहा। यह पेड़ बिछिया आबादी के किनारे बिछिया से आम्बा, बर्दिया, मिहिपुरवा, बहराइच और कतर्निया घाट जाने वाले मुख्य मार्ग पर गिरा। पेड़ रेलवे क्रॉसिंग पर गिरने के कारण रेल और वन विभाग की संयुक्त टीम इसे हटाने के प्रयास में जुटी हुई है।पिछले कई दिनों से सुजौली और जलंग इलाके के लोगों को मोबाइल पर आंधी और बारिश के अलर्ट मिल रहे थे। हालांकि, मौसम लगातार गर्मी और उमस भरा बना हुआ था। आज सुबह से बादल छाए हुए थे, जिसके बाद दोपहर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं खेती के लिए किसानों को भी फायदा पहुंचा है। जंगल इलाके के बिछिया, आम्बा, बर्दिया, गिरिजापुरी, कारीकोट, चफरिया सहित दर्जनों गांवों में बारिश दर्ज की गई।

# देवीपाटन मंडल के पहले बॉक्सिंग रेफरी बने अनुराग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

- 1 स्टार रेफरी व जज सेमिनार परीक्षा में हासिल की सफलता



तहसील मिहीपुरवा के कुंडवा निवासी अनुराग चौधरी ने मेहनत,अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर अपने सपनों को साकार कर दिखाया है।

उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित 1 स्टार रेफरी व जज सेमिनार परीक्षा में उन्होंने सफलता हासिल की है। यह परीक्षा एक से पांच अप्रैल तक हापुड़ में आयोजित यूथ बॉयज व गर्ल्स स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दौरान संपन्न हुई थी। जिसमे पूरे प्रदेश भर से 48 खिलाड़ियो ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इसका आधिकारिक परिणाम 28 मई को जारी किया गया।जिसमे मात्र 17 खिलाड़ियों ने सफलता पाई है ।जारी सूची में अनुराग चौधरी का नाम सफल अभ्यर्थियों में शामिल है।इस उपलब्धि के साथ अनुराग देवीपाटन मंडल के पहले प्रमाणित बॉक्सिंग रेफरी और जज बन गए हैं।खिलाड़ी अनुराग ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच एवं मार्गदर्शक अभिषेक धनुक (क्रीड़ाधिकारी, गाजियाबाद ) और अपने माता पिता के समर्पण को दिया है। अनुराग की सफलता से बॉक्सिंग खेल प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों में खुशी और उत्साह का माहौल है।

### मादक पदार्थ तस्कर दोषी करार, 12 साल के कठोर कारावास की सजा

**बहराइच।** रिसिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने विनय कुमार नामक युवक को 2 किलो 100 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। उपनिरीक्षक अंजनी राय ने 10 नवंबर 2016 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया था। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने उस पर एक लाख रु. का आर्थिक दंड भी लगाया है, जिसे अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# जनपद में उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, कालाबाजारी की शिकायत पर होगी सख्त विधिक कार्रवाई

**बलरामपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के समस्त कृषक भाईयों को अवगत कराया है कि वर्तमान समय में अत्यधिक धूप/गर्मी होने के कारण गन्ने की फसल में सिंचाई का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। गन्ना सिंचाई के बाद यूरिया उर्वरक के प्रयोग हेतु जनपद मे यूरिया की कोई कमी नही है।

उन्होंने बताया है कि आज दिनांक 30.05.2026 को जनपद में यूरिया-15765.891 मै0टन (350318 बोरी), डी0ए0पी0-4543.179 मै0टन (90864 बोरी), एम0ओ0पी0-58.375 मै0टन (11675 बोरी), एन0पी0के0-1424.625 मै0टन (28493 बोरी) एवं सिंगल सुपर फास्फेट-11721.657 मै0टन (234433 बोरी) जनपद के विभिन्न खुदरा उर्वरक विक्रेताओं, थोक उर्वरक विक्रेताओं एवं पी0सी0एफ0 बफर गोदाम/सहकारिता में उपलब्ध है। खरीफ अभियान 2026-27 के अन्तर्गत दिनांक : 01.04.2026 से आज दिनांकः 29.05.2026 तक यूरिया-7121.540 मै0टन (158241 बोरी), डी0ए0पी0-516.050 (10231 बोरी), एम0ओ0पी0-26.625 मै0टन (592 बोरी), एन0पी0के0-176.460 मै0टन (3529 बोरी) एवं सिंगल सुपर फास्फेट-822.170 मै0टन (16443 बोरी) का वितरण हो चुका है।

कृषक बन्धु से अपील है कि आवश्यकता से अधिक उर्वरक क्रय न करें। जनपद के समस्त सहकारी समिति एवं फुटकर निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वह कृषकों को वर्तमान में बोई गई फसल के लिये जैसे सब्जी, हराचारा एवं गन्ना, फसल के लिये विक्रय करना सुनिश्चित करें, तथा वितरण रजिस्टर में उर्वरक कय करने वाले कृषकों का पूर्ण विवरण (आधार संख्या, खतौनी संख्या, फार्मर आई0डी0, रकबा, गाटा संख्या, मोबाइल नम्बर)एवं उर्वरक की मात्रा का अंकन करना सुनिश्चित करें, तथा किसी भी दशा में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों का वितरण नही करेंगे, साथ ही गैर अनुदानित उत्पादों का टैगिंग कदापि नंही करेंगे। जनपद के समस्त खुदरा उर्वरक विक्रेता प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 04:00 बजे तक ही उर्वरक का वितरण पी0ओ0 एस0 मशीन के माध्यम से वितरण करेंगे।

निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 के अन्तर्गत विक्रेता को दोषी मानते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

### डीएम ने राजकीय लाइब्रेरी का किया निरीक्षण, सुविधाओं के उच्चीकरण कार्यों का लिया जायजा

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा आज बीएसए कार्यालय परिसर में बने राजकीय लाइब्रेरी का निरीक्षण कर वहां संचालित उच्चीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं निर्धारित समय सीमा में शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की विशेष पहल पर क्रिटिकल गैप योजना के अंतर्गत लगभग 20 लाख रुपये की धनराशि से राजकीय लाइब्रेरी में विभिन्न आधुनिक सुविधाओं का विकास कराया जा रहा है, जिससे यहां अध्ययन करने आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर एवं आधुनिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से लाइब्रेरी को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है, ताकि छात्र–छात्राओं को प्राइवेट लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं जनपद स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें।

# स्वास्थ्य इकाइयों पर मनाया गया तम्बाकू निषेध दिवस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- मानव श्रृंखला बना कर दिया जागरूकता का संदेश
- सीएमओ ने हस्ताक्षर अभियान से की कार्यक्रम की शुरुआत
- स्वास्थ्य कर्मियों ने ली तम्बाकू उत्पादों का सेवन न करने की शपथ

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में हस्ताक्षर अभियान के साथ हुई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर और शपथ लेकर आमजन को तम्बाकू से दूर रहने का कड़ा संदेश दिया। सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि तम्बाकू जनित रोगों से भारत में प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान जाती है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों से कैंसर, हृदय और फेफड़ों जैसी घातक बीमारियां होती हैं। इन असामयिक मौतों को रोकने के लिए सरकारी कर्मियों के माध्यम से आमजन को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा) की जानकारी देते हुए बताया कि धारा-4 के तहत सभी सार्वजनिक कार्यालयों और स्थानों पर धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं, धारा-6 के तहत शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में और नाबालिगों को तम्बाकू की बिक्री पर रोक है। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. पीके वर्मा, मनोचिकित्सक डॉ. विजित जायसवाल, गैर संचारी रोगों के चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह श्रीनेत्र, डॉ. अकीब एजाज, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रियाजुल हक, परामर्शदाता पुनीत शर्मा, लैब टेक्निशियन संतोष सिंह, नर्सिंग अधिकारी बृज प्रकाश व स्वाती श्रीवास्तव के साथ मानसिक स्वास्थ्य टीम के मुकेश हंस, हरीश कुमार, मनीष सिंह, अजय प्रताप सिंह और सीमा कुमारी आदि मौजूद रहे।

### धूम्रपान शरीर को कर देता है खोखला

डिप्टी सीएमओ डॉ. अनुराग वर्मा ने कहा कि धूम्रपान न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ता है। डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने युवाओं से अपील की कि वे इस घातक लत से दूर रहें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। समय रहते तम्बाकू से दूरी बनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे चिकित्साधिकारी डॉ. पारितोष तिवारी ने बताया कि तम्बाकू में मौजूद निकोटीन इंसान को अपना आदी बना लेता है, जो शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को तम्बाकू उत्पादों का सेवन न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य कर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकजुटता दिखाई।

# हिंदी पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त आधारशिला : केशव



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री मौर्य ने कहा, हिंदी पत्रकारिता की देश में जनजागरण, सामाजिक चेतना, राष्ट्रहित के मुद्दों को जनजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आधुनिकभारत के निर्माण तक हिंदी पत्रकारिता ने समाज को जागरूक करने, लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने तथा जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने का कार्य किया है।

▸ जनजागरण व राष्ट्रनिर्माण में हिंदी पत्रकारिता का अतुलनीय योगदान

निष्पक्ष, निर्भीक, उत्तरदायी पत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। पत्रकार समाज और शासन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य करते हैं तथा जनसरोकारों को प्रभावी ढंग से सामने लाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाते हैं। वर्तमान समय में पत्रकारिता की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। सत्य, तथ्य, जनहित पर आधारित पत्रकारिता समाज मेंसकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनविश्वास को भी मजबूत करती है।

उप मुख्यमंत्री ने हिंदी पत्रकारिता से जुड़े सभी पत्रकारों, संपादकों, संवाददाताओं एवं मीडिया कर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य तथा निरंतर सफलता की कामना की।

### संतों का मार्गदर्शन समाज को देता है सकारात्मक दिशा

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ के इन्दिरा नगर स्थित अध्यात्म योग मिशन, हरिद्वार के संस्थापक परम पूज्य स्वामी मधुसूदन जी महाराज के आश्रम पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री मौर्य ने स्वामी से भेंटकर आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की तथा समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं का मार्गदर्शन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।श्री मौर्य ने स्वामी मधुसूदन के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक परंपराएं भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं, जिनसे समाज को सदैव प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है।

### सैन्य गौरव और रक्षा क्षेत्र का प्रमुख हब बन रहा यूपी

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश के गौरवशाली सैन्य इतिहास में आज के दिन को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया है। लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने देश और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कीं। श्री मौर्य ने कहा कि भारतीय नौसेना न केवल हमारी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व निभाती है, बल्कि आपदा राहत, मानवीय सहायता, वैश्विक शांति और राष्ट्रीय गौरव की भी अद्वितीय प्रतीक है। हमारे वीर सैनिकों ने समय-समय पर अपने अदम्य साहस, अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा से पूरे विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाया है। लगभग 19 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित यह प्रनौसेना शौर्य वाटिकाश् उन्हीं गौरवशाली उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। मौर्य ने कहा कि आज का यह अवसर उत्तर प्रदेश ही नहीं, अपितु पूरे राष्ट्र के लिए गौरव और प्रेरणा का क्षण है।

# अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान : माला

▸ 7,339 वाहनों पर कार्रवाई, 33.71 करोड़ रुपये का अधिरोपण
▸ अन्य राज्यों से आने वाले उपखनिजों का परिवहन केवल वैध आईएसटीपी के माध्यम से ही किया जाए



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश में उपखनिजों के अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद एवं निदेशालय स्तर से माह अप्रैल से पूरे प्रदेश में सतत एवं सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान अधिकांश वाहन वैध परिवहन प्रपत्रों के साथ खनिजों का परिवहन करते पाए गए।

जिन वाहनों में अवैध परिवहन अथवा ओवरलोडिंग की पुष्टि हुई, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की गई।

अब तक 7,339 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 33 करोड़ 71 लाख रुपये का अधिरोपण किया गया है। इनमें से 28 करोड़ 31 लाख रुपये की धनराशि संबंधित पक्षों से जमा भी कराई जा चुकी है। सचिव एवं निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म माला श्रीवास्तव ने अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अन्य राज्यों से आने वाले उपखनिजों का परिवहन केवल वैध आईएसटीपी के माध्यम से ही किया जाए तथा किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग न होने दी जाए।

प्रदेश सरकार उपखनिजों के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर कार्य कर रही है तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं राजस्व हितों की सुरक्षा के लिए प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर आज नवयुग कन्या महाविद्यालय,राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स एनसीसी विंग द्वारा कमांडिंग आफिसर प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एन.सी.सी.अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से कैडेट्स ने यह समझाने का प्रयास किया कि तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाना नुकसानदायक है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों पर सिगरेट बीड़ी आदि का सेवन करने से अन्य व्यक्ति भी इसकी चपेट में आकर रोग ग्रस्त हो जाते हैं। तंबाकू में पाया जाने वाला निकोटिन अत्यंत ही नुकसानदायक है इसके प्रयोग से हृदय रोग, कैंसर, फेफड़े संबंधी गंभीर रोग, लकवा जैसी घातक बीमारियां हो सकती हैं। प्रत्येक वर्ष मिलियन व्यक्तियों की मृत्यु तंबाकू के सेवन से होती है। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए तथा निरंतर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने कैडेट्स को कहा कि कैंसर नहीं कैंसर से इसके दाने-दाने में-तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाना नुकसानदायक है। युवाओं पर देश के भविष्य को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है इसलिए उन्हें स्वयं भी इसका सेवन करने से बचना चाहिए तथा जन सामान्य को भी इस का सेवन ना करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम में कैडेट आस्था त्रिपाठी, प्रीति कुमारी, सादिया, अवंतिका, रिया, अरुंधति, गरिमा, वर्तिका, भूमिका, छवि, सृष्टि, शुभी, खुशी, अनन्या, अलिशा, नैंसी, सिद्धि, मुस्कान, निकिता और प्रिया तिवारी आदि सम्मिलित रहे।

### डे केयर में खेलते समय आठ साल के बच्चे पर गिरा चार क्विंटल का गेट, मौके पर मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सरकारी बचपन डे केयर सेंटर में 8 साल के बच्चे की गेट से दबकर मौत हो गई। वह अपने भाई-बहनों के साथ खेल रहा था। तभी करीब 4 क्विंटल से ज्यादा वजन का जर्जर गेट उसके ऊपर गिर गया। ये देख दूसरे बच्चे रोने-चिल्लाने लगे। बच्चे को बचाने दौड़े लोग जब तक में गेट हटा पाते तब तक मासूम की सांसें थम चुकी थीं। बच्चे की पहचान बहराइच के बंजारी मोड़ धन्नीपुर के विक्रम कश्यप के बेटे शिवा के रूप में हुई। मां उसके शव को चादर पर रखकर रोने लगीं। बोलीं छुट्टी पर नानी के यहां आया था। अब कभी नहीं लौटेगा। बच्चे के मामा का आरोप है कि डे केयर का गेट काफी जर्जर था, जिससे हादसा हुआ। घटना महानगर थाना क्षेत्र स्थित निशातगंज की है। वहां मौजूद लोगों ने गेट हटाने का प्रयास किया लेकिन वजन ज्यादा होने की वजह से गेट उठाया नहीं जा सका। ऐसे में बच्चा काफी देर तक गेट के नीचे दबा रहा। इससे उसकी मौत हो गई। बच्चों की मौत के बाद परिजनों का रोना-बिलखना शुरू हो गया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### बीकेटी अस्पताल में सफाई कर्मियों का प्रदर्शन सीएमएस पर अभद्र व्यवहार का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र अस्पताल में शनिवार को सफाई कर्मियों और अस्पताल प्रबंधन के बीच विवाद गहरा गया। सीएमएस पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए 21 सफाई कर्मियों ने कामकाज बंद कर दिया और इमरजेंसी के बाहर धरने पर बैठ गए। सफाई कर्मियों का आरोप है कि अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इसी के विरोध में उन्होंने अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप कर दी। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि सुपरवाइजर समेत कई सफाई कर्मियों को अस्पताल से बाहर कर दिया गया है, जिससे उनमें भारी आक्रोश है। वे न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। धरने पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें सम्मान देने के बजाय अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन के चलते अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है। कई स्थानों पर साफ-सफाई का काम ठप पड़ गया है। कर्मचारियों ने मामले में उचित कार्रवाई और सम्मानजनक व्यवहार की मांग की है। वहीं अस्पताल प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### गन्ना नियंत्रण आदेश का मसौदा वापस लेने का निर्णय स्वागत योग्य कदम : रालोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 के मसौदे को केंद्र सरकार द्वारा वापस लेने के निर्णय को स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री चौधरी जयंत सिंह तथा सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरंतर प्रयासों और किसानों के हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को वापस लेने का निर्णय लिया है। चौधरी जयंत सिंह, मुख्यमंत्री  लगातार इस मसौदे को वापस लेने की मांग कर रहे थे। किसानों, गुड़ एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े लोगों तथा अन्य हितधारकों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। यह संवाद आधारित नीति निर्माण और किसानों की भावनाओं के सम्मान का परिचायक है। किसान, गुड़ उत्पादक, खांडसारी उद्योग तथा क्रशर संचालकों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने पुनर्विचार का निर्णय लिया है। इससे गन्ना किसानों, गुड़ निर्माताओं, खांडसारी उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सकारात्मक लाभ मिलेगा।

# जनता को गुमराह करने वाले, अब जाने वाले हैं : अखिलेश

▸ जनता बदलाव का मन बना चुकी है और आने वाले चुनावों में भाजपा को जवाब देगी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोपों की लंबी फेहरिस्त गिनाई।

अखिलेश ने कानून-व्यवस्था, बुलडोजर कार्रवाई, आरक्षण, पीडीए वर्ग, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, शिक्षामित्रों, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और किसानों के मुद्दों को उठाते हुए सरकार को जनविरोधी बताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, काला चश्मा लगाकर जनता को गुमराह करने वाले अब जाने वाले हैं, लौटकर नहीं आने वाले हैं।

सपा प्रमुख ने दावा किया कि प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और आने वाले चुनावों में भाजपा को जवाब देगी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कविता के माध्यम से लिखा, काला चश्मा लगाकर आने वाले, अपने सच्चे मुकदमे हटवाने वाले। झूठे-फर्जी मुकदमे लगवाने वाले घमंड में रावण तक को हराने वाले। नमस्ते का भी संबंध न निभानेवाले, बुलडोजर से घर-दुकान ढहाने वाले, बिजली-पानी के लिए सताने वाले, पत्रकार पर अपशब्द बरसाने वाले, 'हाता नहीं भाता' नीति चलाने वाले, वनस्पति-खोज में विदेश जाने वाले, अपना झूठा महाप्रचार करवाने वाले, अधिवक्ताओं पे लाठी चलवाने वाले...।

उन्होंने कविता के जरिए आगे तंज कसते हुए कहा, मणिकर्णिका का घाट तुड़वाने वाले, सत्ता सजातीय पे कृपा बरसाने वाले, सांप्रदायिकता का विष फैलाने वाले, 'पीडीए' पर घोर जुल्म करवाने वाले, आरक्षण पे अपनी कैंची चलाने वाले, शिक्षकों से भूसे का दान जुटाने वाले, झूठे आश्वासन पे शासन चलाने वाले, सबकी मांगों पर केवल टरकाने वाले, आशा-आंगनबाड़ी को भटकाने वाले, शिक्षामित्रों का मानदेय घटवाने वाले, संतो तक पर झूठे आरोप लगाने वाले, फर्जी एनकाउंटर का राज चलानेवाले..। अपनी कविता का समापन करते हुए सपा प्रमुख ने लिखा, अब हैं जाने वाले, लौटकर न आने वाले। उन्होंने संकेत दिया कि जनता आगामी चुनावों में सत्ता परिवर्तन का फैसला करेगी।

सपा प्रमुख का यह बयान ऐसे समय आया है, जब प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं और विभिन्न दल चुनावी रणनीति को धार देने में जुटे हैं।



### मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स-257 का लखनऊ में सफल समापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में 30 मई 2026 को आयोजित मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-257 के सफल समापन के उपलक्ष्य में आयोजित स्मार्ट कोर्स समापन परेड के साथ ऐतिहासिक लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रामचंद्रन ड्रिल स्क्वायर में नए मेहराबदार गेट और समीक्षा स्टैंड का उद्घाटन सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट, ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह, एवीएसएम द्वारा किया गया। यह कोर्स 13 अप्रैल 2026 से 30 मई 2026 तक सात सप्ताहों तक चला और ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी) के कमांडेंट मेजर जनरल विनोद कुमार पात्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कोर्स के माध्यम से युवा सशस्त्र बलों के मेडिकल और डेंटल अधिकारियों को गहन युद्धकालीन चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि वे अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें और वर्दीधारी मेडिकल और डेंटल अधिकारियों के रूप में तैयार हो सकें।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने चलाया विशेष संरक्षा जागरूकता अभियान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ.शिल्पी कनौजिया के निर्देशन में लखनऊ मंडल के गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में अग्नि सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष संरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत गोरखपुर रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों एवं ट्रेनों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों, पैंट्रीकार कर्मचारियों तथा रेल उपभोक्ताओं को संरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। इस दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1. पर ट्रेन संख्या 15707 एवं 15097 के सामान्य तथा वातानुकूलित कोचों में, प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर ट्रेन संख्या 12166 के यात्रियों एवं पैंट्रीकार स्टाफ के मध्य तथा प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर ट्रेन संख्या 15103 के सामान्य एवं वातानुकूलित कोचों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त प्लेटफॉर्म संख्या 2 एवं 9 पर भी यात्रियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को रेल कोचों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करने, सिगरेट एवं बीड़ी का सेवन न करने, रेल परिसरों एवं कोचों में कूड़ा-कचरा न फैलाने तथा आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं आवश्यक कार्यवाहियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं जिम्मेदार रेल यात्रा हेतु प्रेरित करते हुए संरक्षा संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान लगभग 650 संरक्षा पोस्टर (पम्पलेट) वितरित किए गए तथा बड़ी संख्या में यात्रियों को प्रत्यक्ष संवाद एवं परामर्श के माध्यम से संरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी, संरक्षा सलाहकार, काकुल फाउंडेशन के कार्यकर्ता, लोको एवं टीआरडी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक एवं उनकी टीम तथा ईएनएचएम विभाग के पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

लखनऊ मंडल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाते हैं, जिससे सुरक्षित एवं संरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

# अथर्व को 1,50,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के छात्र अथर्व प्रताप सिंह को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 1,50,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के एक और छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं ज्ञान-विज्ञान के दम पर विश्व की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। अथर्व को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि अथर्व ने अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। खास बात यह है कि अथर्व को अमेरिका के कई अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों द्वारा भी स्कॉलरशिप के साथ उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया गया है, जिनमें रोचेस्टर इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा, मिसौरी यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर, जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया, यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बर्टा एवं पेन स्टेट



यूनिवर्सिटी शामिल है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। श्री खन्ना ने आगे बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

# चुनाव नजदीक हैं, सतर्क रहे प्रशासन : मायावती

▸ गाजियाबाद हत्याकांड पर बसपा प्रमुख का सरकार को अल्टीमेटम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) अध्यक्ष मायावती ने गाजियाबाद जिले के खोड़ा क्षेत्र में नौजवान सूर्या चौहान के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

मायावती ने हत्या की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अति दुखद और चिंताजनक बताया और प्रदेश सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की। मिली जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने कहा कि श्यू.पी. के जिला गाजियाबाद में खोड़ा के एक नौजवान युवक सूर्या चौहान की हुई हत्या की घटना अति दुखद व चिंताजनक है।

इस तरह की घटनाएं आएदिन सामने आ रही हैं, जिनकी रोकथाम के लिए शासन और प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

उन्होंने मांग की कि इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें कानूनी रूप से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी चेताया कि जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जाएगा, ऐसी घटनाओं के व्यापक दुष्परिणाम होंगे। अतरू सरकार पूरी तरह सतर्क रहे। बसपा प्रमुख का यह बयान ऐसे समय में आया है जब प्रदेश में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार करे।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र से एक हत्या का मामला सामने आया है। यहां 17 वर्षीय सूर्या प्रताप चौहान की 28 मई (बकरीद) की शाम उसके ही कुछ पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने चाकुओं से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। आरोप है कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए सूर्या को पहले फोन करके चौधरी स्कूल के पास वाली गली में बुलाया था।

### चारबाग मीडिया प्वाइंट पर विशाल भंडारे का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ज्येष्ठ माह के अवसर पर बजरंगबली के प्रिया दिन शनिवार को पत्रकारों द्वारा प्रथम विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन बांस मंडी स्थित नवनिर्मित मीडिया पॉइंट पर किया गया जिसमें राजधानी के विभिन्न समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक चौनल के पत्रकारों द्वारा सेवा भाव से भंडारे का आयोजन किया गय। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने प्रबुद्ध जनों ने मीडिया जगत की हस्तियों ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने उपस्थित होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मीडिया पॉइंट पर उपस्थित पत्रकारों द्वारा विशाल भंडारे में आए हुए आमंत्रित विशिष्ट जनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

**तैयारी** | विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश में होगा पौधरोपण

# 35 करोड़ पौधे लगायेगी उत्तर प्रदेश सरकार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारियों में जुटा है। मानसून सीजन में जनसहभागिता से 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मिशन डायरेक्टर, पौधरोपण महाभियान रामकुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारी में जुट गया है। मानसून सीजन में इस बार 35 करोड़ पौधरोपण प्रस्तावित है। विभागों, संस्थाओं, स्कूल-कॉलेज, सामाजिक संगठनों आदि के सहयोग से व्यापक जनसहभागिता के साथ इस महाभियान को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

विभागों, मंडलों व जनपदों के लक्ष्य प्रस्तावित किए जा चुके हैं। इस बार भी कई विशिष्ट वनों की स्थापना होगी। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे व्यापक पौधरोपण होगा। 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे हैं। 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश ने 242 करोड़ से अधिकपौधरोपण किया है। नोडल विभाग वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन सर्वाधिक 15 करोड़ से अधिक पौधरोपण करेगा। जिला वृक्षारोपण समिति की नियमित बैठकें चल रही हैं। कई नवीन वन स्थापित होने के साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे भी 5.50 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को भी वृहद पौधरोपण कार्यक्रम होगा।

मानसून सीजन में वृहद पौधरोपण के लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग निरंतर बैठक, संवाद स्थापित कर रहा है। पौधों को लेकर भी विभाग की तैयारी चल रही है। 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार कराया जा रहा है औद्योगिक व इमारती, चारा व शोभाकार, पर्यावरणीय, फलदार, औषधीय समेत सभी प्रकार के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। प्रदेश के एक्सप्रेसवे के किनारे भी पौधरोपण किया जाएगा। विशेष रूप से गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। 594 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेसवे की दोनों पटरियों पर वन विभाग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में 5.50 लाख पौधरोपण करेगा। दोनों पटरी पर हर एक किमी. पर हरिशंकरी रोपा जाएगा, बीच-बीच में पीपल, पाकड़, बरगद, नीम, गूलर, महुआ, आम, अर्जुन, चिलबिल, अमलतास, कचनार, जकरकंडा, गुलमोहर आदि प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इनकी सुरक्षा के लिए तार से फेंसिंग व सिंचाई के लिए ड्रिप इरीगेशन की जाएगी।



योगी सरकार प्रत्येक वर्ष नवीन विशिष्ट वन स्थापित करती है। इस थीम के अंतर्गत पौधरोपण महाभियान-2026 में इस वर्ष महर्षि चरक औषधि वन, समरस वन, समृद्धि वन, कृषि वन, ऊर्जा वन, कपि वन समेत अनेक नवीन वन स्थापित किए जाएंगे। अभियान का प्रमुख हिस्सा मिशन छाया, अविरल धारा पौधरोपण, सहजन भंडारा, आम भंडारा भी होगा। मिशन छाया के तहत गर्मी से राहत देने के लिए सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। 15 अगस्त को वंदे मातरम वाटिका, 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर भाई-बहन पौधरोपण व 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर 'एक पेड़ गुरु के नाम' भी लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पौधरोपण महाभियान की तैयारी को लेकर विगत दिनों बैठक ली थी।

उन्होंने जनसहभागिता पर विशेष जोर देते हुए इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया था। सीएम योगी ने कहा था कि इसमें जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक-महिला मंगल दल, रोटरी-लायंस, ईको क्लब,एफपीओ, व्यापार मंडल की भी सहभागिता अनिवार्य रूप से हो। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीकृत किसान महाभियान का हिस्सा बनेंगे।

# मेरी सरकार बनी तो यूपी में एक रुपया में एमबीबीएस डॉक्टर बनवाऊंगा : चंद्रशेखर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा मेरी सरकार बनी तो यूपी में 1 रुपया में एमबीबीएस डॉक्टर बनवाऊंगा। वकालत और इंजीनियरिंग की पढ़ाई फ्री होगी। कक्षा-1 से 12 तक सबको समान शिक्षा मिलेगी। जैसे बीजेपी का संकल्प राम मंदिर का था, हमारा संकल्प मुफ्त शिक्षा का है। पूरे प्रदेश दवा-इलाज मुफ्त में होगा।

एससी-एसटी-ओबीसी को प्रमोशन में आरक्षण देंगे। 15 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण अति पिछड़ी जातियों को देंगे। महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण रहेगा। पेपर लीक मुद्दा संगठित अपराध है। इसमें हत्या



में जैसी सजा मिलती है, वैसा प्रावधान किया जाए। यह बच्चों का भविष्य बर्बाद करता है।

नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने ये घोषणाएं शनिवार को विधानसभा मार्ग स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अस्थि कलश स्थल पर कीं। इसके साथ ही उन्होंने श्सत्ता परिवर्तन यात्राश् शुरू करने का ऐलान किया।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के चुनाव परिणामों से पता चल गया है कि यूपी में बदलाव हो सकता है। पेपर लीक एक संगठित अपराध की तरह देख जाए और हत्या के मामले जैसी सजा का प्रावधान किया जाए। पेपर लीक सबसे बड़ा अपराध होना चाहिए, जो बच्चों के भविष्य और माता-पिता के सपनों को बर्बाद कर देता। मैं नौजवानों के साथ खड़ा हूं। सरकार से कहूंगा कि प्रतियोगी नौजवानों के लिए मुफ्त एंट्रेंस एग्जाम और होम सेंटर की व्यवस्था की जाए। कक्षा-1 से 12 विद्यालयों तक समान शिक्षा देंगे। जैसे बीजेपी का संकल्प राम मंदिर का था, हमारा संकल्प मुफ्त शिक्षा का है।

## खबरें एक नजर में

### नहर में उतराता मिला युवक का शव

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** घर से निकले युवक का शव शारदा नहर में उतराता हुआ मिला जिसके बाद मामले की सूचना बंडा पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को ग्रामीण क्षेत्र के तैराकों की मदद से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बंडा के मोहल्ला देवस्थान कालोनी निवासी संसार सिंह का 41 वर्षीय पुत्र राजवीर सिंह शुक्रवार सुबह पांच बजे अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चला गया जिसकी तलाश में परिजन देर रात तक इधर उधर भटकते रहे लेकिन उसका कोई पता नहीं चला जिस पर उन्होंने बंडा थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी । इधर शनिवार सुबह उसका भाई लक्ष्मण सिंह उसे तलाश करने के लिए मकसूदापुर की तरफ गया जहां उसने राहगीरो से भांभी पुल के पास किसी के शव को नहर में उतराने की सूचना सुनी जिस पर वह भांभी पुल की तरफ गया जहां उसने अपने भाई के शव को नहर में देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस में स्थानीय तैराकों की मदद से उसके शव को नहर से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। राजवीर की मौत से पत्नी संतोष देवी और पुत्र शिवा सिंह का रो रो कर बुरा हाल है।

### विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्षों की नियुक्ति

#### शैक्षणिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित तथा परिणामोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संकायों एवं विभागों के लिए प्रस्तावित विभागाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार कला, वाणिज्य, विधि, विज्ञान एवं शिक्षा संकाय के विभिन्न विभागों में वरिष्ठ शिक्षकों को विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी सूची के अनुसार कला संकाय में अर्थशास्त्र विभाग का दायित्व प्रो. मधुकर श्याम शुक्ला को, अंग्रेजी विभाग का दायित्व प्रो. शालीन कुमार सिंह को, राजनीति विज्ञान विभाग का दायित्व प्रो. आदित्य कुमार सिंह को, समाजशास्त्र विभाग का दायित्व प्रो. पूनम को तथा शारीरिक शिक्षा विभाग का दायित्व प्रो. अजीत सिंह चारग को सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त कला संकाय के अनेक विभागों जैसे चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, हिंदी, इतिहास, गृहविज्ञान, संगीत, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, संस्कृत एवं सैन्यविज्ञान का प्रभार प्रो. आलोक मिश्रा को प्रदान किया गया है। वाणिज्य संकाय के अंतर्गत वाणिज्य, बी.कॉम. (कंप्यूटर), बी.कॉम. (फाइनेंस), बी.कॉम. (ऑनर्स) एवं बीबीए विभागों का दायित्व प्रो. अनुराग अग्रवाल को सौंपा गया है। वहीं विधि संकाय में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में प्रो. आदित्य कुमार सिंह को नामित किया गया है। शिक्षा संकाय में बी.एड. विभाग की जिम्मेदारी प्रो. मीना शर्मा को सौंपी गई है। विज्ञान संकाय का प्रभार डॉ आलोक कुमार सिंह को सौंपा गया है। विश्वविद्यालय परिवार ने कुलपति के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, उत्तरदायित्व एवं संस्थागत विकास को नई गति देने वाला कदम बताया है। कुलपति ने सभी नव-नामित विभागाध्यक्षों से अपेक्षा की है कि वे विभागों को उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विकसित करने, विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

### दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत पूर्व प्रधान समेत तीन घायल



**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** कस्बा क्षेत्र के निगोही मोड़ पर शनिवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में पूर्व प्रधान समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल और बुलेट मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में बुलेट मोटरसाइकिल सवार पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथ बैठे उनके जीजा रघुवीर सिंह को भी चोटें आई। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार युवक भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद खुदागंज पुलिस ने तत्काल मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू कराया। पुलिसकर्मियों ने घायलों को सड़क से सुरक्षित हटवाया और तत्काल ई-रिक्शा की व्यवस्था कर उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा तेज रफ्तार और आमने-सामने आने के कारण हुआ। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना में घायलों की मदद करने और समय रहते अस्पताल पहुंचाने के लिए पुलिस की तत्परता की सराहना की।

### कृषक गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने दिए पराली कीट व जैविक खेती के गुर

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के कार्यालय पर आयोजित कृषक गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और विशेषज्ञों से खेती से जुड़े सवालों पर चर्चा की। कृषि विज्ञान केंद्र नियामतपुर के वैज्ञानिक डॉ. एन.सी. गुप्ता ने पराली प्रबंधन पर जानकारी देते हुए कहा कि किसान धान एवं गेहूं के फसल अवशेषों को जलाने के बजाय मल्चर की सहायता से खेत में ही मिला दें। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। वहीं डॉ. एच.एच. खान ने कीट प्रबंधन पर बोलते हुए किसानों को खेतों में फसल की ऊंचाई से अधिक ऊंचे पक्षी बैठने के स्थान बनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि पक्षी खेतों में हानिकारक कीटों को खाकर उनकी संख्या नियंत्रित करते हैं, जिससे फसलों को रोगों और नुकसान से बचाया जा सकता है। डॉ. गौरव शर्मा ने जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि किसान ढैंचा की फसल बोकर हरी खाद का प्रयोग करें तथा गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट और नाडेप कम्पोस्ट का उपयोग कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाएं। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी। मुकेश दीक्षित ने आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए समूह में खेती, नियमित निगरानी एवं सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था पर बल दिया। गोष्ठी में राजकुमार, विजय अवस्थी, छुटकाई लाल, श्याम किशोर, अशोक सिंह, रिंकू राठौर, रामखिलावन, रणधीर सिंह, रामसागर, दिनेश मौर्य, प्रमोद सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

### रोशनलाल ने स्वच्छता का चलाया अभियान

**पुवायां, शाहजहांपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पुवायां में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति के तहसील प्रभारी रोशन लाल गौतम ने नगर के सभी लोगों से मिलकर नगर को स्वच्छ रखने की अपील की। शनिवार को उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति के तहसील प्रभारी रोशन लाल गौतम ने नगरवासियों से मिलकर लोगों से नगर को स्वच्छ बनाने की अपील की उन्होंने ने कहा कि एक तरफ भारत सरकार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अभियान चला रही है। लेकिन कुछ लोग इस अभियान को ठेंगा दिखाकर सड़क व मकानों के पास गंदगी फैलाने का काम कर रहे है। जो की गलत है लोगों से अपील है कि अपना घर, गाली, गांव व शहर साफ सुधरा रखें।

# निष्पक्ष पत्रकारिता से समाज को मिलती है दिशाः विधायक अरविंद सिंह

- पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकार हुए सम्मानित




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है। पत्रकार समाज की आंख, कान और आवाज होता है, जो जनभावनाओं, समस्याओं और मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का संकलन और प्रकाशन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का एक सशक्त माध्यम है। वर्तमान समय में पत्रकारों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है तथा उन्हें निष्पक्षता, विश्वसनीयता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। विधायक अरविंद सिंह उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित वैचारिक संगोष्ठी, सम्मान समारोह एवं काव्य फुहार कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया, जिसमें पत्रकारों, साहित्यकारों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए किया गया। इस अवसर पर आयोजित वैचारिक संगोष्ठी में वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों, पत्रकारों की भूमिका और बदलते मीडिया परिदृश्य पर विस्तार से अपने विचार रखे। उपजा के जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है, जिसे पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निभाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज और व्यवस्था के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। पत्रकारों की लेखनी में समाज को नई दिशा देने की शक्ति होती है, इसलिए पत्रकारों को सदैव सत्य और तथ्य के आधार पर कार्य करना चाहिए। जिला महासचिव पंकज सक्सेना ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का इतिहास संघर्ष, साहस और जनजागरण से भरा हुआ है। पत्रकारों ने हर दौर में समाज को नई सोच और नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में पत्रकारिता के स्वरूप में बदलाव आया है, लेकिन पत्रकारिता के मूल मूल्य आज भी वही हैं, जिन्हें बनाए रखना आवश्यक है। वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इरफान ने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य आमजन की आवाज को बुलंद करना और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। पत्रकारों को निष्पक्ष और निर्भीक होकर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। ओंकार मनीषी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने पत्रकारिता और साहित्य के गहरे संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों ही समाज को जागरूक और संवेदनशील बनाने का कार्य करते हैं।

बलराम शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता और साहित्य विचारों की शक्ति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से सामाजिक और मानवीय सरोकारों से जुड़े विषयों को प्रमुखता देने का आह्वान किया।

संगोष्ठी के उपरांत आयोजित काव्य फुहार में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुमन पाठक ने अपनी कविताओं के माध्यम से सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया। अजय अवस्थी ने समसामयिक विषयों पर आधारित रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। कौशलेंद्र मिश्र ने अपनी काव्य प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। फैसल फैज ने गजल और नज्मों के माध्यम से साहित्यिक रंग बिखेरे, जबकि पीयूष शर्मा ने अपनी ओजपूर्ण और भावपूर्ण प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं। कवियों की प्रस्तुतियों को उपस्थित श्रोताओं ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश मिश्र ने किया। उन्होंने अपनी सहज, प्रभावशाली और रोचक संचालन शैली से पूरे कार्यक्रम को गरिमामय बनाए रखा। विभिन्न सत्रों के दौरान उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के महत्व तथा साहित्य और पत्रकारिता के पारस्परिक संबंधों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर संगठन विस्तार की घोषणा करते हुए उपजा जिला इकाई में सक्रिय योगदान को देखते हुए फैसल फैज को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा महमूद खान को जिला सचिव मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया।

## सड़क पर वाहन खड़े तो चालान, बिना पार्किंग अस्पतालों पर क्यों मेहरबान

- तीमारदारों पर डंडा, अस्पतालों पर दुलार, अतिक्रमण हटाओ अभियान पर सवाल



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** शहर में इन दिनों अतिक्रमण हटाने का अभियान सुचारू रूप से चल रहा है। खासकर कनौजिया अस्पताल से लेकर कच्चा कटरा तक पुलिस और प्रशासन की सक्रियता साफ नजर आ रही है। सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लगातार चालान किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान अस्पतालों के बाहर खड़े वाहनों को निशाना बनाया जा रहा है। इलाज के लिए आने वाले मरीजों के साथ पहुंचे तीमारदारों के वाहनों पर पुलिस का हंटर चल रहा है। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को उठानी पड़ रही है, जो मजबूरी में अस्पताल आते हैं और वाहन खड़ा करने के लिए जगह नहीं मिलती। स्थिति यह है कि कई अस्पतालों के बाहर नियमित रूप से वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। कच्चा कटरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि कार्रवाई केवल वाहनों तक ही सीमित क्यों है। उन अस्पताल संचालकों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही, जिन्होंने भवन तो खड़ा कर लिया, लेकिन पार्किंग की व्यवस्था नहीं की। तीमारदारों का कहना है कि जब अस्पताल में पार्किंग की सुविधा ही नहीं होगी तो मरीज और तीमारदार अपने वाहन कहां खड़े करेंगे।

## तालाब व नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

- भू-माफियाओं व हल्का लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप



**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** तहसील पुवायाँ के अंतर्गत आने वाले ग्राम धरमंगदपुर बुजुर्ग में सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जे का एक मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र सौंपकर गाँव के ही कुछ दबंगों पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाब और नवीन परती की भूमि पर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि इस अवैध कब्जे में स्थानीय हल्का लेखपाल के भी शामिल होने का आरोप लगा है। बंडा के गांव धरमंगदपुर बुजुर्ग निवासी अनुज कुमार, लाल सिंह, विमलेश कुमार, पृथ्वीराज, हुकुमचंद, बालकृष्ण वेस्ट, दीपक कुशवाहा, विजय कुमार, प्रीति देवी, अतुल कुशवाहा, जसवीर कुमार, दीपचन्द, हरी शंकर, रामनाथ, सत्यवीर सिंह, भवानी लाल, प्रियांशु कुशवाहा, सुनील, आशीष, प्रदीप कुमार, अखिलेश, अवधेश कुमार, बलवीर, मुनीश कुमार, शिवराम सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम पुवायां को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव की गाटा संख्या 180 रकबा 0.380 हेक्टेयर राजस्व सरकारी अभिलेखों में सार्वजनिक तालाब के रूप में दर्ज है।

## पांच कुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ की श्रद्धालुओं ने की यज्ञ स्थल की परिक्रमा

- सती-सावित्री आदि लीलाओं का हुआ मंचन, आज पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा



**समृद्धि न्यूज़, बंडा, शाहजहांपुर।** गांव अल्हादादपुर में चल रहे सात दिवसीय पांच कुण्डीय छठे श्री विष्णु महायज्ञ में छठे दिन दर्जनों श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा की। वृंदावन की सुंदर सांवरिया रासलीला मंडली के कलाकारों द्वारा सती-सावित्री आदि लीलाओं का मंचन किया गया। जिसमें दर्शक भावविभोर हो गए। क्षेत्र के गांव अल्हादादपुर में ब्रह्मलीन महंत बाबा हीरादास महाराज स्थल पर कार्यक्रम के संरक्षक एवं पूरनपुर श्रीराम जानकी मन्दिर के महंत बाबा राघवदास के नेतृत्व में 25 मई से कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय पांच कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ शुरू हुआ था। पीलीभीत जिले के गांव कबीरपुर कसगंजा के यज्ञाचार्य पंडित शिवम बाजपेई ने महायज्ञ में आने वाले सभी भक्तों से प्रतिदिन 11 हजार आहुतियां दिलवा रहे हैं। सैकड़ों भक्त रोजाना यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। कार्यक्रम के सरंक्षक महंत बाबा राघवदास ने बताया कि सुबह 8 से 12 पूजन, यज्ञ एवं आहुतियां, अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक रामकथा, रामलीला तथा शाम 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक रासलीला का मंचन किया जाता है। कबीरपुर कसगंजा से पधारे पंडित शिवम बाजपेई प्रतिदिन भक्तों को प्रवचन सुना रहे हैं। उन्होंने बताया कि कर्म से ही ज्ञान बैराग्य, मुक्ति का सच्चा ठिकाना मिलता है। संत भी बिना कर्म किए रह नहीं सकते। संरक्षक महंत बाबा राघवदास ने बताया कि श्री विष्णु महायज्ञ का समापन 31 मई को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। धार्मिक समारोह में दर्जनों गांवों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महायज्ञ में हिस्सा लिया। धार्मिक समारोह में महंत बाबा राघवदास, बेंचेलाल, फकीरे लाल, लालबहादुर, भिखारी लाल, आकाश, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, रंजीत सिंह, ओमप्रकाश वर्मा, आशाराम, सोहनलाल, राजकुमार, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, धर्मेन्द्र सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## हनुमान गली द्वार पर भक्तों ने वितरित किया शीतल शरबत



**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच शनिवार को नगर के मोहल्ला हनुमान गली में श्रद्धालुओं द्वारा राहगीरों के लिए शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हनुमान गली द्वार पर सुबह से शुरू हुआ यह सेवा कार्य दोपहर तक लगातार चलता रहा। कार्यक्रम के दौरान आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडा एवं शीतल शरबत पिलाया गया। भीषण गर्मी में शरबत प्राप्त कर राहगीरों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयोजकों के इस जनसेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, सभासद बालकृष्ण, पुष्पेंद्र शर्मा, अमित सिंह चैहान, विनय त्रिवेदी, पप्पू सिंह, अनुज सिंह सहित मोहल्ले के अन्य लोगों एवं युवाओं ने सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समापन श्रद्धालुओं द्वारा सभी के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना के साथ किया गया।

## सांसद ने शोक संतप्त परिवारों के आवास पहुंचकर व्यक्त की गहरी संवेदना



**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** सांसद अरुण सागर ने दिवंगतों के परिवारों से मिलकर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। घ्सांसद अरुण सागर सबसे पहले स्व. राम प्रताप सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। इसके उपरांत, उन्होंने अधिवक्ता आनंद सिंह के आवास पर जाकर उनकी पूजनीय माता जी के निधन पर गहरा दुख जताया। सांसद ने पत्रकार विमल गुप्ता के आवास का भी रुख किया, जहाँ उन्होंने उनके छोटे भाई के आकस्मिक और असामयिक निधन पर शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। घ्इस दौरान सांसद अरुण सागर ने कहा कि अपनों को खोने का दुख असहनीय होता है। दुःख की इस घड़ी में वे और पूरी पार्टी शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ी है। घ्इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, समाज सेवी और राजनीतिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आंबेडकर प्रतिमा पर अशोभनीय माला डालने पर हुआ हंगामा

- एसडीएम ने स्वयं गलत सामग्री को उतार फेंका
- कोतवाल प्रिंस शर्मा की सूझ बूझ से तीन घंटे में ही पकड़ा गया आरोपी



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** आंबेडकर प्रतिमा पर अशोभनीय कृत्य किए जाने पर समर्थकों ने जमकर हंगामा किया । एसडीएम व सीओ ने मौके पर पहुंचकर प्रतिमा से आपत्ति जनक वस्तु को साफ कराकर माल्यार्पण कराया । और आक्रोशित भीड़ को शांत कराया। उधर सीसीटीवी कैमरे के जरिए कोतवाल प्रिंस शर्मा की सूझ बूझ के चलते कुछ घंटों में ही आरोपी को धर दबोचा गया। शनिवार सुबह बिरियागंज स्थित अंबेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अशोभनीय तरीके से किए गए माल्यार्पण के चलते लोगों में रोष पनप गया। और देखते ही देखते पार्क में भारी भीड़ जमा हो गई । सूचना मिलते ही कोतवाल प्रिंस शर्मा, सीओ इशिका सिंह व एसडीएम जीत सिंह राय भरी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। एसडीएम ने स्वयं प्रतिमा से अशोभनीय माला को उतार फेंका। आनन फानन ने पालिका स्टाफ ने प्रतिमा स्थल को साफ कराकर माल्यार्पण किया। उधर संज्ञान होते ही एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे मौके पर पहुंचीं और स्थिति की नाजुकता को भांपते हुए पुलिस को सीसीटीवी कैमरों को खंगालबाया। जिसके आधार पर टाइम गठित कर घिनौना कृत्य करने वाले आरोपी को धर पकड़ने की कोशिश कुछ ही घंटों में सफल हो गई। पुलिस ने गुरगवां कॉलोनी निवासी प्रेमपाल मौर्य को गिरफ्तार कर लिया। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान अध्यक्ष की संजीव कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इस घटना के पीछे किसी मास्टर माइंड की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## कूलिंग रूम के पास ऊंचा झूला, हादसा तो जिम्मेदार कौन

- आंधी, बारिश का अलर्ट, प्रशासन हरकत में, जांच को जाएगी टीम



**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।** जहां एक ओर मौसम विभाग एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लगातार जनपद में अलर्ट जारी कर आंधी- तूफान की चेतावनी दे रहा है। वही शहर के मुख्य भीड़भाड़ वाले खिरनीबाग चैराहा के पास राजकीय इंटर कालेज के मैदान में लगी नुमाइश के झूलों को लेकर बड़ा प्रश्न चिन्ह बना हुआ है। क्योंकि झूलों की चैराहा से कोई भी दूरी नहीं है और सबसे खास बात है कि झूलों के पास नगर निगम के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए अभी हाल ही में कूलिंग रूम बनवाए गए है। जहां पर राहगीरों के रूकने की व्यस्वस्था की गयी है और यहां पर राहगीर रूकते भी हैं ऐसे में अगर कोई हादसा हो जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा। खिरनी बाग मैदान में नुमाइश लगायी गयी हैं। जहां पर शहर से बड़ी संख्या में लोग नुमाइश को देखने के लिए आते हैं, लेकिन यह नुमाइश शुरू से ही विवादों में घिर गयी। जहां पर नुमाइश में जल परी को लेकर लोगों के अंदर रोष हैं और सोशल मीडिया पर यह रोष दिखाई दिया। तो वहीं भीड़भाड़ वाले इलाके में लगे ऊंचे झूले से हादसे की आंशका बनी हुई हैं। क्योंकि लगातार मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया जा रहा है कि आंधी, बारिश में सुरक्षित रहें, लेकिन जहां पर यह झूला लगाया गया है वह भीड़भाड़ वाला इलाका है और यहां पर खिरनी बाग चैराहे पर रेड लाइट सिग्नल भी लगे हुए हैं, जहां पर लोग रूकते भी हैं। जिससे यह झूला आंधी में हादसे का कारण बन सकता हैं, हालांकि झूला बंद चल रहा हैं, लेकिन इसे झूले की ऊंचाई अधिक होने से खतरा बना हुआ हैं। सबसे खास बात है कि झूलों के पास नगर निगम के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए अभी हाल ही में कूलिंग रूम बनवाए गए है। जहां पर राहगीरों के रूकने की व्यस्वस्था की गयी है और यहां पर राहगीर रूकते भी हैं ऐसे में अगर कोई हादसा हो जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा। हालांकि प्रशासन की ओर से इसपर संज्ञान लिया गया, लेकिन अब देखना यह होगा कि झूले को लेकर प्रशासन क्या निर्णय लेता हैं।

## वरिष्ठ नागरिक योग शिविर का हुआ समापन



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में खिरनी बाग स्थित बिस्मिल उद्यान में चल रहे वरिष्ठ नागरिक योग शिविर का आज समापन हो गया। समापन समारोह का शुभारंभ जिला प्रधान डा. अवधेश मणि त्रिपाठी, जीसी मिश्रा व ललित मोहन ने दीप प्रज्ज्वलन व अमर बलिदानी पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उप प्रधान जीसी मिश्रा के नेतृत्व में संचालित योग शिविर में योग प्रशिक्षक ज्योति गुप्ता, विपिन रस्तोगी, सौरभ गोयल, गीता पांडेय, रचना चांदना, तेजवीर गुप्ता, जवाहर लाल रस्तोगी ने सूर्य नमस्कार, मण्डूक आसन, सिंहासन, ताड़ासन, नावासन आदि आसनों का अभ्यास कराया गया। प्राणायाम के अन्तर्गत कपाल भाती, अनुलोम विलोम व ध्यान का अभ्यास कराया गया।

## खबरें एक नजर में

### पूरनपुर में जेसीबी और डंपरो से खनन, सीएम और डीएम का आदेश बेअसर




**समृद्धि न्यूज़, पूरनपुर।** मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में अवैधरूप से खनन की लगातर मिल रही शिकायतों पर नाराजगी जताई थी । मुख्यमंत्री ने जिले के अधिकारियों को अवैधरूप से होने वाले खनन पर रोक लगाने के सख्त आदेश दिये थे लेकिन मुख्यमंत्री के अवैध रूप से खनन पर पाबंदी लगाने के आदेश के बाद भी पूरनपुर में धड़ल्ले से खनन के नियमों को ताक पर रखकर खनन जारी है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद दो तीन दिनों तक खनन पर पाबंदी लगी रही लेकिन समय बीतते ही खनन फिर से शुरू हो गया है। चर्चा हो रही है कि पूरनपुर तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से फिर से खनन का धंधा शुरू हो गया है। अब सवाल है कि क्या ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी डालने वाले लोगों पर ही पाबंदी लगेगी। जेसीबी और डंपरों से खनन करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। पीलीभीत जिले के पूरनपुर तहसील क्षेत्र में अवैधरूप से खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव तकिया दीनारपुर के पास से जेसीबी मशीन से खेत से मिट्टी खुदाई कर पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव गजरौला जपती में राइस मिल में दिन दहाड़े दर्जनों डंपरों से मिट्टी का पटान होता रहा। दिन के समय मिट्टी से भरे डंमपर सड़कों पर फर्राटा भरते रहे लेकिन इसके बाद भी पूरनपुर तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के अभेद रूप से खनन पर रोक लगाया जाने के आदेश के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने सिर्फ अन लोगों पर करवाई की है जिन्हें गांव में मिट्टी की आवश्यकता थी जो लोग मिट्टी का व्यापार नहीं करते थे उन्हीं पर रोक लगाई गई है जो लोग जेसीबी मशीन और डंमपर लगाकर व्यापार कर रहे हैं उन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है या यूं कहें की मिलीभगत के चलते उन्हें खुला संरक्षण दे दिया गया है। **खनन करने वाले तहसील से लेकर जिले तक पहुंचा रहे मिठाई तो कौन करे कार्रवाई?** पूरनपुर तहसील क्षेत्र में अवैधरूप रूप से खनन करने के कई मामले प्रकाश में आ चूके हैं शिकायत के बाद अधिकारियों के द्वारा अधिकांश मामलों में खानापूर्ति की गई है । गांव जटपुरा के अभेद खन पर पीलीभीत फाइनेंस इंस्पेक्टर ने करवाई करते हुए जेसीबी मशीन जब्त की थी खाना इंस्पेक्टर की आईएस कार्य के बाद फिर से खनन होने पर पूरनपुर तहसीलदार से शिकायत की गई तहसीलदार से शिकायत होती ही खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गए अब सवाल है की तहसीलदार से खनन की शिकायत की जानकारी खनन करने वालों को कैसे लगी अधिकारियों के मौके पर आने से पहले ही खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्राली लेकर कैसे फरार हो गए क्या खनन करने वालों के तार अधिकारियों तक फैले हैं फिलहाल ये जांच का विषय है। लोगों का कहना है की खनन करने वाले पूरनपुर तहसील से लेकर जिला स्तर तक मिठाई भेज रहे हैं।

### पूरनपुर पूर्ति निरीक्षक की मनमानी हाबी अनुपस्थिति से जनसमस्याएं बढ़ रही




**पीलीभीत।** पूर्ति विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी खुद ही गायब रह रहे हैं, तो आम जनता की समस्याओं का समाधान कैसे होगा? यह सवाल पूरनपुर तहसील के लोगों के मन में घर कर गया है।तहसील में तैनात पूर्ति निरीक्षक बृजेश कुमार पर पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें पूरनपुर से पहले हटा भी दिया गया था, लेकिन कुछ ही समय बाद उन्हें दोबारा इसी पद पर बहाल कर दिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बृजेश कुमार की मनमानी अब भी जारी है। प्रतिदिन पूर्ति कार्यालय पहुंचने वाले राशन कार्ड धारक, डीलर और आम नागरिकों ने बताया कि निरीक्षक नियमित रूप से समय पर कार्यालय नहीं आते। परिणामस्वरूप राशन वितरण, शिकायतों का निस्तारण और अन्य जरूरी कार्य लंबित पड़े रहते हैं। एक स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 'हम सुबह से इंतजार करते हैं, लेकिन अधिकारी आते ही नहीं हैं। अगर आ भी जाते हैं तो देर से और जल्दी चले जाते हैं। मुख्यमंत्री जी का साफ आदेश है कि सभी अधिकारी समय पर दफ्तर पहुंचें, लेकिन यहां इस आदेश का कोई असर नजर नहीं आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, बृजेश कुमार पर पहले भी अनियमितताओं, रिश्वतखोरी और मनमानी के आरोप लगे थे, जिनके चलते उन्हें स्थानांतरित किया गया था। फिर भी उनकी वापसी ने स्थानीय स्तर पर नाराजगी बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि दोबारा पोस्टिंग के बाद भी उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है। पूरनपुर तहसील के खाद्य एवं रसद विभाग से जुड़े कार्यों में लगातार हो रही देरी के कारण पात्र लाभार्थी परेशान हैं। राशन की उपलब्धता, नई लिस्टिंग, शिकायत निवारण जैसे बुनियादी काम प्रभावित हो रहे हैं।

### भीषण गर्मी में महिला चिकित्सालय का फ्रीजर बना शोपीस

**पूरनपुर।** कड़ाके की गर्मी में जहां मरीजों को ठंडे पानी की सबसे ज्यादा



जरूरत होती है, वहां पूरनपुर महिला चिकित्सालय में लगा फ्रीजर लंबे समय से खराब पड़ा है और शोपीस बनकर रह गया है। मरीजों की सुविधा के लिए लगाए गए इस फ्रीजर की खराबी पर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को कोई फिक्र नहीं है।महिला चिकित्सालय के निर्माण के बाद इलाज शुरू होने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल के मुख्य द्वार पर फ्रीजर की व्यवस्था की थी। इसका उद्देश्य था कि गर्मी में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को ठंडा पानी मिल सके और उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े। लेकिन फ्रीजर लगने के कुछ समय बाद ही खराब हो गया और अब कई दिनों से बंद पड़ा है।मरीजों की परेशानीअस्पताल पहुंचने वाले मरीजों ने बताया कि भीषण गर्मी में पानी के लिए उन्हें आसपास के दुकानों या अन्य जगहों पर जाना पड़ रहा है। एक महिला मरीज के परिजन ने कहा, 'गर्मी इतनी तेज है कि बच्चे और बुजुर्ग बेहाल हो रहे हैं। फ्रीजर लगा है तो है, लेकिन काम नहीं कर रहा। हम बार-बार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। 'स्थानीय लोगों का आरोप है।

# पुतला फूंकने जा रहे छात्रों से पुलिस ने की बदसलूकी सीओ से शिकायत

समृद्धि न्यूज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर बदसलूकी और अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की।

शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा ने आरएमएल इंस्टिट्यूट फार्मेसी कॉलेज बड़ागांव मैं शुक्रवार को बिहार के रोहतास जिले के नई बस्तीपुर निवासी अजय राज पुत्र विनोद उम्र 24 वर्ष का सब फंदे से लटकता हुआ सेकंड फ्लोर के कमरा नंबर चार में मिला था। सूचना पर इंस्पेक्टर और सीईओ घटनास्थल पर पहुंचे थे उसके बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची थी और उसने घटना स्थल की जांच पड़ताल की । जिस



मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन का पुतला दहन करने जा रहे थे तभी रास्ते में ही पुलिस को भनक लगी पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया इस बीच छात्रों की काफी तीखी नोंक झोंक हुई। उन्होंने पुलिस के खिलाफ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जानकारी पाकर को प्रवीण मलिक कोतवाली पहुंचे उन्होंने छात्रों को काफी समझाया इसके बाद छात्रों ने प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह संगठन के नगर मंत्री कौशल मिश्रा और बहन उपासना तथा अन्य कार्यकर्ताओं के साथ आर एम एल इंस्टीट्यूट कॉलेज में एक दिन पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले छात्र को न्याय दिलाए जाने को लेकर शांति पूर्वक पुतला दहन करने जा रहे थे। जिससे छात्र के परिजनों को न्याय मिल सके। लेकिन रास्ते में ही कुछ पुलिसकर्मियों ने कार्यकर्ताओं को रोक लिया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।

जिसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। और कहा कि हमारा संगठन छात्र न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करता है और करता रहेगा। सीओ ने इस मामले में जांच करा कर कार्रवाई का भरोसा दिया।

## महीने भर में ही टूटी नाली जांच के घेरे में सचिव



समृद्धि न्यूज

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** ग्राम नौगम गोविंदपुर में पंचायत द्वारा कराए गए नाली निर्माण कार्य ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। लाखों रुपये की लागत से बनी नाली एक महीना भी पूरा नहीं कर सकी और जगह-जगह से टूटकर बिखर गई। निर्माण की बदहाली देखकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव की कार्यशैली और निगरानी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई। घटिया ईट और मानक से कम सीमेंट का प्रयोग कर केवल सरकारी धन की खानापूर्ति की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव ने मौके पर कभी गंभीरता से निरीक्षण नहीं किया, जिसके चलते ठेकेदार और पंचायत स्तर पर मिलीभगत से यह घटिया निर्माण कराया गया। मामला तूल पकड़ने पर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि नाली निर्माण का तकनीकी परीक्षण कराया जाए और सचिव की भूमिका की जांच करते हुए दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों ने सरकारी धन के दुरुपयोग की रिकवरी करने की भी मांग उठाई है।

## भंडारे का किया गया आयोजन

**कुर्रियां कलां, शाहजहांपुर।** गांव के पुलिया चौराहा के पास माता रानी का भंडारा मेला संरक्षक ठाकुर सोनपाल सिंह के द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें कन्या भोज के बाद ग्रामवासियों ने माता रानी के भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। पत्रकार अरविंद कुमार सिंह व उनके पुत्र कुंवर शिव प्रताप सिंह ने प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सिंह, अमरेश कुमार सिंह, प्रभाकर सिंह, वीर प्रताप सिंह, दीपक सिंह, संजय सिंह, संजय तिवारी, शिव सिंह, मुन्नू तोमर, मोनू पांडे, संजीव कुमार सिंह आदि का सहयोग रहा।

## छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण व कचरा प्रबंधन विषय पर दी जानकारियां

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन लाइफ ( पर्यावरण के लिए जीवनशैली) के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन विषय पर व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई अधिकारी अनुराधा एवं द्वितीय इकाई अधिकारी पारुल यादव के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ता के रूप में महाविद्यालय के पर्यावरण विभाग के डॉ. उमेश भारती ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं-सेविकाओं व अन्य सभी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण व कचरा प्रबंधन विषय पर महत्वपूर्ण



तथ्यों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को नीम, जामुन, अमलताश, मोरिंगा, आम आदि वृक्षों के गुणकारी और औषधीय विशेषताओं के बारे में बताया। स्वास्थ्य के लिए इनकी उपयोगिता, पर्यावरण को शुद्ध रखने व जल के संरक्षण आदि के बारे में जानकारी देते हुए इन वृक्षों को अपने घरों के आस पास लगाने व अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही पर्यावरण प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कारकों से अवगत कराया एवं घरों से निकलने वाले कूड़ा - कचरे का प्रयोग किस प्रकार खाद आदि के रूप में किया जाए इसके बारे में भी बताया। प्रो. दुर्गावती सिंह ने महाविद्यालय की छात्राओं को कहा कि किसी विशेष अवसर पर जैसे कि अपने जन्मदिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए एक वृक्ष लगाने का संकल्प लें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर ऐप्जा द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

- **महेश द्विवेदी संरक्षक, सचिन चैहान अध्यक्ष, मुकेश कठेरिया महामंत्री नियुक्त**

समृद्धि न्यूज

**मदनापुर, शाहजहांपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के शुभ अवसर पर 30 मई को ब्लॉक मदनापुर स्थित एक लान में ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए पत्रकार सम्मान समारोह और मदनापुर ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम में जिले से पहुंचे पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष अरविन्द त्रिपाठी, सदर तहसील



अध्यक्ष हरिहरनाथ मिश्रा, जिला महासचिव रिजवान खाँ का उपस्थित पत्रकारों ने फूलमाला पहनकर भव्य स्वागत और सम्मान किया। अतिथियों ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चैथा स्तंभ है और समाज को सही दिशा देने में पत्रकारों की अहम भूमिका होती है, उन्होंने पत्रकारों से निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहितकारी पत्रकारिता करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मदनापुर ब्लॉक इकाई का गठन किया गया, संगठन की नई कार्यकारिणी में महेश द्विवेदी को संरक्षक, सचिन सिंह चैहान को ब्लॉक अध्यक्ष, मुकेश कठेरिया को महामंत्री, गुरविंदर सिंह को महासचिव तथा गणेश बाबू गौतम को ब्लॉक मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

इसके अतिरिक्त ब्लॉक कार्यकारिणी में नरेंद्र सिंह उर्फ हिटलर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तारेश शर्मा को उपाध्यक्ष, मुकेश शर्मा को सचिव तथा ब्रजेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अन्य कई सदस्यों को भी विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।

## प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किसानों का होगा चयनः पुनीत

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना राज्य सेक्टर के अन्तर्गत संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम एवं मशीनीकरण कार्यक्रम यथा ट्रैक्टर, पॉवर ट्रिलर, पॉवर नैपसेक स्प्रेयर हेतु लक्ष्य प्राप्त हो चुके है। जानकारी देते हुए उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि शाकभाजी एवं मशीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने के किसानों को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन हेतु भू अभिलेख, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र ,अनुसूचित जाति-जनजाति कृषकों की छायाप्रति, पासपोर्ट फोटोग्राफ एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। साथ ही मशीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत उपरोक्त प्रपत्रों के अतिरिक्त क्रय किये जाने वाले कृषि यन्त्र- उपकरण की कोटेशन, बैंक स्टेटमेन्ट जिसमें कृषि यन्त्र क्रय किए जाने हेतु उपकरण की लागत के अनुसार धनराशि की उपलब्धता हो भी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक हो। उक्त प्रपत्रों को निदेशालय उद्यान विभाग लखनऊ में स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाएगा, जिसमें प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किसानों का चयन किया जाएगा।

सभी किसानों से अनुरोध है कि योजना का लाभ प्राप्त करने तथा योजना की विस्तृत जानकारी हेतु जिला उद्यान अधिकारी के मोबाइल नंबर 9151066860 अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय जिना उद्यान अधिकारी भूतल विकास भवन में सम्पर्क कर सकते है।

## विधायक के प्रस्ताव पर कांट से महमदपुर आजमाबाद तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य शुरू

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।

कांट से महमदपुर आजमाबाद तक 6.40 किलोमीटर मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढीकरण से न सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दर्जनों गांव से जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालय तक किसानों एवं अन्य को भारी सहूलियत मिलेगी। विधायक अरविंद सिंह द्वारा शासन को भेजे गए प्रस्ताव के मुताबिक कांट से महमदपुर आजमाबाद तक 6.40 किलोमीटर जिला मार्ग की स्वीकृत धनराशि 1293.88 लाख मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू



जिससे पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा।

यह मार्ग वर्तमान 3.45 मी की चैड़ाई का मार्ग है, जब कि जिला मार्ग द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने के वाद यह मार्ग साढ़े पांच मीटर चैड़ाई का बनेगा। इस मार्ग से पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। वहीं इस 6.40 किलोमीटर के एरिया में अभायन कपूरपुर, बहलोलपुर एवं नानकपुर अख्तियारपुर बघौरा महमदपुर आजमाबाद के लिंक मार्गों पर जितने भी गांव है।

उनसे गन्ना किसानों एवं अन्य किसानों के अलावा क्षेत्र के बड़ी तादाद में लोगों को आवागमन में आसानी होगी।

कांट से महमदपुर आजमाबाद तक सड़क के चैड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का प्रस्ताव अति शीघ्र मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत किया गया।

## एक्शनः अवैध होर्डिंग्स पर कसेगा शिकंजा, तीन दिन का अल्टीमेटम

- **अनाधिकृत होर्डिंग-बैनर वालों को नोटिस जारीः नगरायुक्त**

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** शहर में अनाधिकृत रुप से होर्डिंग बैनर लगाने वालों की अब खैर नहीं है। क्योंकि यह होर्डिंग बैनर आए दिन हादसे को दावत देते हैं, जब आंधी-बारिश आती है तो खतरा और बढ़ जाता है। शहर क्षेत्र में तमाम जगहों पर लगे अनाधिकृत होर्डिंग, बैनर व फ्रेम को हटाने के



लिए नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी के निर्देश पर नगर निगम ने कार्यवाही को कमर कस ली है। नगर निगम अधिकारियों ने अनाधिकृत होर्डिंग लगाने वालों को चेताया है कि महानगर के क्षेत्रान्तर्गत अवैध रूप से लगे होर्डिंग बैनर इत्यादि लोहे के फ्रेम सहित तीन दिवस में स्वयं हटा लें, अन्यथा नगर निगम द्वारा स्वयं अवैध होर्डिंग बैनर, लोहे के फेम इत्यादि हटवाकर जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी तथा संबंधित पर जुर्माना भी अधिरोपित किया जाएगा। नगरायुक्त ने बताया कि जो भी लोग शहर की शोभा बिगाड़ रहे और नगर निगम की बगैर परमीशन होर्डिंग बैनर लगा रहे हैं। उनको चिंहित कर नोटिस भेजा गया है। जिसमें तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके बाद सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## केंद्र सरकार सख्त, इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे 15 किमी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र में अनाधिकृत कब्जे और अतिक्रमण को लेकर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर ने शासन के निर्देशों के क्रम में सीमा क्षेत्र में गंभीरता से अतिक्रमण चिन्हित कर हटवाने के आदेश जारी किए हैं। इसके लिए एक समिति का गठन कर केंद्र व शासन के आदेशों का पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा गया है। 15 किमी क्षेत्र चिन्हित भारत-नेपाल सीमा से सटे जिले के क्षेत्र में करीब 15 किलोमीटर के दायरे को विशेष रूप से चिन्हित किया गया है। नो मेन्स लैंड और जीरो लाइन से लेकर अंतरराष्ट्रीय सीमा के अंदर 0 से 15 किमी तक की सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को हटाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/फील्ड डायरेक्टर पी.पी. सिंह ने स्पष्ट किया है कि यदि अतिक्रमण की कोई रिपोर्ट मिलने पर लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।डीएम की अध्यक्षता में बैठक होगी केंद्र सरकार के निर्देशों पर त्वरित अमल सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी (डीएम) की अध्यक्षता में अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में फौरी कार्ययोजना तैयार कर रिपोर्ट केंद्र को भेजी जाएगी।इन क्षेत्रों पर विशेष नजर

निर्देशों में विशेष रूप से रामनगरा, गुन्हान, मझारा और वीरखेड़ा क्षेत्रों का उल्लेख किया गया है। अतिक्रमण हटाने से पहले इन क्षेत्रों में संयुक्त सीमांकन और संयुक्त सर्वे कराया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट प्रभागीय वनाधिकारियों को सौंपी जाएगी, जिसके बाद कब्जा मुक्ति की कार्यवाही की जाएगी।वन विभाग के इस सख्त कदम से सीमा क्षेत्र में सरकारी भूमि की सुरक्षा के साथ-साथ वन संरक्षण को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। स्थानीय प्रशासन और वन विभाग अब इस दिशा में तेजी से कार्य करने जा रहे हैं।

## हरियाली उजाड़ रहे लकड़कट्टे, प्रशासन मौन

समृद्धि न्यूज़, सिधौली, शाहजहांपुर।

क्षेत्र में हरियाली को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। सिधौली थाना क्षेत्र के रक्शा गांव में लकड़कट्टों द्वारा एक हरे-भरे आम के पेड़ को काट दिए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया कि गांव के पूर्व प्राथमिक विद्यालय के समीप स्थित यह आम का पेड़ वर्षों से खड़ा था और क्षेत्र की हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को छाया भी प्रदान करता था।

। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत वन विभाग से की। ग्रामीणों का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार लगातार वृक्षारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मामले की सूचना मिलने पर वन विभाग ने घटना का संज्ञान लिया है। वन रेंजर वीरेश राव ने बताया कि अवैध कटान हुआ है। विभाग द्वारा मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई



की जाएगी। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से पेड़ों का कटान होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत बनविभाग को दें।

ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## खबरें एक नजर में

### आंधी-तूफान के बाद पेयजल, विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए टीम गठित

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जनपद में 28 की बीती रात आए तेज आंधी-तूफान एवं खराब मौसम के कारण कई क्षेत्रों में विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर राहत एवं पुनर्स्थापना कार्यों की समीक्षा की तथा युद्धस्तर पर कारवाही हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुविधाओं की बहाली प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी क्षेत्र में विद्युत अथवा पेयजल संकट की स्थिति नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, टूटे तारों एवं अन्य तकनीकी बाधाओं का सर्वेक्षण कार्य तेजी से पूर्ण करते हुए युद्धस्तर पर मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है वहां विद्युत व्यवस्था बहाल करने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान एवं जल निगम को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर लगातार निगरानी बनाए रखें, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें तथा विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति की स्थिति से समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराते रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा की स्थिति में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

### चेन स्नैचिंग का खुलासा पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** कोतवाली उरई पुलिस एवं एसओजी, सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में चेन स्नैचिंग की घटना का अनावरण करते हुए एक शातिर अपराधी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में लूटा गया मंगलसूत्र, एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व संतोष गुप्ता ने कोतवाली उरई में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी माता जी सुबह टहलने के लिए निकली थीं। इसी दौरान माल गोदाम क्षेत्र के पास एक अज्ञात युवक ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया और मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली उरई में मुकदमा संख्या 297/2026 धारा 304 बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार शर्मा तथा कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में घटना के खुलासे और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। जांच के दौरान पुलिस एवं एसओजी, सर्विलांस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध आरोपी करमेर रोड के संपर्क मार्ग पर मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने क्षेत्र की घेराबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार जब टीम ने आरोपी को रोकने का प्रयास किया तो उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा नियंत्रित जवाबी फायरिंग की गई जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहरूख पुत्र सत्तार खां (28 वर्ष) निवासी मोहल्ला तुफैलपुरवा इन्द्रानगर, कोतवाली उरई जनपद जालौन के रूप में हुई है। घायल आरोपी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अलग से अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पूंछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास से बरामद मंगलसूत्र वही है जिसे उसने तीन दिन पूर्व सुबह के समय मालगोदाम के पास एक वृद्ध महिला के गले से झपटकर छीना था। उसने बताया कि वह मंगलसूत्र बेचने की फिराक में था लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार शाहरूख एक शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ उरई एवं माधौगढ़ थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

### गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतरा हिम्मतपुर का आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**रामपुरा (जालौन)।** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर हिम्मतपुर का राष्ट्रीय स्तर की (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) टीम द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण व्यवस्था, मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं तथा अभिलेखों की गहन जांच की गई। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन टीम में डॉ. अरुण त्रिवेदी (सतना), डॉ. अमित पांडेय (लोकनायक हॉस्पिटल, दिल्ली) तथा जिला स्तर से डॉ. अरुण राजपूत (नोडल छफ्नै) शामिल रहे।

# विराज शास्त्री के डीएनए में है समाज सेवाः सतीश महाना

## विधानसभा अध्यक्ष ने फीता काटकर किया आरओ प्लांट का उद्घाटन

**पीएम और सीएम के मिशन को आगे बढ़ा रहा है लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन**



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** सदर विधान सभा के कुसुंभी गांव में लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन द्वारा 35 लाख की लागत से लगाए गए आर ओ प्लांट के उद्घाटन समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री कृष्णा पासवान वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री में शिरकत की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने फीता काट कर आरओ प्लांट का उद्घाटन किया। प्लांट के बारे में फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज शास्त्री ने विस्तार से जानकारी दी। फीता काटने के उपरांत सतीश महाना ने आर ओ प्लांट के शुद्ध जल को गांव की बच्चियों को पिलाते हुए ग्रामीणों का आह्वान किया कि आप लोग आज से इस प्लांट के शुद्ध जल का दैनिक जीवन में उपयोग कर बीमारियों से बच सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आगमन पर फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज शास्त्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सुपुत्र विभाकर शास्त्री ने पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में हज़ारों लोगों की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री जी के अंदर देश के लोगों की सेवा करने का जो जज्बा था वह जज्बा उनके परिवार के अन्दर भी हैं। उन्होंने कहा कि विराज के डीएनए में समाजसेवा करना है। इसीलिए वह अपने पर दादा के नाम से संचालित फाउंडेशन के तहत जिले के लोगों को सेवा कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों का आवाहन करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन को लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन आगे बढ़ा रहा है जो कि तरीफ के काबिल है। फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज शास्त्री ने कहा कि जिले के लोगों से उनके परिवार का 46 वर्षों से नाता है। उनके दादा स्व हरिकृष्ण शास्त्री को जिले के लोगों ने बहुत प्यार दिया। वह दादाजी के सपनों को पूरा करने के लिए फाउंडेशन के माध्यम से समाज सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह यहां राजनीति करने नहीं आए है वह केवल यहां के लोगों की सेवा करना चाहते हैं और इसके लिए राजनीति ही एक माध्यम नहीं है। कई माध्यमों से लोगों की सेवा की जा सकती है।

वही फाउंडेशन के जिला संयोजक डॉ अमित मिश्रा नीटू कार्यक्रम के संयोजक धनंजय द्विवेदी एवं ग्राम प्रधान शिवा ठाकुर ने 51 किलो की माला पहनाकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत किया। सभा में पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई, भाजपा नेता व जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह, अपर्णा सिंह गौतम, महामंत्री पुष्पराज पटेल, पंकज त्रिपाठी, रामप्रताप सिंह गौतम, कमलेश योगी, अनीत अग्रहरि एडवोकेट, रणवीर द्विवेदी, चुन्नू महाराज, योगेश पांडे, आदित्य शुक्ला, दीपू शुक्ला, केदार शुक्ला, प्रेम पासवान, विजय द्विवेदी, अरविंद एडवोकेट, एडवोकेट विवेक अग्रहरि, अरविंद राजपूत, प्रकाश द्विवेदी, जयराज सिंह, आनंद द्विवेदी, लोकखर शुक्ला, जयराज सिंह, निर्मोही उमेश त्रिवेदी, समाजसेवी शिव चंद्र शुक्ला, सुनील गुप्ता सभासद, बृजेश द्विवेदी, कमल लोधी, नरेंद्र गुप्ता, शिवपूजन तिवारी, मुन्ना दुबे, अमन द्विवेदी, शशिकरण सिंह, अखिलेश सिंह, रामशरण पाल, भगोली तिवारी,सर्वेश पांडे, शिवा शुक्ला, सोनू तिवारी, समेत सैकड़ों पदाधिकारी एवं गण आलोक मौजूद रहे।

## थाना पनवाड़ी पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक जनपद शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। उक्त अभियान के अंतर्गत गठित पुलिस टीम, जिसमें उ0नि0 कमल सिंह एवं उ0नि0 सुधीर कुमार द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र मदनपाल राजपूत निवासी ग्राम नकरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा है, जो मु0नं0 2796/2020, सरकार बनाम धर्मेन्द्र राजपूत, अ0सं0 226/2019 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित एनबीडब्ल्यू वारंट में वांछित था। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार अभिरक्षा में लेकर न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0) महोबा के समक्ष पेश किया गया।

## जनपद में बिना पंजीकृत नर्सिंग होम, क्लीनिक, अस्पताल संचालित न होः निधि गुप्ता



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति(शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने स्वास्थ्य से सम्बंधित संचालित योजनाओ व कार्यक्रमो की प्रगति व प्राप्त बजट के सापेक्ष किए गए भुगतान की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के आख्या की पुष्टि की। उन्होंने एसीएमओ को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित पंजीकृत नर्सिंग होम/अस्पतालों की सूची स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को उपलब्ध करा दे एवं समस्त स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र के बिना पंजीकृत नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलॉजी को संचालित न होने दें एवं पंजीकृत नर्सिंग होम/अस्पताल में होने वाले प्रसव की भी रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केन्द्र जो स्वास्थ्य केंद्रों के साथ संबद्ध हेतु शेष रह गये है को जल्द से जल्द सम्बद्ध कराया जाय, जिससे कि गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान क तहत अल्ट्रासाउंड की भी सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि कितने स्टॉप नर्स, एएनएम है कि तैनाती किन केन्द्रों में है एवं स्वास्थ्य केंद्रों कितने पद के सापेक्ष कितने की तैनाती है, कि विस्तृत रिपोर्ट से अवगत कराए। स्वास्थ्य केन्द्र/उप स्वास्थ्य केन्द्र खखरेरू, थरियांव, राधानगर, पक्का तालाब, विनोवा नगर में एचएमआईएस/एलएमआईएस के तहत दवा वितरण की ऑनलाइन फीडिंग की प्रगति कम पाए जाने पर सम्बंधित फार्मासिस्ट व अर्बन एमओवाईसी का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

## स्थलों को सत्यापित कर अधिक से अधिक कराएं वृक्षारोपण : डीएम

**डीएम ने जिला वृक्षारोपण पर्यावरण, जिला गंगा, व जिला वेटलैण्ड समिति की बैठक में दिए सख्त निर्देश**



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वेटलैण्ड समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा देवाशीष जेना द्वारा अगवत कराया गया कि वर्तमान वर्ष 2026-27 में पूरे प्रदेश में शासन के निर्देशानुसार 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है, जिसमें महोबा जनपद में 6906609 पौधों का रोपण वन विभाग व 24 अन्य विभागों द्वारा मिलकर किया जायेगा। वन विभाग द्वारा 3931000 पौधें वन क्षेत्रों में लगाये जायेंगे एवं अन्य विभागों द्वारा 2975609 पौधों का रोपण किया जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी महोबा द्वारा प्रत्येक अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों के गड्ढा खुदान की अब तक की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों द्वारा दिनांक 30 मई 2026 तक 42 प्रतिशत गड्ढा खुदान किया गया है तथा बताया गया कि दिनांक 31 मई 2026 तक गड्ढा खुदान कार्य पूर्ण कराया जाना है। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये गये है कि एक सप्ताह के अन्दर अन्य सभी वृक्षारोपण कार्यदायी विभाग गड्ढा खुदान कार्य में प्रगति लाते हुये गड्ढा खुदान की सूचना प्रभागीय वनाधिकारी महोबा को तत्काल उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी द्वारा आज की बैठक में सर्वप्रथम जिला वेटलैण्ड समिति के कार्यो के अन्दर समीक्षा की गयी, जिस पर प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के अन्तर्गत कीरतसागर, रतन सागर एवं बेलासागर को आद्रभूमि संरक्षण अधिनियम -2017 के अन्तर्गत अधिसूचित किये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर लिये गये है। शीघ्र ही प्रस्ताव सक्षम स्तर को भेजा रहा है। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये कि तालाबों को कब्जामुक्त कराया जाये। साथ ही जनसहभागिता से तालाब खोदे जाने हेतु भी निर्देश दिये गये है। पर्यावरण समिति के अन्तर्गत जिलाधिकारी, महोदया द्वारा टैम्पलेट के अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपशिस्ट का निस्तारण अपशिस्ट प्रबन्ध नियम के अनुसार किये जाने हेतु अधिशाशी अधिकारी, नगर पालिका महोबा को निर्देशित किया गया।

## गोमांस तस्करी में संलिप्त गैंगस्टर के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

**गैंगस्टर एक्ट के तहत 168 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क के आदेश**

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** गोमांस तस्करी एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त गैंगस्टर के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत लगभग 168 करोड़ 13 लाख 32 हजार 600 रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा जिला मजिस्ट्रेट बिजनौर और पुलिस अधीक्षक जालौन की आख्या एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की गई है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अतीक अहमद पुत्र मोहम्मद उमर एवं उसके गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत है। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि गिरोह द्वारा योजनाबद्ध तरीके से गोमांस तस्करी, फर्जी दस्तावेजों एवं अन्य अवैध गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक लाभ अर्जित किया गया तथा उसी अवैध धन से विभिन्न संपत्तियां खरीदी गई। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा जनपद बिजनौर स्थित ग्राम याकूबपुर क्षेत्र में खरीदी गई भूमि तथा निर्मित ओमर इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस का मूल्यांकन कराया गया, जिसमें भूमि एवं भवन का कुल मूल्य लगभग 168.13 करोड़ रुपये आंका गया।

## एसपी ने कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर की विस्तृत समीक्षा

**अपराधियों पर सख्त कार्रवाई एवं सक्रिय पुलिसिंग के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा देर सायं पुलिस लाइन अवस्थित सभागार कक्ष में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं एवं विभिन्न अभियानों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम सैनिक सम्मेलन में पुलिस कर्मियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस बल की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके उपरांत समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर गंभीर अपराधों, लंबित विवेचनाओं, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, अभियानों की प्रगति, गुमशुदाओं की बरामदगी एवं अपराध नियंत्रण संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनाओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। गोष्ठी के दौरान अपराधियों एवं दुराचारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई, ऑपरेशन दहन, आईजीआरएस एवं लंबित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं प्रचलित विभिन्न अभियानों की बिन्दुवार गहन समीक्षा करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही, सक्रिय पुलिसिंग एवं मुखबिर तंत्र को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया । साथ ही अवैध शस्त्र, जुआ, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, गुंडा एक्ट आदि के अंतर्गत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था, डायल-112 हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पुलिस विजिबिलिटी, नियमित गश्त एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। गोष्ठी के अंत में थाना प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटी) निरीक्षक अवधेश मिश्रा को उत्कृष्ट पुलिस कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। निरीक्षक अवधेश मिश्रा द्वारा वर्ष 2024 में पंजीकृत लगभग दो वर्षों से लापता 17 वर्षीय किशोरी को अथक प्रयास एवं सुनियोजित रणनीति के माध्यम से सकुशल बरामद किया गया, जिस पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी अपराध गौरव उपाध्याय सहित समस्त थाना प्रभारी, समस्त शाखा प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पत्रकार अपनी कलम से ऐसी क्रांती लायें जिससे लोगों को लाभ मिले : एमएलसी जीतेन्द्र सिंह

**अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब व जिला प्रेस क्लब के तत्वाधान में आयोजित हुआ हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह**




**समृद्धि न्यूज, महोबा।** नगर के एक पैलेस में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब जिला प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें मोबाइल जर्नलिज्म से समृद्ध होती सामाजिक चेतना विषय पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया, तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार व मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि पत्रकार डिजिटल युग में अपनी सोच पॉजिटिव रखकर विकास को नई दिशा दे सकते हैं। मीडिया द्वारा दी गई सूचनाओं के द्वारा अधिकारियों से मिलकर निराकरण करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कमियों को प्रसारित करने से ही निराकरण होता है। मुख्य वक्ता अंकुर यादव छतरपुर ने कहा कि सोशल मीडिया से चीजे बदली है ,अपनी जगह कैसी बनानी है यह आपको तय करना होगा और सावधानियां बरतनी होगी ।पत्रकारिता के क्षेत्र में स्वयं को जिंदा रखना चाहते हैं तो अपने को अपडेट करना होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने कहा पत्रकार सामाजिक जन जागरण का कार्य करते हैं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भी पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन करने का कार्य किया था। उन्होंने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया की सराहना करते हुए कहा कि मोबाइल मीडिया को भ्रामक खबरों पर ध्यान देना चाहिए। पूर्व मंत्री सिद्ध गोपाल साहू, भाजपा जिलाअध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा , बालेन्द्र सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर करीब चार पत्रकार जिसमें वहीद अहमद, उमाकांत, श्याम कली देवी तथा अभिषेक बांदा को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, तो वहीं बालेन्द्र सिंह, राम आसरे गुप्ता को बुन्देलखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित किया और जनपद की मेधावी छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा किया गया। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष एच के पोद्दार व अखिल भारतीय प्रेस क्लब अध्यक्ष वहीद अहमद ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र से सेंकड़ों की संख्या में पत्रकार उपस्थित थे।

## फैमिली आईडी में लापरवाही पर डीएम ने 6 अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश

**सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में योजनाओं की प्रगति पर जताई नाराजगी**



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान फैमिली आईडी सहित विभिन्न योजनाओं में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कई अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य प्राप्ति में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित वर्चुअल बैठक में डीएम ने पाया कि कृषि, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, प्रोबेशन, श्रम, बेसिक शिक्षा और स्वरोजगार विभाग में लाखों फैमिली आईडी लंबित हैं। इस पर उप कृषि निदेशक एस.के. उत्तम, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी जगदीश वर्मा, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश का वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए गए। वहीं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में धीमी प्रगति पर नेडा के पीडी को फटकार लगाते हुए 15 दिन में सुधार के निर्देश दिए। दिव्यांगजन पेंशन योजना में 19,070 में से मात्र 162 स्वीकृत होने पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी का मई माह का वेतन रोकने का आदेश दिया गया। कन्या सुमंगला योजना में 341 आवेदन लंबित पाए जाने पर 10 दिन में निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण, ओडीओपी टूलकिट, मातृत्व एवं शिशु मदद योजना, अंडा उत्पादन, कृत्रिम गर्भाधान तथा जननी सुरक्षा योजना की भी कड़ी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ पात्रों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी।

## नाली के विवाद में मां-बेटी को सरेराह पीटा, किशोरी से अभद्रता का आरोप

**उरई (जालौन)।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेवा में नाली के पानी के मामूली विवाद को लेकर दबंगों ने मर्यादा की सारी हदें पार कर दीं। दबंगों ने न केवल एक महिला को बेरहमी से पीटा, बल्कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को घर से घसीटकर सरेआम प्रताड़ित किया। स्थानीय पुलिस द्वारा मामले में कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से आहत पीड़ित परिवार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस की इस कार्यप्रणाली से पीड़ित परिवार गहरे खौफ में जीने को मजबूर है।

## आमजन को सरल, पारदर्शी प्रशासन मिले इसी मंशा से करें कार्यः एडीएम

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** नवागत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत बताया कि शासन की मंशा एवं सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन को सरल, पारदर्शी प्रशासन मिले इसी मंशा के साथ कार्य को प्राथमिकता देंगे साथ ही दो महीने के अंदर टेनेंसी एक्ट के वादों का निस्तारण कराया जायेगा जबकि पुराने राजस्व वादों की समीक्षा कर दो माह में होंगे निस्तारित करायेंगे जायेंगे ताकि वादियों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े राजस्व संबंधी मामलों में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि लोगों को न्याय पाने के लिए लंबे समय तक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने विशेष रूप से बंटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम, नामांतरण एवं अन्य राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने की बात कही। राजीव राज ने बताया कि वर्तमान समय में राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की संख्या अधिक है।

# अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा, तीन वाहन जब्त

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

▸ छापेमारी के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली, लोडर और मिनी जेसीबी जब्त, खनन माफियाओं में हड़कंप

तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। एक ओर तहसील प्रशासन लगातार कार्रवाई कर खनन माफियाओं पर शिकंजा कस रहा है, वहीं खनन विभाग की निष्क्रियता के चलते अवैध खनन पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है।

नतीजतन खनन माफिया बेखौफ होकर मिट्टी और नदी घाटों पर अवैध खनन में जुटे हुए हैं।

तहसील क्षेत्र के दरियाबाद, पूरे डलई और बनीकोडर ब्लॉक में अवैध मिट्टी खनन खुलेआम जारी है। इतना ही नहीं, घाघरा (सरयू) नदी के किनारे भी अवैध खनन की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील प्रशासन कार्रवाई कर रहा है, लेकिन खनन विभाग क्षेत्र में निगरानी और प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है। उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें ग्राम खरिकाफूल के निकट अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान टीम ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक लोडर तथा एक मिनी जेसीबी मशीन को मिट्टी खनन कार्य में लगा पाया। मौके पर मौजूद लोगों से खनन संबंधी वैध अनुमति पत्र और दस्तावेज मांगे गए, लेकिन कोई भी आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि खनन की गई मिट्टी को बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खनन में प्रयुक्त सभी वाहनों को कब्जे में लेकर असंद्रा कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध खनन का मामला सामने आया था। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। लगातार प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। ऐसे में खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।




कुल मिलाकर जहां राजस्व प्रशासन सख्त नजर आ रहा है, वहीं जिम्मेदार खनन विभाग मूकदर्शक बना हुआ दिखाई दे रहा है।

# एडीएम (वि./रा.) ने कटान रोधी कार्यों का किया निरीक्षण

## तटबन्ध एवं कटान रोधी कार्यों में गुणवत्ता व तेजी लाने के लिए निर्देश

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



आगामी संभावित बाढ़ की तैयारियों के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) निरंकार सिंह द्वारा तहसील रामनगर क्षेत्रान्तर्गत रामनगर एवं सूरतगंज विकास खण्ड में सरयू नदी (घाघरा) के तट पर स्थित बाढ़ प्रभावित ग्रामों, उनके सम्पर्क मार्गों तथा बाढ़ चौकियों का व्यापक भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम कुसौरा में तटबन्ध की सुरक्षा हेतु संचालित स्पर निर्माण कार्य तथा ग्राम तेवराइन पुरवा मजरा बब्लेपुर में कटान रोधी उपायों (पारक्यूपाइन) का निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराए जाएं तथा उनमें आवश्यक तेजी लाई जाए, जिससे संभावित बाढ़ की स्थिति में जनधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम तपेसिपाह में कराए जा रहे कटान रोधी कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी रामनगर आनन्द कुमार तिवारी, तहसीलदार रामनगर विपुल कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता श्री शशिकांत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

## चोरों ने दो दुकानों का ताला तोड़कर माल किया साफ

**मसौली बाराबंकी।** बीती रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में पुलिस गश्त को चुनौती देते हुए अज्ञात चोरों ने त्रिलोकपुर रानीबाजार रोड पर स्थित दो दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी सहित दुकान में रखे सामान को साफ कर दिया।बताते चले कि बीती रात्रि त्रिलोकपुर रानीबाजार रोड पर स्थित रामचंद्र यादव मार्केट में संचालित विनोद जनसेवा केंद्र और विश्वकर्मा वस्त्रालय के शटर का ताला तोड़कर विश्वकर्मा वस्त्रालय के गल्ले में रखी करीब 10 हजार रुपये नकदी और दो से तीन जोड़ी पैंट-शर्ट का कपड़ा उठा ले गये है। इसी लाइन में विनोद जनसेवा केंद्र का ताला तोड़कर जनसेवा केंद्र में रखा लैपटॉप और करीब 20 हजार रुपये चोरी कर लिया।शनिवार की सुबह दुकान आये लोगो ने ताला टूटा देख भौचक रह गये और स्थानीय पुलिस चौकी को सूचना दी मौक़े पर पहुंचे चौकी इंचार्ज संजय यादव ने घटनास्थल का जायजा लिया।

# पत्रकारिता दिवस पर सम्मानित हुए कलमकार



**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर लोधेश्वर महादेवा के कार्यालय पर पत्रकारों की गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें सभी उपस्थित कलमकारों का माल्यार्पण कर कलम डायरी एंव अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। पत्रकारिता के दायित्व चुनौतियों तथा लोकतंत्र में उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई।आयोजक प्रो. डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है जो निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर जनहित के मुद्दों को सामने लाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य करता है। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार चन्द्र प्रकाश चौरसिया ने की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने देश के सामाजिक सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामशंकर वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता केवल एक व्यवसाय नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन है।वरिष्ठ पत्रकार संतकुमार उपाध्याय ने कहा कि पत्रकारों में छोटा-बड़ा कोई नहीं होता।

कार्यक्रम का सफल संचालन अंजनी कुमार अवस्थी ने किया।वरिष्ठ पत्रकार रामकुमार मौर्य ललित पांडेय अशोक कुमार सिंह निरंकार त्रिवेदी विवेक शुक्ला एसपी शुक्ला विशाल अवस्थी ज्ञानेंद्र वर्मा के के शुक्ला वीरेन्द्र तिवारी सहित पत्रकारों ने भी अपने अपने विचार रखे। बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक सवार खड़ी पिकप से टकरायी, गम्भीर रूप से घायल



**फतेहपुर बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के छेदा गांव में शनिवार शाम एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। जानकारी के अनुसार भगाईपुर निवासी 26 वर्षीय राधेश्याम पुत्र छोटेलाल अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। छेड़दा गांव के पास सड़क किनारे खड़ी पिकअप में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राधेश्याम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने राधेश्याम की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक डॉ अवनीश चौधरी ने बताया कि युवक के शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं और अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। उधर, घटना की सूचना पर पुलिस भी सक्रिय हुई ।चौकी इंचार्ज छेदा अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस मामले की पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है ।घायल युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** एक पखवाड़े पहले मोटर साइकिल चालक द्वारा टक्कर मार देने से घायल व्यक्ति की ट्रामा सेंटर लखनऊ में मृत्यु हो गई। इस मामले में पुत्र ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के पेचरुआ गाँव निवासी शीतला प्रसाद दीक्षित पुत्र गंगा प्रसाद गत15 मई की शाम साढ़े सात बजे अपने मकान के सामने रोड़ के किनारे कच्ची पर खड़े थे ठीक उसी समय विनोद कुमार रावत पुत्र राममिलन रावत निवासी पुरे मिश्रन थाना हैदरगढ़ ने अनियंत्रित बाइक से टक्कर मार दी थी जिससे शीतला गंभीर रूप से घायल हो गये थे । इलाज के लिए हैदरगढ़ सीएचसी ले जाया गया। जहां स्थित गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। जहां डॉक्टर द्वारा मृतक घोषित कर दिया गया। लखनऊ में ही उनका पोस्टमार्टम हुआ मौके पर गिरें मोबाईल के आधार पर विनोद रावत का नाम चालक के रूप में सामने आया था।

# अज्ञात वाहन की चपेट से सफाई कर्मचारी के बेटे की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय कोतवाली अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार की देर रात सड़क दुर्घटना में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कस्बा के लोहिया वार्ड निवासी सुनील कुमार वाल्मीकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगंज में सरकारी सफाई कर्मी के रूप में तैनात है वर्तमान समय में अटैच सफाईकर्मी के रूप में सीएचसी हैदरगढ़ में ड्यूटी कर रहे हैं। उनका 23 वर्षीय पुत्र अमन वाल्मीकि शुक्रवार को लखनऊ स्थित ससुराल गया हुआ था जहां से बुलेट मोटरसाइकिल द्वारा वापस लौट रहा था रात्रि लगभग 11꞉00 बजे जब वह गोतौना गांव के निकट



पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सिर में गंभीर चोटे आ गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। इकलौते पुत्र की मौत से परिजनों को रोकर बुरा हाल हैं। बताते है कि 2 वर्ष पूर्व युवक का विवाह हुआ था।जिससे उसका 1 वर्षीय पुत्र भी है।

# खबरें एक नजर में

## ग्राम चौपाल में जनसमस्याओं का किया जायेगा निस्तारण

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने माह जून 2026 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 05 जून को परियोजना निदेशक, जि.ग्रा.वि.अभि. विकास खण्ड रोहनियां में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड दीनशाहगौरा में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड सतांव में एवं विकास खण्ड खीरों में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। 26 जून को परियोजना निदेशक जि.ग्रा.वि.अभि. हरचन्दपुर, जिला विकास अधिकारी सलोन, उपायुक्त, श्रम रोजगार महराजगंज एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार विकास खण्ड बछरावां में के किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

## जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन लीकेज बनी ग्रामीणों की समस्या

**जैदपुर,बाराबंकी।** हरख ब्लॉक क्षेत्र के बांग्ला बाजार स्थित संतोष मार्केट के पास जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन में लीकेज होने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाइपलाइन से लगातार पानी बहने के कारण जहां एक ओर पेयजल की बर्बादी हो रही है,वहीं दूसरी ओर राहगीरों और स्थानीय निवासियों के आवागमन में भी दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं ।स्थानीय निवासी संतोष वर्मा ने बताया कि पाइपलाइन में कई दिनों से लीकेज बना हुआ है,लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे भी पाइप से पानी लगातार बहता देखा गया। उन्होंने कहा कि लीकेज के कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति बन रही है,जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है ।क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करते हुए पाइपलाइन की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके और लोगों को हो रही असुविधा से राहत मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## मुख्तार गैंग के सम्पत्ति की कुर्की के विरुद्ध अपील हुई खारिज

**बाराबंकी।** मुख्तार अन्सारी गैंग का सक्रिय सदस्य जफर उर्फ चन्दा द्वारा अपराध से अर्जित लगभग चार करोड़ मूल्य की सम्पत्ति जिसे जिला प्रशासन द्वारा कुर्क किया गया था, उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध मा0 गैंगस्टर न्यायालय में दायर की गयी अपील खारिज हो गई। थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 369/21 धारा 419/420/467/468/471 भादवि बनाम .मुख्तार अंसारी पुत्र सुभान उल्ला अंसारी निवासी यूसुफपुर मुहम्मदाबाद थाना मुहम्मदाबाद जिला गाजीपुर गैंग आदि के पंजीकृत किया गया था । मुख्तार अन्सारी गैंग का सक्रिय सदस्य जफर उर्फ चन्दा , मुख्तार अन्सारी की सुरक्षा के लिये असलहे सहित एम्बुलेन्स पर चलता था एवं अपराध में सम्मिलित रहता था। इस बात के प्रबल साक्ष्य पाये जाने के फलस्वरूप जुर्म धारा 419/420/467/468/471/120 बी/177/506 भादवि व 7 सीएलए एक्ट में अभियुक्त जफर उर्फ चन्दा व उसके साथियों के विरूद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया । जिसके क्रम में जफर उर्फ चन्दा के विरूद्ध पुलिस द्वारा इसकी अपराध से अर्जित सम्पत्ति के बारें में जानकारी की गयी तो गैंग सदस्य जफर उर्फ चन्दा द्वारा मुख्तारी अन्सारी के साथ विगत 10-12 वर्षों से गैंग बनाकर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहकर अवैध धनोपर्जन करते हुए स्वयं के नाम वृहद अवैध भूमि अर्जित की गयी।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर होगें जागरूकता कार्यक्रम

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शीतल प्रसाद गुप्ता एवं एमपी यादव होंगे मुख्य आयोजक

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर 31 मई को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम का आयोजन अंकल जी हेल्थ केयर सर्विसेज एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा डलमऊ के संयुक्त तत्वाधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों को जागरूक किया जाएगा इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति जागरूकता एवं बाल मानसिक रोग विशेषज्ञ कार्यशाला तथा युवा चेतना शिविर का भी आयोजन होगा कार्यक्रम में वरिष्ठ मनो चिकित्सक डॉक्टर स्निग्धा अवस्थी एवं विधि सिंह द्वारा नशे के दुष्परिणाम को रेखांकित करते हुए भावी पीढ़ी को दुषचक्र से निकलने के उपाय एवं उससे बचाव के तरीके बताए जाएंगे पारस हॉस्पिटल कानपुर के डायरेक्टर वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रदीप कुमार के अथक प्रयास से डलमऊ नगर में यह पहला कार्यक्रम आयोजित होना है कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शीतल प्रसाद गुप्ता एवं एमपी यादव होंगे कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर रोहित गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर गौरव त्रिवेदी नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज सैनी डॉ प्रियंका गुप्ता गायत्री परिवार जिला समन्वयक अनिल श्रीवास्तव का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

# 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 200 किलो लहन मौके पर नष्ट, अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी रायबरेली के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रोबिन आर्य एवं उन्नाव आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा उन्नाव एवं रायबरेली जनपद की सीमा पर भँवरेश्वर मंदिर के आसपास एवं सई नदी के किनारे विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी।

टीम द्वारा ग्राम- सुदौली ग्राम स्थित भंवरेश्वर मंदिर के आसपास एवं सई नदी के तटवर्ती क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में



दबिश के दौरान जनपद में कुल 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 200 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 01 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## विश्व साइकिल दिवस पर होगा 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उप क्रीड़ाधिकारी मुशर्रफ खां ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम का विशेष संस्करण आगामी 7 जून को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विश्व साइकिल दिवस का आयोजन एक जून से 14 जून तक मनाया जाएगा। इसी क्रम में 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम जिला खेल कार्यालय, में आयोजित किया जाएगा।

उप क्रीड़ाधिकारी ने जनपद के अधिक से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों से अपील की है कि वे आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण कर कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

# चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

▸ अभियुक्तगण गांव/कस्बों में घूम फिरकर स्कूल आदि की करते हैं रेकी

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की 03 घटनाओं का सफल अनावरण कर, कब्जे से 01 अदद गैस सिलेण्डर, एक अदद साउण्ड, एक अदद साउण्ड मशीन, एक अदद बैट्री, चोरी की घटना कारित करने में प्रयुक्त औजार, नकदी व घटना में प्रयुक्त साइकिल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की



गिरफ्तारी हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में आज दिनांक 30.05.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स मदद से चोरी की 03 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों 1.अजमत अली पुत्र स्व0 अहमद हुसैन निवासी भटवामऊ बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी 2.विकास वर्मा पुत्र सोनू वर्मा 3.विकास वर्मा उर्फ भन्नू पुत्र दिलीप कुमार वर्मा निवासीगण गल्ला मण्डी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित एक अदद गैस सिलेण्डर, एक अदद साउण्ड, एक अदद साउण्ड मशीन, एक अदद बैट्री, एक अदद पिठ्ठू बैग में रखे औजार, 8600/-रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद किया गया।

पूछताछ एवं जांच में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण गांव/कस्बों में घूम फिरकर स्कूल आदि की रेकी करते हैं तथा रेकी करने के पश्चात चिन्हित स्थान पर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

अभियुक्तगण द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के सफीपुर स्थित प्रगति विद्या मंदिर स्कूल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर असैनी, सोमैया नगर स्कूल में चोरी की घटना कारित की गयी थी। उक्त घटनाओं के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर क्रमशः मु.अ.सं.-399/2026 धारा 305ए बीएनएस, मु.अ.सं.-338/2026 धारा 305(द्द) बीएनएस, मु0अ0सं0-367/2026 धारा 305(e) बीएनएस, पंजीकृत है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

▸ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

मुसाफिरखाना क्षेत्र में मझगवां मोड के पास शुक्रवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दुर्घटना में रवानिया पूरब गांव निवासी 35 वर्षीय इंद्र कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मिली जानकारी के अनुसार, इंद्र कुमार यादव अपनी बाइक से जा रहे थे इसी बीच ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे गिरकर गंभीर रूप से



घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को मुसाफिरखाना अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद इंद्र कुमार यादव को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की हुई समीक्षा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। अभियोजन विभाग द्वारा एजेंडा प्रस्तुत करते हुये कानूनी कार्यवाहियों एवं उपलब्धियों से संबंधित जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने विभिन्न वादों की स्थिति पर चर्चा कर वादों पर गुणवत्तापूर्ण पैरवी करने के निर्देश दिए।

विभिन्न वादों के अभियोजन अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। महिला सम्बन्धी अपराधों एवं एससीएसटी एक्ट के वादों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने



टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अपीलों को समय से दाखिल कराया जाये। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी सजा मिले, इसके लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में गवाहों या अभियुक्तों की हाजिरी नहीं हो पा रही है, उनमें प्रभावी कार्यवाही कर हाजिरी सुनिश्चित की जाये, जिससे वादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी, नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय, संयुक्त निदेशक अभियोजन सहित सभी उपजिलाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले में 39 प्रतिभागियों का किया गया चयन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में प्रधानमंत्री रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 97 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अप्रेन्टिस रोजगार मेले में डिक्सन टेक्नोलॉजी लिमिटेड नोएडा कम्पनी के एच.आर. किशोर शुक्ला, अडानी ए.सी.सी. लिमिटेड टिकरिया गौरीगंज एवं सिंचाई विभाग गौरीगंज द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया तथा साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त डिक्सन टेक्नोलॉजी लिमिटेड नोएडा कम्पनी में 35 अभ्यार्थियों, अडानी ए.सी.सी. लिमिटेड टिकरिया गौरीगंज द्वारा 2 अभ्यार्थियों एंव सिंचाई विभाग गौरीगंज द्वारा 2 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। इस दौरान आयोजित प्रधानमंत्री अप्रेन्टिस रोजगार मेले में नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, रोजगार अप्रेन्टिसशिप प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक अप्रेन्टिस रोजगार प्रभारी भारत भूषण मिश्रा, दिवाकर मिश्र व रविकान्त मिश्र आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली 28 आंगनवाड़ी सम्मानित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 28 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सिंहपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र गौतम ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र गौतम ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव होती है। इस अवस्था में दी गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयास और नवाचार न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को आकार दे रहे हैं, बल्कि अन्य केंद्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि ÷पोषण के साथ-साथ शिक्षा पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। आंगनवाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिए ऐसा सकारात्मक एवं सशक्त शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए, जिससे वे आगे की शिक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।÷ कार्यक्रम का संचालन अंकिता स्वरुप द्वारा किया गया। इस दौरान रॉकेट लर्निंग संस्था से जिला समन्वयक सुरेश गुप्ता, प्रधान सहायक भानुदत्त शुक्ला, बीसी रंजीत कुमार, मुख्य सेविका कमलेश सिंह, ज्योति सिंह, शालिनी सिंह, अर्चना देवी, अर्चना भारती, वंदना सहित परियोजना की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# कन्नौज में गुरसहायगंज पालिका परिषद ने रचा इतिहास

▸ अधिशासी अधिकारी ने निर्देशन में 9 दिन में पूरी की जनगणना

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**







जनगणना 2027 के प्रथम चरण में नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जनपद की सभी नगर पालिकाओं में सर्वप्रथम जनगणना कार्य पूर्ण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रिकॉर्ड समय में गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित प्रगणना कार्य संपन्न किए जाने पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनगणना विभाग द्वारा पालिका टीम की सराहना की जा रही है।

अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के 25 वार्डों में कुल 76 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) निर्धारित किए गए थे, जिनमें 74 प्रगणकों ने 11 सुपरवाइजरों के निर्देशन में कार्य किया। सुव्यवस्थित योजना, बेहतर समन्वय और सतत निगरानी के बल पर पूरी टीम ने मात्र 9 दिनों में जनगणना का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया। इसके साथ ही गुरसहायगंज जनपद में जनगणना कार्य पूर्ण करने वाली दूसरी चार्ज बन गई है। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने आगे बताया कि अभियान की शुरुआत से ही समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण प्रगणना सुनिश्चित करने के लिए विशेष रणनीति अपनाई गई थी। इसके अंतर्गत नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमेरेशन) के लिए प्रेरित किया गया तथा उनकी सहायता के लिए प्रेरकों की तैनाती की गई। व्यापक जनसहभागिता और जागरूकता अभियान के कारण बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वयं अपनी गणना दर्ज की। पालिका द्वारा एक अभिनव पहल के तहत नागरिकों को अपनी स्व-गणना आईडी घरों के बाहर स्टीकर के रूप में प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया गया। इससे प्रगणकों को फील्ड में कॉन्टैक्टलेस एन्यूमरेशन करने में सुविधा मिली और कार्य की गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस नवाचार ने निर्धारित समय से पूर्व लक्ष्य प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फील्ड ट्रेनर सुपरवाइजर सुनील सिंह एवं पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान नियमित ऑनलाइन समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। इनमें दैनिक प्रगति, कवरेज प्रतिशत और कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते रहे। साथ ही सुपरवाइजरों द्वारा डेटा का सूक्ष्म परीक्षण कर अनुमोदन प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय नागरिकों, प्रेरकों, प्रगणकों, सुपरवाइजरों एवं पालिका प्रशासन के सामूहिक प्रयासों को जाता है। गुरसहायगंज द्वारा अपनाया गया मॉडल अब जनपद के अन्य चार्ज क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रहा है।

### पूजा तिवारी ने बनाया विशेष रिकॉर्ड

जनगणना अभियान के दौरान गुरसहायगंज पालिका की प्रगणक श्रीमती पूजा तिवारी ने अपने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक के सभी 245 भवनों की प्रगणना मात्र एक दिन में पूर्ण कर विशेष उपलब्धि हासिल की। उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री कैलाश राजपूत द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। उनकी यह उपलब्धि पूरे जनपद में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा में डीएम सख्त, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार संस्थाओं और अधिकारियों को चेतावनी दी। कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने पाया कि वीएसए द्वारा 128 स्थलों के सापेक्ष केवल 13 स्थानों पर कार्य पूरा किया गया है। इस पर उन्होंने संबंधित संस्था के खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। समीक्षा में सामने आया कि जिले के 438 गांवों में से 90 गांवों में रोड कटिंग मरम्मत का कार्य लंबित हैए जबकि 76 गांवों में पाइपलाइन बिछने के बावजूद जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जिलाधिकारी ने संबंधित जूनियर इंजीनियरों की जवाबदेही तय करने और शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जियो.टैग्ड फोटो के माध्यम से कार्यों का सत्यापन कराने को भी कहा।

बैठक में यह भी बताया गया कि 499 के सापेक्ष केवल 110 नल.जल मित्रों की नियुक्ति हुई है। डीएम ने सभी रिक्त पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए।

# सौ शैया अस्पताल में दिलाई गई तंबाकू त्यागने की शपथ



▸ विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष आयोजन
▸ तंबाकू कैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है: सीएमएस

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के दिशा निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय में हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल में डॉक्टरों, कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने हस्ताक्षर कर तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। साथ ही सभी को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा समाज में इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। डॉ. जय विजय तिवारी एवं डॉ. संतोष मिश्रा ने हस्ताक्षर अभियान का नेतृत्व करते हुए लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. स्वदेश कुमार गुप्ता ने कहा कि तंबाकू कैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है।

उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से तंबाकू से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ केपी त्रिपाठी, डॉ रवि प्रताप सिंह सहित चिकित्सक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान का संदेश रहा– तंबाकू छोड़ें, स्वास्थ्य जोड़ें।

## कृष्ण अवतार गुप्ता ने विक्की बाइक से पूरी की चार धाम यात्रा, आचार्य धीरेंद्र शास्त्री से लिया आशीर्वाद



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के अस्पताल रोड निवासी कृष्ण अवतार गुप्ता ने अपनी विक्की बाइक के साथ साहसिक चार धाम यात्रा पूरी कर ली है। 19 मई को रवाना हुए गुप्ता ने यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद बद्रीनाथ धाम पहुंचकर बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालु बनकर शामिल हुए। लगभग 1000 किलोमीटर का दुर्गम सफर तय करते हुए उन्होंने चारों धामों में पूजा–अर्चना की। बद्रीनाथ में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का प्रत्यक्ष आशीर्वाद मिलने पर कृष्ण अवतार गुप्ता भावुक हो गए।
मोबाइल पर बातचीत में उन्होंने बताया यात्रा के दौरान कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन विश्वास था कि हमारे साथ श्री रघुनाथ जी हैं तो किस बात की चिंता। चरण में रख दिया जब माथ तो किस बात की चिंता।卐 प्रभु की कृपा से उनका चार धाम यात्रा का संकल्प सफलतापूर्वक पूरा हो गया।
अब वह विक्की बाइक के साथ वापसी की यात्रा पर निकल पड़े हैं। उनकी इस साहसिक यात्रा की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# फिल्म मिशन कनाडा की कन्नौज में अंतिम शूटिंग शुरू

▸ आतंकवाद पर आधारित सिनेमाई कहानी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



एफएक्स हॉलीबुड प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही बहुप्रतीक्षित फिल्म मिशन कनाडा की अंतिम शूटिंग जनपद कन्नौज के विभिन्न क्षेत्रों में शुरू हो गई है। फिल्म की अधिकांश शूटिंग पहले ही अमेरिका और कनाडा में पूरी कर ली गई है। अब छिबरामऊ, गुरसहायगंज और कन्नौज शहर में तीन दिनों तक अंतिम हिस्सों की शूटिंग का कार्यक्रम तय किया गया है।

फिल्म के डायरेक्टर एवं प्रोड्यूसर अभिनेता विजय सक्सेना ने बताया कि यह फिल्म आतंकवाद और देश के सुरक्षा तंत्र पर आधारित है। इसमें आपरेशन सिंदूर समेत भारतीय सेना द्वारा किए गए विभिन्न महत्वपूर्ण मिशनों को दर्शाया जाएगा। फिल्म में सेना और पुलिस प्रशासन की बहादुरी को खासतौर पर दिखाया गया है, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। अभिनेता प्रशांत यादव फिल्म में एक अहम किरदार निभा रहे हैं। वे फौजी का रोल करेंगे। फिल्म की कहानी में एक सैनिक छुट्टी पर गांव आता है, जिसे मारने आतंकवादी पहुंचते हैं। सैनिक अकेले ही आतंकियों का सामना करता है, कई आतंकियों को मार गिराता है और बाकी को पुलिस के हवाले कर दिया जाता है। पूरी फिल्म आतंकवाद से उत्पन्न चुनौतियों और देशभक्ति की भावना को केंद्र में रखकर बनाई जा रही है। स्थानीय स्तर पर फिल्म की शूटिंग से फिल्म प्रेमियों और युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### राजमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती आज



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती 31 मई रविवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। होल्कर सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष सरमन पाल (संजय) ने बताया इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। पाल बघेल धनगर गडरिया समाज के सभी लोग 31 मई को प्रातः 9 बजे बाबा बरमदेव मंदिर खड़नी में एकत्र होंगे। यहां से प्रारंभ विशाल शोभा यात्रा सौरिख नगर भ्रमण करते हुए ज्ञान ज्योति इंटर कॉलिज तिर्वा रोड सौरिख पर समाप्त होगी। यहां पर जलपान की भी व्यवस्था की गई है।

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हंसराज अकेला ने दी शुभकामनाएं



**गुरसहायगंज,कन्नौज।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर केंद्रीय भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार सलाहकार समिति भारत सरकार के सदस्य हंसराज अकेला ने सभी नगर एवं जनपद के पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जो समाज को सही दिशा देने जनहित के मुद्दों को उठाने और शासन.प्रशासन तथा जनता के बीच सेतु का कार्य करती है। हंसराज अकेला ने कहा कि पत्रकार अपनी कलम और निष्पक्ष सोच के माध्यम से समाज को जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सत्य, साहस और समर्पण के साथ कार्य करने वाले पत्रकार लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में निरंतर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की आवाज है। पत्रकारों की निष्ठा और ईमानदारी से जनता तक सही जानकारी पहुंचती हैए जिससे लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत होती हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी पत्रकारों के उज्ज्वल भविष्य स्वस्थ जीवन और निरंतर सफलता की कामना करते हुए कहा कि उनकी कलम सदैव सत्य की खोज और समाजहित के लिए चलती रहे। सत्य की खोजए समाज की आवाज के संदेश के साथ उन्होंने हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### अपहरण व पॉक्सो मामले के आरोपी को भेजा जेल



▸ इंदरगढ़ पुलिस ने कठार बंबा पुलिया के पास दबोचा
▸ युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का है आरोप

**कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना पुलिस ने अपहरण और पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के सादिकपुर गांव निवासी युवती को बहला–फुसलाकर भगाने के मामले में 20 मई 2026 को मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण में बीएनएस की अतिरिक्त धाराएं तथा पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं। शनिवार को इंदरगढ़ पुलिस ने आरोपी सनुज कुमार (22) निवासी सादिकपुर को कठार बंबा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल उपेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल प्रवीन कुमार शामिल रहे।

# बेटी के विवाह हेतु आर्थिक सहयोग का आवाहन



▸ सविता समाज की बैठक में कई बिंदुओं पर की गई चर्चा

**छिब्बरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के कसावा गांव निवासी सविता समाज के सक्रिय सदस्य रहे राजकुमार के आकस्मिक निधन पर सविता समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके आवास पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि राजकुमार अपने परिवार के एकमात्र सहारा थे। उनके असमय निधन से परिवार गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। परिवार में तीन पुत्रियां हैं, जिनमें से एक पुत्री का विवाह आगामी जुलाई माह में प्रस्तावित है। ऐसी विषम परिस्थितियों में परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग की आवश्यकता है। समाज के सभी सम्मानित सदस्यों, समाजसेवियों एवं दानदाताओं से अपील की है कि वह यथाशक्ति आर्थिक सहयोग प्रदान करें, ताकि बेटी का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में अध्यक्ष सुधीर कुमार सविता, महामंत्री सुवेश कुमार, कोषाध्यक्ष मास्टर नीरज कुमार, डॉ.राकेश कुमार सविता, वीरेंद्र सविता, अन्नू बाबाजी, रामानंद सविता, ज्ञानेंद्र देव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में लगेगी शिक्षकों की ड्यूटी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



▸ डीआईओएस ने जारी की सूची, दो पासपोर्ट साइज फोटो जमा कराने के निर्देश

आगामी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी करते हुए बताया कि 8, 9 एवं 10 जून को प्रस्तावित पुलिस परीक्षा में सूचीबद्ध कार्मिकों की ड्यूटी लगाए जाने की संभावना है।

डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि संबंधित कार्मिकों को संभावित ड्यूटी एवं परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिए मुख्यालय पर उपस्थित रहने की सूचना अवश्य दी जाए। साथ ही सूची में शामिल सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से दो पासपोर्ट साइज फोटो दो दिन के भीतर विद्यालय में जमा कराने को कहा गया है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा बोर्ड द्वारा परिचय पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। संबंधित कार्मिकों की आईडी प्रिंट कर उस पर फोटो एवं हस्ताक्षर कराने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्रतिहस्ताक्षरित कराया जाएगा।

सत्यापित परिचय पत्र परीक्षा केंद्र पर ले जाना अनिवार्य होगा।

डीआईओएस ने यह भी बताया कि 31 मई को बीएड प्रवेश परीक्षा तथा 14 जून को प्रवक्ता पद की प्रतियोगी परीक्षा प्रस्तावित है। ऐसे में सूची से बाहर के शिक्षकों की भी परीक्षा ड्यूटी लगाई जा सकती है। इस कारण जनपद के किसी भी माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक या कर्मचारी को मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

सभी संबंधित कार्मिकों को निर्धारित समय में फोटो उपलब्ध कराने और परीक्षा संबंधी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 45 वर्ष बाद वन विभाग को मिलेगा अपना कार्यालय

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



वन विभाग को 45 साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद अपना स्वयं का कार्यालय एवं आवास मिलने जा रहा है। अभी तक विभाग आवास विकास कॉलोनी में किराए के मकान में संचालित हो रहा है। क्षेत्रीय वन अधिकारी रामचंद्र ने बताया कि बीट इंचार्ज अमरनाथ सविता के निरंतर प्रयासों से एसडीएम ने नगला लक्ष्मीराम में ग्राम पंचायत की जमीन विभाग को उपलब्ध कराई है। यहां पर लगभग 17 लाख रुपये की लागत से कार्यालय एवं आवास भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रारंभ में 1100 वर्ग फीट में प्रस्तावित भवन को अब बढ़ाकर 1500 वर्ग फीट किया गया है। हालांकि सड़क से नीचे होने के कारण भूमि पर जल भराव का खतरा बना हुआ है, जिसके लिए मिट्टी भराव की जरूरत है। साथ ही अभी तक बिजली कनेक्शन भी नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा समस्याओं के समाधान के बाद वन विभाग किराए के मकान से अपने नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा। इस उपलब्धि से स्थानीय स्तर पर वन संरक्षण कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# आलू किसानों को मिलेगा बेहतर बाजार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनेगा मददगार : असीम अरुण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



▸ स्टार्च प्रसंस्करण इकाई से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

अंतरराष्ट्रीय आलू दिवस के अवसर पर शनिवार को ठठिया मंडी में आयोजित कृषक गोष्ठी में उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि कन्नौज के आलू किसानों को जल्द बेहतर बाजार और नई संभावनाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि ठठिया मंडी को आलू के लिए सेंटर ऑफएक्सीलेंस के रूप में विकसित किए जाने से किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक खेती तकनीकों और प्रसंस्करण संबंधी नवीन जानकारियां मिल सकेंगी। गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आलू की नई किस्मों आधुनिक खेती के तरीकों भंडारण और प्रसंस्करण तकनीकों की जानकारी दी। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं और जिज्ञासाएं विशेषज्ञों के समक्ष रखीं तथा खेती में नई तकनीकों को अपनाने पर चर्चा की। राज्यमंत्री ने इस पहल के लिए दिनेश प्रताप सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि आलू अब केवल सब्जी या चिप्स निर्माण तक सीमित नहीं है बल्कि इससे स्टार्च समेत कई औद्योगिक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कन्नौज में प्रस्तावित स्टार्च प्रसंस्करण इकाई किसानों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराएगी तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी।

कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान कृषि विशेषज्ञ और आलू उत्पादन एवं प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# गर्मी में बढ़ा ट्रांसफार्मरों पर लोड, विभाग ने जारी की सावधानियां

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के चलते विद्युत ट्रांसफार्मरों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। अत्यधिक तापमान के कारण ट्रांसफार्मर अधिक गर्म हो रहे हैं जिससे कई स्थानों पर फ्यूज उड़ने और बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से बिजली का संयमित उपयोग करने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है ताकि अनावश्यक बिजली कटौती और फॉल्ट की समस्या से बचा जा सके।

एसडीओ पंकज चौधरी का कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग अचानक बढ़ने से ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त लोड पड़ता है जिससे फ्यूज उड़ने और सप्लाई बाधित होने की समस्या सामने आती है। उपभोक्ता यदि बिजली का जिम्मेदारी से उपयोग करें और विभाग द्वारा जारी सावधानियों का पालन करें तो काफी हद तक फॉल्ट एवं कटौती की समस्या को कम किया जा सकता है। विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सके।

**– पंकज चौधरी, एसडीओ विद्युत विभाग**

### ध्यान रखने योग्य सावधानियां

1. एसी को 24 से 26 डिग्री के बीच के तापमान मे ही चलाएं।
2. जरूरत न होने पर रात्रि में लाइट और पंखे बंद रखें।
3. अधिक भारी बिजली उपकरणों का एक साथ प्रयोग न करें।
4. पुराने एवं खराब वायरिंग वाले उपकरणों का उपयोग कम करें।
5. बिजली बचत के लिए अधिक से अधिक एलईडी बल्बों का इस्तेमाल करें।

विद्युत विभाग का कहना है कि यदि उपभोक्ता इन सुझावों का पालन करेंगे तो बिजली की खपत कम होगी और ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा।






## नवाब-नीलू यादव को सजा मिलने पर बोले मंत्री असीम अरुण



▸ माफिया और भ्रष्टाचारियों के खिलाफयोगी सरकार का अभियान जारी
▸ एक जिला एक माफिया के तहत हुई कार्रवाई

**कन्नौज।** बहुचर्चित नवाब सिंह यादव उर्फनवाब और नीलू यादव मामले में न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री असीम अरुण ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। ठठिया क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में माफिया और भ्रष्टाचारियों के खिलाफमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सफाई अभियान लगातार जारी है। राज्यमंत्री ने कहा कि कन्नौज के माफिया तत्वों के खिलाफप्रभावी कार्रवाई की गई है और कानून अपना काम कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान अपराधियों को संरक्षण मिलता था। इस दौरान उन्होंने कहा कि न्यायालय के फैसले से कानून के राज की स्थापना को मजबूती मिली है।
असीम अरुण ने कहा कि अपराध करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई जारी रहेगी और प्रदेश सरकार अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उनके बयान को लेकर जिले में राजनीतिक चर्चाएं भी तेज हो गई हैं।

# बीडीओ ने राशन दुकान के लिये भूमि का किया निरीक्षण

### राशन लेने के लिये लोगों को भारी परेशानी का करना पड़ता है सामना

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



शासन के सख्त दिशा निर्देशों के चलते सरकारी राशन दुकान के भवन बनाने के लिये भूमि का निरीक्षण कर सचिव से जल्द प्रस्ताव बनाकर देने के निर्देश दिये गये है। शनिवार को क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर में ग्रामीणों की मांग पर तालग्राम खण्ड विकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने पंचायत सचिवालय के पास पड़ी भूमि का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने सचिव मदुल दुबे से जल्द प्रस्ताव बनाकर मुहैया कराने कहा जिससे उस प्रस्ताव को शासन को भेजकर भवन बनाने के लिये शासन से बजट में धनराशि उपलब्ध हो सके ग्रामीणों ने बीडीओ को बताया कि राशन दुकान के लिये स्थाई सरकारी भवन न होने से कोटेदार अपने घर पर राशन दुकान अस्थाई रूप से संचालित कर रहे हैं जिससे राशन लेने के लिये लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है इस अवसर पर एडीओ पंचायत रवि प्रताप सिंह, एडीओ प्रवेश कुमार वर्मा, रोजगार सेवक रामप्रकाश, जुल्फिकार भुट्टू आदि मौजूद रहे। उधर प्रदेश सरकार में पंचायती राज मंत्री के जिला प्रतिनिधि गुंजन सिंह ने जिले के उच्च अफसरों से जल्द राशन दुकान के लिये पंचायत सचिवालय के पास पड़ी भूमि पर सरकारी राशन दुकान के लिये भवन अति शीघ्र बनायें जाने की मांग उठाई है।

# राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के 968 अग्निवीर बने भारतीय सेना का हिस्सा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

राजपूत रेजिमेंटल सेंटर फतेहगढ़ में 24 सप्ताह के कठोर सैन्य प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अग्निवीर बैच 07/2025 के कुल 968 जवान भारतीय सेना में औपचारिक रूप से शामिल हो गए। इस अवसर पर आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड में देश सेवा के लिए तैयार युवा सैनिकों ने अनुशासन, समर्पण और सैन्य कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस बार पासिंग आउट परेड को पहली बार कॉम्बिनेटाइज्ड स्वरूप में आयोजित किया गया, जो आधुनिक युद्धक्षेत्र की वास्तविकताओं, ऑपरेशनल तैयारी और भारतीय सेना के भविष्य के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतीक रहा। परेड की समीक्षा

- पासिंग आउट परेड में युवा सैनिकों ने अनुशासन, समर्पण और सैन्य कौशल का किया शानदार प्रदर्शन
- आधुनिक युद्ध की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप किया गया तैयारः कमांडेंट ब्रिगेडियर माइकल डीसूजा

राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर माइकल डीसूजा, युद्ध सेवा मेडल द्वारा की गई। उन्होंने नवप्रशिक्षित अग्निवीरों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को आधुनिक युद्ध की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें



परेड का निरीक्षण करते कमांडेंट ब्रिगेडियर



शपथ लेते अग्निवीर

नई पीढ़ी के हथियारों एवं उपकरणों का प्रशिक्षण, सामरिक जागरूकता, युद्धक्षेत्र अभिमुखीकरण और व्यक्तित्व विकास को विशेष महत्व दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अग्निवीरों के मानसिक दृढ़ता, दबाव में निर्णय लेने की क्षमता और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने पर विशेष बल दिया गया। व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 700 अग्निवीरों को ड्रोन संचालन, रॉक क्लाइम्बिंग, आर्मी मार्शल आर्ट्स रूटीन (एएमएआर), ड्राइविंग, फायरिंग और फोटोग्राफी जैसी विशेष गतिविधियों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। समय मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अग्निवीर बादल खीवसर ट्रेनिंग कंपनी को बेस्ट अग्निवीर मेडल से सम्मानित किया गया। कमांडेंट ने प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षण स्टाफकी समर्पित और पेशेवर कार्यशैली की भी सराहना की, जिन्होंने युवाओं को सक्षम और प्रेरित सैनिकों के रूप में तैयार किया। समारोह के दौरान अग्निवीरों ने भारत के संविधान, राष्ट्र की संप्रभुता और भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं के प्रति निष्ठा की शपथ ली। इस अवसर पर अग्निवीरों के अभिभावकों को उनके सहयोग एवं त्याग के सम्मान में गौरव पदक भी प्रदान किए गए। राजपूत रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित यह पासिंग आउट परेड भारतीय सेना की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत तकनीकी रूप से दक्ष, मानसिक रूप से सुदृढ़ और युद्ध के लिए पूर्णतः तैयार नई पीढ़ी के सैनिकों का निर्माण किया जा रहा है, जो राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित हैं।

## आग लगने से पांच घरों की गृहस्थी जली, बीस भेड़ें की जलकर मौत



जांच करती पुलिस

**कंपिल, समृद्धि न्यूज़।** अज्ञात कारणों से लगी आग से पांच घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। साथ ही एक किसान की बीस भेड़ों की जलकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। क्षेत्र के गांव हन्या नगला निवासी नेत्रपाल के झोपड़ी में शनिवार दोपहर लगभग बारह बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से झोपड़ी में बंधी लगभग बीस भेड़ों की जलकर मौत हो गई। देखते ही देखते आग ने पड़ोसी कल्लू, सुरेश, श्रीपाल व मुकेश के घर को भी अपनी आगोश में ले लिया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस व फायर बिग्रेड को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की मदद से ग्रामीणों ने पानी मिट्टी आदि डालकर लगभग दो घंटे बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सभी की गृहस्थी के सामान, नगदी व अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। हल्का लेखपाल स्वेतांशु अग्निहोत्री ने गांव पहुंच क्षति का आंकलन किया। पीड़ितों के अनुसार आग से करीब छः लाख रुपए की क्षति हुई है। आग बुझाते समय गांव निवासी युवक नीरज झुलस गया। हालांकि युवक ने निजी चिकित्सक से इलाज कराया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

बाइकों की भिड़ंत में घायल दूसरे व्यक्ति की भी उपचार के दौरान मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बरतल निवासी चंदन गिरी बैंक आफ इंडिया में बैंक मित्र थे। चंदन गिरी अपने चचेरे भाई नलकूप विभाग में लिपिक देव गिरी उर्फदुष्यंत व साथी अमित के साथ रविवार थाना मेरापुर क्षेत्र से बाइक से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे नवाबगंज अचरा मार्ग पर गांव फतनपुर के निकट सामने से आ रहे बाइक सवार के अचानक बाइक को मोड़ने से चंदन गिरी की बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक बाइक से उछलकर सड़क पर काफी दूर जाकर गिरे। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी लाया गया। यहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर घायल देव गिरी उर्फदुष्यंत व अमित को आगरा ले जाया गया। और परिजन चंदन गिरी को उपचार के लिए नोएडा ले गए। उपचार के दौरान देव गिरी उर्फ दुष्यंत की तीन दिन पूर्व मौत हो गई।



मृतक का फाइल फोटो

परिजन देव गिरी उर्फदुष्यंत के शव का अंतिम संस्कार कर पाए। उसी दौरान शनिवार उनके चचेरे भाई चंदन गिरी की नोएडा के अस्पताल में मौत हो गई। चंदन गिरी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चंदन गिरी की शादी लगभग 9 वर्ष पूर्व जनपद एटा निवासी सोनी के साथ हुई थी। मृतक चंदन गिरी की आठ वर्षीय पुत्री अंशिका व चार वर्षीय पुत्र अर्पित है। चंदन गिरी की मौत की खबर मिलते ही पिता सुखराम गिरी, बड़े भाई हरिओम गिरी उर्फ कल्लू, बसंत गिरी समेत परिजन चीत्कार करने लगे। परिवार में तीन दिन में हुई देव गिरी उर्फ दुष्यंत व उनके चचेरे भाई चंदन गिरी की मौत से परिजन बदहवास हो गए है।

## किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपीगण

फर्रुखाबाद/राजेपुर, समृद्धि न्यूज़। थाना राजेपुर क्षेत्र में ईंट भट्टे पर मजदूरी करने आई 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दो आरोपियों ने किशोरी को पैसों का लालच देकर अपने घर ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। राजेपुर थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वादी की चचेरी बहन जो अपने सगे भाई के साथ राजेपुर भट्टा पर ईंट की पथाई करने लिए आये थे। 27 मई को रात्रि समय करीब 10 बजे मौके का फायदा उठाकर शिवकुमार पुत्र स्वामी शरन व सुनील कुमार पुत्र विश्राम निवासीगण ग्राम खाखटमऊ थाना राजेपुर द्वारा वादी की चचेरी बहन को पैसों का लालच देकर अपने घर ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 137(2)/70(2) बीएनएस व धारा 5जी/6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। अभियुक्त शिवकुमार पुत्र स्वामी शरन व सुनील कुमार पुत्र विश्राम निवासी ग्राम खाखटमऊ थाना राजेपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

# घास काट रहे वृद्ध के पैर में लगी गोली, घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

पुरानी रंजिश में युवक को मारने के लिए चलायी गई गोली खेत में घास काट रहे वृद्ध के पैर में लग गयी। जिससे वृद्ध गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के सहयोग से घायल वृद्ध को अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

मेरापुर थाना क्षेत्र के नौली गांव में शनिवार सुबह खेत में घास काट रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग ओमवीर सिंह के पैर में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। आनन-फानन में परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना उस समय हुई जब ओमवीर सिंह गांव के बाहर मक्के के खेत से चारा काट रहे थे। परिजनों के अनुसार गांव के एक युवक ने रामरहीस के बेटे को निशाना बनाकर गोली चलाई थी, लेकिन वह बच गया और गोली ओमवीर सिंह के पैर में जा लगी। गोली लगने से ओमवीर सिंह घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मेरापुर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल ओमवीर सिंह को नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां डॉ0 वशिष्ठ कटियार ने उनका प्राथमिक उपचार किया। अस्पताल में ओमवीर सिंह ने बताया, मैं सुबह मक्का की फसल से घास काटने गया था। युवक ने रामरहीस के लड़के को गोली मारी थी। वह तो बच गया, गोली आकर मेरे लगी। अस्पताल में मौजूद परिजन रामरहीस ने बताया कि ओमवीर सिंह उनके परिवार के भाई लगते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव का युवक उनके बेटे को गोली मारने आया था, लेकिन उनका बेटा बैठ गया और गोली ओमवीर सिंह को लग गई। परिजनों के अनुसार, यह घटना पुरानी रंजिश का परिणाम है। करीब एक साल से खेत को लेकर विवाद चल रहा है और पहले भी मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। थानाध्यक्ष राजीव पांडेय ने बताया कि यह एक पुराना विवाद है और पहले से ही मुकदमा चल रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की हर पहलू से गहनता से जांच की जा रही है।



अस्पताल में भर्ती घायल वृद्ध

## खबरें एक नजर में

### कथित वीडियो प्रचलित करने में एक नामजद व सात अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** सोशल मीडिया पर गोशाला की अव्यवस्थाओं और गोवंश की मौत का कथित वीडियो प्रचलित करने के मामले में एक नामजद व सात अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रचलित वीडियो भ्रामक एवं तथ्यों से परे है। जिससे क्षेत्र में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई। संयुक्त खंड विकास अधिकारी एवं गोशाला के नोडल अधिकारी मनीराम शाक्य द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार 29 मई की रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से प्रचलित हुआ। जिसमें गोशाला में गोवंशों की मौत और अव्यवस्थाओं के गंभीर आरोप लगाए गए थे। सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल गोशाला पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया। जांच के दौरान सभी गोवंश स्वस्थ अवस्था में पाए गए और परिसर में किसी भी मृत गोवंश के होने की पुष्टि नहीं हुई। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ लोग गोशाला परिसर के बाहर वीडियो बना रहे थे। प्रबंधन से जुड़े लोगों द्वारा आपत्ति जताने के बावजूद उन्होंने वीडियो बनाना जारी रखा। आरोप है कि बाद में वीडियो को  करने और विभिन्न मामलों में फंसाने की धमकी देकर रुपए की मांग भी की गई। अधिकारी ने शिकायत में कहा कि इस प्रकार की भ्रामक सामग्री के प्रसारण से आमजन में गलत संदेश गया तथा क्षेत्र की शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नरेंद्र सोमवंशी सहित सात-आठ अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दबंग ने पिता पुत्र पर पत्थर से किया हमला, घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** केबिल काटने का विरोध करने पर दबंग ने पत्थर से हमला कर दिया। जिससे पिता-पुत्र घायल हो गये। घटना के संबंध में आरोपी युवक  के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र नवाबगंज के गाँव मिल्क मौज मुल्ला निवासी विमलेश कुमार की विद्युत केबिल घर पास लगे ट्रांसफार्मर से जुड़ी है। जिसपर गाँव के ही एक युवक ने प्लास से केबिल को काटकर फेंक दिया। जिस पर केबिल कटने की जानकारी विमलेश कुमार को हुई। विमलेश कुमार ने युवक से केबिल काटने की बात की तो युवक गाली गलौज कर मारपीट कर पत्थर चलाने लगा। जिसपर विमलेश कुमार के 5 वर्षीय पुत्र सनी के आँख के पास जा लगी। मारपीट में पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। विमलेश ने थाना पुलिस को युवक के खिलाफतहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी।

### गैंगस्टर के आरोपी को दो वर्ष एक माह का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैंगेस्टर एक्ट के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष गैगेस्टर एक्ट न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त सुनील पुत्र मसाल तेली निवासी चुरसई जहानगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दो वर्ष एक माह का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत 20 वर्ष पूर्व तत्कालीन थानाध्यक्ष टीआर वर्मा ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण वर्ष 1986 के तहत राजीव उर्फसंजीव, राजवीर, सुनील, कुंवर पाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अन्य आरोपी को न्यायालय द्वारा दंडित किया जा चुका। सुनील की पत्रावली पृथक हो गई थी। न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त सुनील को दो वर्ष एक माह का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### महिला को पीटने पर छह पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बसईखेड़ा निवासिनी वरिष्ठ नागरिक महिला मिथलेश पत्नी स्व0 राधेश्याम ने गांव के ही बबलू खां, वाजिद खां पुत्रगण आजाद खां, करू खां पुत्र दौलत शेर, निशाद खां पुत्र छक्कू खां व दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध घर में घुस कर गाली-गलौज कर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है तहरीर के अनुसार 17 मई रात नौ बजे उपरोक्त सभी आरोपित मेरे घर में घुस आए और पुरानी रंजिश को लेकर मेरे साथ गाली-गलौज कर लाठी डंडों से मारपीट की और बाद में कहा की यदि पुलिस से शिकायत की तो तुझे जान से मार डालूंगा। मेरे काफी गंभीर चोट होने के कारण मैं थाने ना पहुंच सकी। इलाज कराने हेतु अपनी पुत्री के घर चली गई। गांव के किसी व्यक्ति ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पीड़िता वरिष्ठ नागरिक महिला ने थाने पहुंच पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### एक माह बाद दर्ज हुआ दुर्घटना का मुकदमा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** थाना व गांव मेरापुर निवासी जोगेंद्र पुत्र स्व0 रामदुलारे ने बाइक नंबर यूपी 84एआर 8280 के चालक शामल के विरुद्ध मार्ग दुघर्टना का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 23 अप्रैल शाम 6:30 बजे मेरी पत्नी स्नेहलता खेत से भैंस व उसके बच्चे को लेकर घर जा रही थी, तभी गांव की पुलिया के पास उपरोक्त बाइक चालक शामल ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिससे भैंस के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई और मेरी पत्नी स्नेहलता गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार हेतु मोहम्मदाबाद ले गए जहां से लोहिया के लिए रेफर कर दिया। लोहिया में मेरी पत्नी का इलाज चल रहा है। बाइक चालक शामल गांव के ही अपने नाना रामऔतार जाटव के घर पर रहता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर झुलसा, भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्रह्मपुर जागीर निवासी शिवकांत पाल के यहां निर्माणाधीन मकान पर टीनसेट पड़ रही थी। मजदूरी के लिए राजू कठेरिया उम्र 28 वर्षीय पुत्र राजेश कठेरिया आया हुआ था। मकान के ऊपर से 33000 वोल्ट की हाई टेंशन लाइन निकली है। उसकी चपेट में मजदूर राजू कठेरिया आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में मकान मालिक शशिकांत पाल ने निजी वाहन से कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

# मारपीट के मामले में चार आरोपियों को पांच वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

घर में घुसकर मारपीट के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त जगदीश पुत्र रमेश, नरेश पुत्र हरिपाल, रामसिंह पुत्र मालिखान, महावीर पुत्र सिकंदर समस्त निवासीगण ग्राम राई राजेपुर को दोषी करार देते हुए पांच-पांच वर्ष का कारावास व पांच पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत सात वर्ष पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम निवासी लड़ती पत्नी जवाहर लाल ने न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसमें बताया कि समय करीब आठ बजे वह अपनी छत पर खाना बना रही थी, पास डिब्बी जल रही थी, घर मेरी सास नन्ही देवी, पुत्री पूजा मौजूद थी। मेरी पति दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते है। घटना के समय वह दिल्ली में थे। शाम के आठ बजे गांव के जगदीश, नरेश, राम सिंह, महावीर घर में घुसकर जीने से छत पर आ गए। जगदीश के हाथ में तमंचा, राम सिंह के हाथ में सरिया, नरेश, महावीर के हाथ में डंडे थे, सभी गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। चीख पुकार की आवाज सुनकर गांव कई लोग आ गए। आरोपीगणों ने सोने की जंजीर तोड़ ली तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर न्यायालय में याचिका दायर की। दोनों पक्षों की सुनवाई के दौरान साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त जगदीश, नरेश, राम सिंह, महावीर को दोषी करार देते हुए पांच-पांच वर्ष का कारावास पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# महिला का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव, हत्या का आरोप

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के गांव महोना निवासी राधेश्याम की पुत्री संगीता की शादी लगभग छह वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज के गांव बसंतापुर निवासी सरवन के पुत्र रामतीर्थ के



मृतका का फाइल फोटो

साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद रामतीर्थ अक्सर शराब पीने लगा और नशे की हालत में घर आकर पत्नी संगीता को अक्सर गाली-गलौज व मारपीट करने लगा। शुक्रवार रात संगीता का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। रात लगभग साढ़े बारह बजे संगीता की सास नन्ही देवी ने संगीता के भाई इंद्रेश को फोन कर बताया कि संगीता ने साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। जानकारी मिलने पर शनिवार सुबह लगभग 4 बजे इंद्रेश अपने परिजनों के साथ गांव बसंतापुर पहुंचा और यूपी 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। यूपी 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शुरुआती जांच की। इसके बाद थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली।

मृतका के भाई इंद्रेश ने बताया कि बहनोई रामतीर्थ आए दिन शराब के नशे में घर आकर बहन संगीता के साथ मारपीट करता था। शुक्रवार रात को भी रामतीर्थ ने शराब के नशे में संगीता के साथ मारपीट की थी। संगीता से रात साढ़े आठ बजे बातचीत भी हुई थी। तो उसने जानकारी दी थी। इसके बाद बहनोई व उसके परिजनों ने मिलकर बहन संगीता की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। मृतका संगीता के पांच वर्ष की पुत्री राशि और डेढ़ वर्षीय पुत्र विनायक हैं।

सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह आर्य मौके पर पहुँचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृतका के भाई इंदेश ने पुलिस को बहनोई व उसके परिजनों के खिलाफ बहन संगीता की हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व मिली तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक फिसलने से चोटिल वृद्ध की मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव के पास शनिवार शाम एक सड़क हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग गंगासिंह की मौत हो गई। वे एक शांति पाठ कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जनपद एटा के जैथरा थाना क्षेत्र के पटेयोर गांव निवासी गंगासिंह नवाबगंज नगर के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी सूबेदार के यहां शांति पाठ में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वे वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान, नवाबगंज थाना क्षेत्र के वलीपुर गांव के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और वे सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बुजुर्ग गंगासिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बाइक के नंबर के आधार पर फोन नंबर निकालकर परिजनों को सूचित किया गया। जिसके बाद मृतक की पहचान हो सकी। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। मृतक गंगासिंह के दो पुत्र हैं, जिनमें बड़ा पुत्र तेजपाल सेना में कार्यरत है और छोटा पुत्र अर्जुन है।



रोते बिलखते मृतक के परिजन



### छेड़छाड़ व पास्को एक्ट के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** छेड़छाड़ व पास्को एक्ट के मामले में न्यायाधीश ने अभियुक्त अवनीश पुत्र मुन्नालाल निवासी दहेलिया मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए ३ वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वर्ष २०१७ में पीड़िता ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि उसकी नातिन सुबह खेत पर शौच करने गयी थी, तभी अवनीश पुत्र मुन्नालाल ने मेरी नातिन को बुरी नियत से पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा तथा उसे गन्ने के खेत में खीचनें लगा। चीखपुकार करने पर मेरा नाति व गांव के अन्य लोग आ गये। जिन्हे देखकर आरोपी भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। दोनों पक्षों की सुनवाई के दौरान साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायाधीश ने अभियुक्त अवनीश पुत्र मुन्नालाल निवासी दहेलिया मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए ३ वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### जिलाधिकारी ने की बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं, नामांकन अभियान तथा दिव्यांग बच्चों हेतु संचालित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत निर्धारित 35,800 नामांकन लक्ष्य के सापेक्ष केवल 25,421 नामांकन होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नामांकन बढ़ाने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विशेष प्रयास करने होंगे तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रणनीति अपनानी होगी। मोहम्मदाबाद क्षेत्र में नामांकन की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी का दायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। वहीं कम्पिल एवं शहरी क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम नामांकन होने पर भी उन्होंने असंतोष व्यक्त किया तथा संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को मुख्यालय से संबद्ध किए जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में 10 से कम विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है, उनकी सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही ऐसे विद्यालयों की स्थिति के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर आख्या प्रस्तुत की जाए। बैठक में समावेशी शिक्षा की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्पेशल एजुकेटर द्वारा मई माह के दौरान कितने दिव्यांग बच्चों के घर जाकर भ्रमण किया गया है, इसकी विस्तृत सूची उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक विद्यालय में विशेष शिविर आयोजित कर फैमिली आईडी बनवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे पात्र परिवारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। दिव्यांग बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के लिए सुलभ शौचालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां तत्काल निर्माण कार्य कराया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक खेल सामग्री एवं खेल उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी विद्यालयी जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के लिये प्रेरित करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

- न्यायाधीश ने अभियुक्त नसीम को दस हजार रुपए के अर्थदंड से किया दंडित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 7 न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने अभियुक्त नसीम पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम बाराकेशव नवाबगंज को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कठोर कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

विगत सात वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज पुलिस को मोहम्मद इंसाफ ने दी गई तहरीर में बताया कि मैंने अपनी पुत्री अंजुम की शादी नसीम के साथ की थी। मैं कुछ दिनों बाद पुत्री के घर बिदाई करवाने के लिए गया तो ससुरालीजन ने पुत्री की विदाई नहीं की। उसके बाद फोन आया कि पुत्री ने फांसी लगा ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नसीम, जान मोहम्मद के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सक्सेना की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने अभियुक्त नसीम को तीन वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# दवा लेकर लौट रहे बाइक सवार को लोडर ने मारी टक्कर, मौत

- पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल व लोडर को कब्जे में लिया

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।

कान के दर्द की दवा लेकर वापस घर लौटते समय बाइक सवार को तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं लोडर को भी अपने कब्जे में ले लिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी सौरभ शर्मा उम्र 28 वर्षीय पुत्र राजेश शर्म अपाचे बाइक संख्या यूपी 76एडब्लू/5945 से अपने कान के दर्द की दवा लेने गया था। वहाँ से दवा लेकर वापस घर लौटते समय जैसे ही वह गाँव बरझाला कोतवाली कायमगंज के निकट पहुँचा, तभी फर्रुखाबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार लोडर संख्या यूपी 70एमटी/0848 की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे मे अपाचे बाइक सवार सौरभ की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना में मृतक की बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना को अंजाम देने वाले लोडर में शराब की पेटियां लदी हुई थी। हादसे के बाद लोडर चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन आसपास मौजूद राहगीरों ने पीछा कर वाहन व चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे क्राइम इस्पेक्टर महेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राम नरेश माथुर, कांस्टेबिल विजय गूर्जर सहित पुलिस बल ने मौके पर पहुँचकर जाँच पडताल कर मृतक के शव का पन्चनामा भरवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की मां स्नेहलता, मृतक के भाई  आलोक, नीतेश, नितिन सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया है कि मृतक सौरभ चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी बहन रागिनी की शादी हो चुकी है मृतक मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।





घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व परिजन

# सरकार बनानी है तो बूथ करो मजबूतः राधेश्याम सविता

**▶ वोटर लिस्ट में छिपा है लखनऊ जाने का रास्ता**


वोटर लिस्ट चेक करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए पूरी तरह से चुनावी मोड़ में आ चुकी है। सपा मुखिया एक तरफ जहां आए दिन महंगाई, बेरोज़गारी, पेपर लीक, आरक्षण एवं अपराध को लेकर सरकार पर हमलावर रहने के साथ ही पीडीए के बैनर तले जहां पार्टी की सोशल इंजीनियरिंग मजबूत करने में लगे हैं, वहीं दूसरी तरफ एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अचानक से पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता बूथ पर माइक्रो लेबल मैनेजमेंट के लिए एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने विधानसभा क्षेत्र भोजपुर के खिमसेपुर की बूथ संख्या 62, 63, 64, 65 की वोटर लिस्ट की स्कैनिंग की। उन्होंने कहा कि 2027 का चुनाव समाजवादियों के लिए करो या मरो के समान है, बड़े स्तर की सारी चीजों को पार्टी के बड़े नेताओं के ऊपर छोड़ देना चाहिए।

हम लोग छोटे कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ताओं का मूल काम बूथ मैनेजमैंट का होता है, जिस कार्यकर्ता के मन में सरकार बनाने की आकांक्षा है, उसे बूथ पर काम करना ही पड़ेगा, बिना बूथ पर काम किए सरकार नहीं बन सकती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पार्टी के बड़े नेता, बड़े पदाधिकारी जातीय समीकरण टिकट वितरण अन्य जो भी बड़े मुद्दे हैं उन सब पर काम कर रहे हैं। हमें उन मुद्दों पर ध्यान नहीं देना है ना ही उन मुद्दों पर आपस में बहस करनी है, हमें सिर्फ अपनी पोलिंग स्टेशन पर फोकस करना है। बहुत सी छोटी-छोटी चीजें बूथ से ही निकाल कर आती हैं। आपकी अपनी जो वोटर लिस्ट है उसी में लखनऊ जाने का रास्ता छिपा हुआ है, अगर आपको सरकार बनानी है तो अपने बूथ पर काम करना सुनिश्चित करो। अपनी वोटर लिस्ट को अपनी आंखों से स्कैन करो एक-एक वोट आपकी नजर में होना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के लोग बड़े ही मायावी हैं ये कुछ कहकर कुछ करने वाले लोग हैं, कार्यकर्ता पूरे मनोबल और इच्छा शक्ति के साथ इस चुनाव में लग जाएं, जनता पूरी तरह से हमारे साथ है हम लोग स्पष्ट बहुमत की पीडीए सरकार बनाने जा रहे हैं, बस सावधानीपूर्वक भाजपा की मायावी चालों को समझना है और जनमत के अपहरण के लिए उनके द्वारा चली गई हर चाल को पकड़कर उसे विफल करना होगा, यदि हमने इतना कर लिया हमें सरकार बनाने से कोई नहीं रोक सकता। इस मौके पर बीएलए दीपक श्रीवास्तव, अवधेश प्रजापति, विनीश वर्मा, दिलीप श्रीवास्तव, सुनील कमल, शशांक कमल आदि मौजूद रहे।

# कनोडिया बालिका इंटर कालेज में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत महावारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया।

थीम के अन्तर्गत क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर, जिंगल, मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता ने किशोर स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरुक किया और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि गलत फहमियों को तोड़ना एवं चुनौतियों का समाधान आवश्यक है। उन्होंने मासिक धर्म को सामान्य बनाना व सुरक्षित एवं सम्मानजनक एवं गर्व के साथ मासिक धर्म अनुभव करना चाहिए।

प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय में स्वास्थ्य समिति गठित है, जो समय-समय पर किशोरियों को हेल्थ एवं वेलनेस प्रोग्राम द्वारा जागरुक किया जाता है। शिक्षिका दर्शना शुक्ला, मंजू, अंजना दीक्षित, पूनम शुक्ला ने महावारी स्वच्छता प्रबंधन पर विचार व्यक्त किये। उप प्रधानाचार्य कुसुमलता, सीमा तिवारी, राधा दीक्षित, अनीता सिंह, पवित्रा, दीप्ती वर्मा, सुनीता पाण्डेय, पारुल जैन, स्वाती, दिव्या उपस्थित रही।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक


अमृतपुर में महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस भीषण गर्मी में भी पुलिस शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में छात्राओं व महिलाओं को जागरुक कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

महिला थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

# भाकियू श्रमिक जन शक्ति के राष्ट्रीय अधिवेशन में जायेंगे कार्यकर्ता


ज्ञापन देने दौरान मौजूद भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर आगामी 4 एवं 5 एवं 6 जून को अलकनंदा ग्राउंड होटल गंगा जी तट हरिद्वार उत्तराखंड में आयोजित होना है। जिसको लेकर भाकियू नेताओं ने क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। राष्ट्रीय अधिवेशन में संगठन के राष्ट्रीय, प्रदेश, मण्डल, जनपद तहसील, ब्लाक–एवं ग्राम स्तर के सम्मानित पदाधिकारी, किसान साथी तथा मातृशक्ति महिलाए एवं बहनें भारी संख्या में सम्मिलित होगें। सभी पदाधिकारी ३ जून को गृह जनपद से रेल मार्ग द्वारा हरिद्वार उत्तराखण्ड जायेंगे। यात्रा के दौरान सुरक्षा सहायता हेतु विभागों को निर्देशित किया जाये। जिससे कोई असुविधा न हो। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, कृष्णा, आराधना आदि महिलायें भी मौजूद रही।

# जीवीए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में ओरिएंटेशन प्रोग्राम वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


विद्यार्थियों को जागरुक करते प्रेम रावत

बढ़पुर स्थित संस्थान में टीपीआरएफ की टीम के प्रेम रावत के द्वारा बनाए गए फाउंडेशन टीआरपीएफ के विषय में जानकरी दी गई। पीस एजुकेशन ओरियंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से आज के युग में मनुष्यों की मूलभूत सुविधाओं और जीवन से जुड़ी बहुमूल्य आवश्यकताओं के विषय में जानकारियां दी जाती हैं। टीपीआरएफ टीम की सदस्य एवं पूर्व प्रधानाध्यापिका सर्वेश शाक्या के साथ साथ उनकी टीम से नीरज कटियार, सचिन शर्मा ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली एवं प्रोजेक्टर पर छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को जागरूक करने के साथ साथ प्रेम रावत के अनुसार संदेश है कि सच्ची शांति किसी बाहरी परिस्थिति से नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर मौजूद है और इसे आत्म-ज्ञान (सेल्फ नॉलेज) व्यावहारिक अभ्यास द्वारा अनुभव किया जा सकता है। अतः मनुष्य को शांति कहीं बाहर नहीं बल्कि अपने अंदर ही तलाशनी होगी। आज के समय में मनुष्य अपने मन की सुख शांति को भूलने लगा है। प्रेम रावत की ऑर्गेनाइजेशन द प्रेम रावत फाउंडेशन के द्वारा विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने का कार्य किया जाता है। जीवीए संस्था के संस्थापक विपिन अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में रहे। डॉ0 मनोज चतुर्वेदी ने टीपीआरएफ की पूरी टीम का धन्यवाद दिया। विपिन अवस्थी ने ऑर्गनाइजेशन के द्वारा युवाओं के हित में नित प्रतिदिन किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विपिन अवस्थी को टीपीआरएफ की टीम ने पुस्तक एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षिका शिल्पी सक्सेना सहित विभिन्न युवा उपस्थित रहे।

# अ.भा. उद्योग व्यापार मण्डल बंसल गुट के जिला महामंत्री बने रविकांत

**▶ नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अंकित गुप्ता को मिली**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


नियुक्ति पत्र दिखाते नवनियुक्त पदाधिकारी

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय/प्रांतीय कार्यालय विधायक निवास दारुल सभा लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल द्वारा जनपद की कार्यकारिणी विस्तार में प्रांतीय अध्यक्ष रिपुन कंसल द्वारा जिला महामंत्री पद पर रविकांत गुप्ता को एवं जिला प्रभारी पद पर अजय सक्सेना को एवं फर्रुखाबाद नगर अध्यक्ष पद पर अंकित कुमार गुप्ता एवं नगर महामंत्री पद पर विवेक कुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया एवं सभी को नियुक्ति पत्र एवं टोपी लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। निर्देश दिया गया एक माह के अंदर अपनी-अपनी कमेटी गठित करके लखनऊ कार्यालय को सूचित करें एवं व्यापारिक समस्याओं के लिए सदैव तत्पर रहे।

सत्यनारायण वर्मा के अनुरोध पर कायमगंज के वरिष्ठ व्यापारी शंभू दयाल कौशल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। प्रमुख सलमान मीडिया प्रभारी, विजय सक्सेना, माइकल गुप्ता, अंशु गुप्ता शामिल है। जिनको जल्द ही जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष को स्वदेशी व्यापार मंच का सहसंयोजक बनाए जाने पर हम सभी ने बधाई दी है। वहीं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय गर्ग ने दोनों व्यापारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन को मजबूती मिलेगी। शंभू दयाल कौशल, उमेश गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, रविकांत गुप्ता, नीरज अग्रवाल, अंकित गुप्ता, विवेक गुप्ता, रोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर चिकित्सकों ने तम्बाकू सेवन न करने की ली शपथ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


शपथ लेते चिकित्सक व तीमारदार

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर चिकित्सा प्रभारी डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि तम्बाकू का सेवन मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। घूम्रपान और अन्य तम्बाकू उत्पादो के उपयोग से कैसर हृदय रोग फेफड़ों की बीमारी उच्च रक्तचाप और सास संबंधी कई गम्भीर बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से तम्बाकू सेवन से दूर रहने और स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि तम्बाकू सेवन आज एक गम्भीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। तम्बाकू के कारण हर वर्ष बडी संख्या में लोग जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ रहे है। युवा पीढ़ी को विशेष रूप से तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है, यदि लोग समय रहते तम्बाकू से दूरी बना ले तो कई गम्भीर बीमारियों से बचा जा सकता है। कहा कि केवल एक दिन जागरूकता कार्यक्रम चलाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि समाज के हर वर्ग को मिलकर तम्बाकू मुफ्त भारत के अभियान को सफल बनाना होगा। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल कर्मियों ने ओपीडी में उपचार के लिए आए मरीजों को तम्बाकू का सेवन नहीं करने व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने को प्रेरित किया। इस दौरान डॉ. नदीम, डॉ. अमित, डॉ. सचिन, डॉ. अमरेश आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोलेपुर पर अग्निसुरक्षा के संबंध में किया जागरुक


जागरुक करते प्रभारी अग्निशमन केंद्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी फतेहगढ़ के निर्देशन में प्रभारी अग्निशमन केंद्र प्राँशु अवस्थी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोलेपुर में उपस्थित डॉक्टर, हॉस्पिटल स्टॉफ व उपस्थित जनसमूह को अग्निसुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी की जानकारी दी गई। साथ ही कर्मचारियों को जागरूक करने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया गया।

# भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के जिलाध्यक्ष बने व्रजनन्दन शाक्य


मनोनयन पत्र सौंपते बबलू दीक्षित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के द्वारा थाना कंपिल के अंतर्गत कस्बा शिवराज में मणि मंदिर के पावन प्रांगण में किसान पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के जिलाध्यक्ष पद पर व्रजनन्दन शाक्य को नियुक्ति किया गया। निर्णय लिया गया कि जनपद के संगठन के सभी कार्यक्रम, धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, घेराव आदि समस्त कार्य व्रजनन्दन शाक्य के नेतृत्व में किये जायेंगे। आदेश चौहान निवासी कमालगंज को प्रदेश महा सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। राकेश सरदार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। कई अन्य लोगों को जिला कार्यकारिणी टीम में पद नियुक्ति की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महा सचिव राजेश कुमार बबलू दीक्षित, प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी, गुलाम शाकिर, दीप, राजवीर सिंह, राणा मनमोहन सिंह, ध्यान सिंह, गौरव मिश्रा, धर्मवीर गंगवार, प्रशान्त भोला सहित आदि उपस्थित रहे।

# न. पं. संकिसा बसंतपुर के नवीन कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


नवीन कार्यालय का उद्घाटन करते सांसद व विधायक

नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर के नवीन कार्यालय का उद्घाटन सांसद मुकेश राजपूत व अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने फीता काटकर किया। नगर पंचायत संकिसा बंसतपुर के कार्यालय के शुभारम्भ पर सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ।

विधि विधान से पूजन के बाद सांसद व विधायक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहाकि नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर के बनने से क्षेत्र का विकास हुआ है। संकिसा बौद्ध तीर्थ स्थल है। यहां से कुछ दूरी पर बाबा नीमकरोरी का धाम है और मोहम्मदाबाद में लिंक एक्सप्रेस-वे जुड़ने से क्षेत्र का लगातार विकास हो रहा है। ऐसे में पूर्व में मैंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर हैलीपैड बनवाने की मांग की है। हैलीपैड बन गया तो यहां बाहर के श्रद्धालुओं को आने-जाने में फायदा होगा। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि संकिसा बसंतपुर मेरी विधानसभा के साथ-साथ तीर्थ स्थल भी है। यहां का विकास बहुत जरुरी था। पिछली सरकारों ने अनदेखा किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने नवीन कार्यालय खुलने पर क्षेत्र की जनता को बधाई दी।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम राजपूत ने कहा कि कार्यालय बनने से क्षेत्र की जनता अपने कार्यों के लिए आयेगी और उनका निस्तारण मौके पर होगा, जिसके लिए विधिवत रुप से कार्यालय सम्पन्न हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता राहुल राजपूत ने सभी सभासदों व क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार वैस ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक शरद बाजपेयी के अलावा बड़ी संख्या में लोग व सभासद मौजूद रहे।

## पुठरी मंदिर से चोरी करने वाला निकला मंदिर का व्यक्ति

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों क्षेत्र के ऐतिहासिक शिव मंदिर पर अज्ञात द्वारा घंटों को काटकर चोरी कर लिया गया था। पुलिस की जांच पड़ताल के दौरान सीसीटीवी के माध्यम से चोरों की पहचान की गई है। थाना क्षेत्र के गांव पुठरी में बने ऐतिहासिक शिव मंदिर पर बीते तीन दिन पूर्व सैकड़ो की संख्या में बंदे घंटे में से कुछ घंटे काट लिए गए थे। जिसकी जानकारी सुबह मंदिर के महंत बाबा सुरेश भारती ने उठकर देखा तो मंदिर के कपाट खुले हुए थे और अंदर जाकर देखा तो उसमें से कुछ घंटे चोरी कर लिए गए थे। जिसकी जानकारी मंदिर के सेवा दाताओं को हुई तो सेवा दाताओं ने लगातार जानकारी करते हुए सुबह जब मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा की खंगाला तो मंदिर परिसर में ही रहने वाले एक व्यक्ति की जानकारी सामने आई। वह घंटा काट कर चोरी करते हुए ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिया। महेंद्र सुरेश भारती से मामले की तहरीर थाना पुलिस में देने की बात कही, तो वह कुछ नहीं बता सके और ना ही पुलिस तक कोई सूचना दी गई। मंदिर में घंटे चोरी करने की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।


उद्घाटन के दौरान विधायक व सीएमओ आदि

## सदर विधायक ने पोस्टमार्टम हाउस में प्रतिक्षालय व वाटर कूलर का किया लोकार्पण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने अपनी विधायक निधि से निर्मित पोस्टमार्टम हाउस फतेहगढ़ में प्रतिक्षालय का लोकार्पण किया। जिससे वहां पर आने जाने वाले लोग पोस्टमार्टम के दौरान बैठ सकेंगे और परिजनों को शुद्ध व साफ पानी पीने हेतु मिल सकेगा। आने वाले परिजनों की समस्या को देखते हुए पोस्टमार्टम हाउस पर पिछले काफी दिनों से पानी की भी समस्या बनी हुई थी। जिसको लेकर वाटर कूलर लगाया गया। जिसका लोकार्पण सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने किया। पोस्टमार्टम हाउस में पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी अवनेन्द्र कुमार, भाजपा फतेहगढ़ नगर मण्डल अध्यक्ष रमला राठौर, अमन गुप्ता व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# बूथ पर वोटर लिस्ट स्कैनिंग को जमीन पर उतरे सपा नेता


वोटर लिस्ट स्कैनिंग करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा चुनाव 2027 की सुगबुगाहट जमीन पर तेज हो गई है, बयानबाजी की गहमागहमी के बीच समाजवादी पार्टी जिला संगठन बूथ स्तर पर काफी सक्रियता के साथ जुटा हुआ है। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं जिला महासचिव इलियास मंसूरी के नेतृत्व में विधानसभा सदर के बूथ संख्या 109, 110, 111, 112, 113 बूथ पर वोटर लिस्ट स्कैनिंग की। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा की बूथ पर काम और वोटर लिस्ट स्कैनिंग बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संवेदनशीलता के साथ इस कार्य को करें और पूरी वस्तु-स्थिति से जिला कार्यालय को अवगत कराएं। प्रत्येक वोट को वेरिफाई करना और छुटे हुए वोटों को बनवाना ही मुख्य रूप से सुनिश्चित करना होगा। चाहे कोई बड़ा नेता हो या आम कार्यकर्ता अपने बूथ का वो स्वतरू ही प्रभारी है। बीएलए के सहयोग से इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करें।

जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि यह कार्य बहुत ही संवेदनशील है, हवा में गाठें लगाने से कुछ नहीं होने बाला, बूथ बिना जीते सीट नहीं जीतोगे और सीट बिना जीते सरकार बनाने की सोचना भी दूर की कौड़ी है। इसलिए यदि सरकार बनानी है तो बूथ पर जीत सुनिश्चित करो, और बूथ पर बिना काम किए जीता नहीं जा सकता। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, विनीत परमार, पवन कठेरिया, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा, अमित कठेरिया, निजाम अंसारी, जियाउल हक, इमरान खां, शीलू खां आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेती डीएम

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के व्यापारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

डीएम ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा व्यापारिक गतिविधियों को सुगम बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। डीएम ने नगर क्षेत्र में बढ़ती आवारा गौवंश की समस्या के समाधान हेतु प्रतिदिन अभियान चलाकर गौवंशों को पकड़ने एवं उन्हें सुरक्षित गौशालाओं में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे यातायात व्यवस्था सुचारू होगी तथा व्यापारियों एवं आमजन को राहत मिलेगी। बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण की समस्या भी उठाई गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क एवं फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए सतत निगरानी की जाए। ठेली एवं रेहड़ी संचालकों के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उनके लिए उपयुक्त स्थानों का चिन्हांकन किया जाए, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित न हो तथा यातायात एवं बाजार व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे। व्यापारियों द्वारा सेंट्रल जेल के पास फुटपाथ पर लगी दुकानों के कारण उत्पन्न हो रही असुविधा का मुद्दा उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दुकानों को व्यवस्थित रूप से पीछे स्थानांतरित कर फुटपाथ को आमजन के उपयोग हेतु मुक्त कराने के निर्देश दिए।

बैठक में व्यापारियों द्वारा बस स्टेशन परिसर में लगाए गए वृक्षों के क्षतिग्रस्त होने का विषय भी उठाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर पौधरोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा।

लाल सराय स्थित बेडिंग जोन में पार्किंग की समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्किंग की बेहतर व्यवस्था से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा यातायात व्यवस्था भी सुगम होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा पर जिलाधिकारी सख्त

# नियम तोड़ने वालों पर हो सख्त कार्रवाई, वाहनों के सीज करने में न हो हिचक: डीएम

▸ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, संकेतक, रंबल स्ट्रिप और स्पीड बोर्ड लगाने के निर्देश, टी-जंक्शन होंगे सुरक्षित



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव, एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा का विषय है। परिवहन और पुलिस विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर सड़क पर ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, अन्य प्रमुख मार्गों पर आवश्यक संकेतकों तथा निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। सड़क पर स्पष्ट संकेतक और गति सीमा की जानकारी दुर्घटनाओं को कम करने में अहम भूमिका निभाती है। बैठक में डीएम ने मुख्य मार्गों से जुड़ने वाले टी-जंक्शनों को दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बताते हुए वहां रंबल स्ट्रिप बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए तैयार कार्ययोजना और अब तक किए गए सुधारात्मक उपायों की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। डीएम ने डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा से विद्यालयों में गठित रोड सेफ्टी क्लबों की स्थिति और उनकी सक्रियता की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का संदेश देने पर जोर दिया। बैठक में एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्यवाहियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जबकि सीओ ट्रैफिक ने पुलिस विभाग की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन वाहनों पर पांच से अधिक चालान लंबित हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर सड़क सुरक्षा संबंधी अभियानों को और प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आमजन, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया।

**इनकी रही मौजूदगी**

बैठक में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एसडीएम, एआरटीओ शांति भूषण पांडे, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, तरुणेन्द्र त्रिपाठी, केके झा, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/गोला, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, शुगर मिल के प्रतिनिधि, सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

## उचौलिया को कल्लुआ पावर हाउस से जोड़ने की मांग, उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया-खीरी।**



क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार और निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर उचौलिया के बिजली उपभोक्ताओं ने पावर हाउस पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उचौलिया फीडर को तत्काल कल्लुआ विद्युत उपकेंद्र से जोड़ने की मांग उठाई। उपभोक्ताओं का कहना है कि उचौलिया क्षेत्र के लिए स्वीकृत विद्युत उपकेंद्र ग्राम पंचायत कल्लुआ में बनकर तैयार हो चुका है और करीब दो माह से संचालित भी है, लेकिन अभी तक उचौलिया फीडर को उससे नहीं जोड़ा गया है। इसके कारण क्षेत्र के लोगों को लगातार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि खराब विद्युत आपूर्ति से घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा किसान और व्यापारी भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि उचौलिया को जल्द से जल्द कल्लुआ पावर हाउस से जोड़ा जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर बिजली व्यवस्था मिल सके। प्रदर्शन के दौरान उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### ईसानगर विकास खण्ड के 81 ग्राम प्रधान बने प्रशासक, मुख्यमंत्री का जताया आभार




**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** ईसानगर विकास खण्ड के 81 ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक बनाए जाने पर क्षेत्र के प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए इसे गांवों के विकास और प्रशासनिक कार्यों को गति देने वाला निर्णय बताया। ग्राम प्रधान लखपेड़ा सरस्वती प्रताप एवं ग्राम प्रधान चन्द्रास खुर्द प्रतिनिधि अतुल त्रिपाठी ने सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लगातार गरीबों और जरूरतमंदों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना में पात्र लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रधान प्रतिनिधि अतुल त्रिपाठी ने कहा कि यदि गरीब और पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ सही तरीके से पहुंचेगा तो आने वाले समय में जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए मजबूत मुद्दे होंगे और प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब, किसान और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रधानों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं तथा पंचायतों को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार सकारात्मक फैसले लिए जा रहे हैं। इस दौरान अन्य ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे और सभी ने सरकार के निर्णय पर खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### आंधी आने पर छत से गिरी महिला, उपचार के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में शुक्रवार भोर में आई तेज आंधी के दौरान छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुई महिला की उपचार के दौरान प्रयागराज स्थित एक निजी अस्पताल में शनिवार सुबह मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में चीख पुकार मच गई। मड़वा धनावल गांव निवासी किसान राम नारायण सरोज की 48 वर्षीया पत्नी गीता देवी गुरुवार की रात खाना खाने के बाद अपने पक्के मकान की छत पर सो रही थी। शुक्रवार भोर में आई तेज आंधी में नींद खुली तो छत से नीचे उतरने के लिए सीढ़ियों के पास जा रही थी कि तेज हवाओं के झोंको से असंतुलित होकर छत से नीचे गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन फानन में निजी साधन से उपचार हेतु प्रयागराज स्थित जीवन ज्योति अस्पताल में भर्ती करवाए। जहां सीने में आई गंभीर चोट के कारण उपचार के दौरान शनिवार सुबह पांच बजे के करीब गीता देवी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।मृतका को दो पुत्र हैं।पति रामनारायण खेती.बाड़ी कर परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। महिला की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे ग्राम प्रधान रमेश सिंह ने पीड़ित किसान परिवार को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। महिला की मृत्यु की खबर मिलने पर गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

### विदाई से पहले एग्जाम देने पहुंची दुल्हन, विवाह समारोह से परीक्षा केंद्र लेकर पहुंचा दूल्हा

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** बीए चतुर्थ समेस्टर की छात्रा गुड्डन देवी शादी के जोड़े में बीए चतुर्थ सेमेस्टर के राजनीतिक विज्ञान विषय के पेपर में शामिल होने के लिए सीधे विवाह समारोह के बाद परीक्षा केंद्र पहुंची। मवई कला के पंचशील महाविद्यालय में शनिवार को बीए की छात्रा गुड्डन देवी शादी के जोड़े में परीक्षा देने पहुंची। महाविद्यालय में आयोजित चतुर्थ सेमेस्टर के राजनीतिक विज्ञान विषय के पेपर में शामिल होने के लिए वह सीधे विवाह समारोह के बाद परीक्षा केंद्र पहुंची जानकारी के अनुसार गुड्डन ग्राम परसिया कला की निवासी हैं और उनकी शादी संतोष कुमार के साथ 29 मई को सम्पन्न हुई है। विवाह की रस्में विधिवत संपन्न होने के बाद अगले दिन विदाई से पहले ही गुड्डन देवी ने अपनी पढ़ाई और परीक्षा को प्राथमिकता देते हुए परीक्षा देने का निर्णय लिया। सबसे खास बात यह रही कि दूल्हा संतोष कुमार स्वयं चार पहिया वाहन से अपनी नवविवाहिता पत्नी को परीक्षा केंद्र तक लेकर पहुंचा। शादी के लाल जोड़े में परीक्षा केंद्र पहुंची गुड्डन देवी को देखकर महाविद्यालय परिसर में मौजूद छात्र.छात्राओ और शिक्षकों ने उसके इस कदम की सराहना की। प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य ने बताया की बीए चतुर्थ समेस्टर की छात्रा गुड्डन देवी शादी के बाद अपने पति के साथ परीक्षा केंद्र पर आकर परीक्षा दिया है परीक्षा के बाद छात्रा अपने पति के साथ रवाना हुई है।



## तेज आंधी-बारिश में अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप, चालक सुरक्षित

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।**




सिंगाही थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के बीच सिंगाही-बेलरायां स्टेट हाईवे पर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और चालक बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार क्षेत्र में अचानक मौसम खराब होने से तेज हवाएं चलने लगीं और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। खराब दृश्यता और फिसलन भरी सड़क के कारण वाहन चलाना कठिन हो गया था। इसी दौरान पिकअप चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित वाहन से बाहर निकाल लिया। हादसे के कारण कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई। हादसे में पिकअप वाहन को मामूली क्षति पहुंची है। स्थानीय लोगों ने खराब मौसम के दौरान वाहन चालकों से सावधानी बरतने और नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की है।

# ट्रांसफर में भी 'पारदर्शिता मॉडल', सीडीओ अभिषेक कुमार ने बदली व्यवस्था की तस्वीर

▸ खुली बैठक में बताईं रिक्तियां, कर्मचारियों ने खुद चुना ब्लॉक हाथों-हाथ मिला आदेश

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी**

**न चक्कर, न सिफारिश... कर्मचारियों की पसंद से मिली तैनाती**

स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर अक्सर उठने वाले सवालों और चर्चाओं के बीच लखीमपुर खीरी में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने पारदर्शिता और सुशासन की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी चर्चा विकास भवन से लेकर गांवों तक हो रही है। शासन की स्थानांतरण नीति का अक्षरशः पालन करते हुए सीडीओ ने कर्मचारियों को उनकी पसंद के अनुसार तैनाती देकर व्यवस्था में भरोसे का नया अध्याय जोड़ा है। ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग में वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया इस बार पूरी तरह खुली और पारदर्शी रही। विकास भवन में आयोजित प्रक्रिया के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं कर्मचारियों के सामने विभिन्न ब्लॉकों की रिक्तियां प्रदर्शित कराई और फिर उनकी वरीयता के आधार पर तैनाती सुनिश्चित की। पंचायती राज विभाग में 114 ग्राम पंचायत अधिकारियों के सापेक्ष स्थानांतरण योग्य 11 कर्मचारियों तथा ग्राम विकास विभाग में 102 ग्राम विकास अधिकारियों के सापेक्ष 10 कर्मचारियों को उनकी इच्छा के अनुरूप नए कार्यक्षेत्र आवंटित किए गए। इतना ही नहीं, चयन प्रक्रिया पूरी होते ही मौके पर स्थानांतरण आदेश भी सौंप दिए गए। **पहले एजुकेटर भर्ती, अब ट्रांसफर में भी पारदर्शिता**

सीडीओ अभिषेक कुमार का यह कदम इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि इससे पहले 120 एजुकेटर पदों पर भर्ती प्रक्रिया को भी उन्होंने पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया था। पहले दिन परीक्षा, परिणाम और मेरिट घोषित की। वही डॉक्युमेंट वेरीफिकेशन, विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया एक ही दिन में पूरी कराकर अभ्यर्थियों की पसंद के अनुरूप स्कूल आवंटित किए गए थे। उसी दिन नियुक्ति पत्र भी वितरित कर दिए गए थे।

**प्रशासनिक कार्यशैली बनी चर्चा का विषय**

कम समय में तेज निर्णय, नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन और हर प्रक्रिया को खुला एवं पारदर्शी बनाने की कार्यशैली ने सीडीओ अभिषेक कुमार को अलग पहचान दी है। ट्रांसफर प्रक्रिया के इस मॉडल ने न केवल कर्मचारियों का भरोसा बढ़ाया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि प्रशासनिक निर्णय निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ लिए जाएं तो विवादों की संभावना स्वतः समाप्त हो जाती है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस: सीएमओ कार्यालय में संगोष्ठी

▸ अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली तंबाकू त्याग की शपथ

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के सभागार में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने की। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू का सेवन न करने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ ली। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि तंबाकू आज भी अनेक गंभीर और जानलेवा बीमारियों का प्रमुख कारण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि धुआं रहित तंबाकू उत्पाद जैसे खैनी, गुटका और पान मसाला मुंह, जीभ, गले एवं मसूड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ाते हैं, वहीं पाचन तंत्र को भी गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि धूम्रपान वाले तंबाकू उत्पाद जैसे बीड़ी, सिगरेट और हुक्का फेफड़ों के कैंसर, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी घातक बीमारियों का कारण बनते हैं। तंबाकू का धुआं श्वसन तंत्र को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। **पैसिव स्मोकिंग भी उतनी ही घातक**

सीएमओ ने कहा कि धूम्रपान का दुष्प्रभाव केवल सेवन करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। इसके धुएं के संपर्क में आने वाले लोग भी फेफड़ों और हृदय संबंधी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इसे पैसिव स्मोकिंग कहा जाता है, जो बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक है। डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि यदि कोई गर्भवती महिला तंबाकू का सेवन करती है या धूम्रपान के धुएं के संपर्क में रहती है, तो इसका सीधा प्रभाव गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है। इससे समय से पूर्व प्रसव, जन्म के समय कम वजन तथा जन्मजात विकृतियों का खतरा बढ़ जाता है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, एसीएमओ डॉ. आरएम गुप्ता, डिप्टी सीएमओ एवं तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद वर्मा तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल यादव ने भी तंबाकू मुक्ति और जनजागरूकता अभियानों पर अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का संचालन विजय वर्मा ने किया। अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'तंबाकू मुक्त लखीमपुर खीरी' के संकल्प के साथ जनजागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने का प्रण लिया।

## परिवार परामर्श केंद्र में 46 टूटते परिवार फिर जुड़े काउंसलिंग से सुलझे महिला उत्पीड़न के मामले



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पारिवारिक विवादों और महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र के प्रभारी निरीक्षक, काउंसलरों और महिला आरक्षियों की टीम ने आपसी संवाद और समझाइश के माध्यम से कई टूटते परिवारों को पुनः एक साथ लाने में सफलता हासिल की है। परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी निरीक्षक अर्पित शुक्ला के नेतृत्व में काउंसलर नीति गुप्ता, कय्यूम जरवानी, क्षमा टंडन, कुसुम गुप्ता तथा महिला आरक्षी मेहा सिंह, ज्योति और सुधा ने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साझा गृहस्थी में निवास और वैवाहिक जीवन से जुड़े विवादों के मामलों में दोनों पक्षों एवं उनके परिजनों के साथ बैठक कर समाधान का प्रयास किया। शनिवार को आयोजित परामर्श सत्र में कुल 82 प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई और काउंसलिंग की गई। इनमें से 46 मामलों में पति-पत्नी आपसी सहमति से साथ रहने के लिए तैयार हो गए, जिससे उनके परिवारों को टूटने से बचाया जा सका। वहीं 16 मामलों में पति-पत्नी के बीच गहरा मनमुटाव होने के कारण उन्हें विचार-विमर्श के लिए समय दिया गया, जबकि 20 मामले न्यायालय में लंबित होने के कारण उनका निस्तारण नहीं हो सका।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

▸ नागरिक से खुफिया एजेंसियों द्वारा पूछताछ जारी

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** आनंदनगर कस्बे के छतरी चौराहे से एक अमेरिकी नागरिक को पुलिस ने संदिग्ध हालात में गिरफ्तार किया है। वह नेपाल की ओर जाने की फिराक में था। इस विदेशी नागरिक से स्थानीय पुलिस के साथ विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के द्वारा पूछताछ किया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियां उसके भारत आगमन, यहां रहने के कारण व नेपाल सीमा की ओर जाने की वजह जानने में जुटी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान पकड़े गए अमेरिकी युवक ने अपना नाम ट्रेविस फेलेन बताया है। उसकी उम्र लगभग 34 वर्ष है और वह अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य का निवासी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक नेपाल सीमा की ओर जाने की फिराक में था। इसी दौरान उसकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे आनंदनगर के छतरी चौराहा क्षेत्र से पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया

**जांच पड़ताल में विभिन्न जांच एजेंसियां जुटी**

मामले की सूचना मिलते ही आईबी, एसआईओ तथा एलआईयू की टीमें सक्रिय हो गई और युवक से अलग-अलग पहलुओं पर पूछताछ शुरू कर दी गई। एजेंसियां उसके पास मौजूद दस्तावेजों, मोबाइल फोन, यात्रा संबंधी रिकॉर्ड और भारत में उसके ठहरने के स्थानों की भी जांच कर रही हैं। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह 180 दिनों के टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसका टूरिस्ट वीजा फरवरी माह में ही समाप्त हो चुका है।

## तम्बाकू सेवन से भारत में हो रहीं हर साल 13 लाख से ज्यादा मौतें: नुसरत अली




**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर राजकीय जिला पुस्तकालय प्रतापगढ़ में 'तरुण चेतना' संस्था के तत्वावधान में एक दिवसीय पोस्टर प्रतियोगिता और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम जनमानस को तम्बाकू के जानलेवा दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशामुक्ति का संकल्प दिलाना था।कार्यशाला की शुरुआत करते हुए पुस्तकालय अध्यक्ष नुसरत अली ने बताया कि तम्बाकू सेवन से भारत में प्रतिवर्ष साढ़े 13 लाख लोगों की मौत होती है अर्थात देश में हर 6.5 सेकण्ड पर एक मौत और प्रति दिन औसतन 3699 लोगों की जान तम्बाकू के सेवन से होती है, जिसे जागरूकता करके रोका जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल डा0 ज्ञानेंद्र मौर्य ने कहा कि तम्बाकू और धूम्रपान आज के समाज, विशेषकर युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है। हर साल लाखों लोग कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के कारण असमय काल के गाल में समा जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजक संस्था तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कोटपा एक्ट 2003 पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के मुकेश मौर्य एवं अधिवक्ता दीपेंद्र मिश्र ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में राजेश कुमार यादव, शोएब खान, श्याम शंकर शुक्ला, हुश्ननारा बानो व हकीम अंसारी सहित राजकीय जिला पुस्तकालय के कर्मचारी, तरुण चेतना संस्था के सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## 12 साल बाद एक लाख ईनामी शातिर बदमाश गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** कानून के हाथ लम्बे होते है।कोई भी अपराधी कहीं भी नाम बदलकर छुप जाए लेकिन एक न एक दिन पुलिस के हत्थे चढ़ ही जाता है।लालगंज कोतवाली अंतर्गत नगर पंचायत लालगंज के सांगीपुर वार्ड निवासी भानु प्रताप दुबे उर्फ महराज उर्फ विक्की 40 पुत्र राम विशाल दुबे 2014 में पुलिस अभिरक्षा से फरार हो जाता है। विक्की पर 19 अपराधिक मामलों मे केस दर्ज है।वह कई बार जेल जा चुका है।

जहां अन्य पेशेवर अपराधियों से संपर्क हो गया था। पुलिस ने विक्की पर एक लाख का ईनाम घोषित कर दिया।

# नेपाली युवाओं को नेटवर्क मार्केटिंग के जाल में फंसाने का बड़ा खुलासा

▸ 453 नागरिकों को कुशीनगर से नेपाल भेजा गया



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** कुशीनगर जिले में कथित नेटवर्क मार्केटिंग और ऑनलाइन ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। नेपाल के युवक-युवतियों को आकर्षक नौकरी और मोटी कमाई का लालच देकर नेटवर्क मार्केटिंग के जाल में फंसाने के आरोप में कार्रवाई करते हुए भारतीय पुलिस ने 453 नेपाली नागरिकों को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया। यह कार्रवाई नेपाल दूतावास, नई दिल्ली से प्राप्त शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेपाल दूतावास को कई शिकायतें मिली थीं कि कुशीनगर में संचालित कुछ नेटवर्क मार्केटिंग समूह नेपाली नागरिकों को रोजगार दिलाने के नाम पर बुलाकर उनसे धनराशि निवेश करा रहे हैं। आरोप यह भी था कि कुछ लोगों को उनकी इच्छा के विरुद्ध रोका गया और उनसे कथित रूप से ठगी से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने का दबाव बनाया गया। शिकायतों में मानवाधिकार उल्लंघन और बंधक बनाकर रखने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए दूतावास ने भारतीय प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की। इसके बाद कुशीनगर पुलिस ने व्यापक जांच शुरू की। जांच के दौरान बड़ी संख्या में नेपाली नागरिकों के इस नेटवर्क से जुड़े होने की पुष्टि होने पर प्रशासन ने निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत सभी 453 लोगों को 11 वाहनों के माध्यम से शनिवार दोपहर सोनौली सीमा तक पहुंचाया, जहां उन्हें नेपाल पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जाता है कि कसया थाना क्षेत्र में संचालित इस कथित नेटवर्क मार्केटिंग कारोबार के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें सामने आई थीं। पीड़ितों का आरोप था कि बेरोजगार युवाओं को सुनहरे भविष्य, आकर्षक वेतन और अधिक आय के सपने दिखाकर नेटवर्क से जोड़ा गया। उनसे विभिन्न योजनाओं में निवेश के नाम पर रकम जमा कराई गई, लेकिन बाद में न तो वादा पूरा हुआ और न ही उनकी धनराशि वापस मिली। जब बड़ी संख्या में नेपाली नागरिक खुद को ठगी का शिकार महसूस करने लगे, तब उन्होंने न्याय की गुहार लगाते हुए नई दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास से संपर्क किया। दूतावास की पहल के बाद भारतीय और नेपाली प्रशासन के समन्वय से यह बड़ी कार्रवाई संभव हो सकी। सोनौली कोतवाली प्रभारी महेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी 453 नेपाली नागरिकों को सुरक्षित रूप से सीमा तक पहुंचाकर नेपाल पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं, रुपन्देही के पुलिस अधीक्षक जनक बहादुर शाही ने कहा कि नेपाल पहुंचने के बाद सभी लोगों की विस्तृत जांच की जाएगी। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि कौन लोग वास्तव में ठगी के शिकार हैं और कौन कथित नेटवर्क मार्केटिंग गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सोनौली बॉर्डर पर आग का तांडव: नो मेंस लैंड में धधकी दुकान, एक घंटे ठप रही भारत-नेपाल आवाजाही



**समृद्धि न्यूज महराजगंज।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्थित सोनौली बॉर्डर पर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी और दहशत का माहौल पैदा हो गया, जब नो मेंस लैंड क्षेत्र में पुलिस चौकी के समीप स्थित एक दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। घटना के चलते सीमा क्षेत्र में करीब एक घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा और दोनों देशों के सुरक्षा तंत्र को तत्काल सक्रिय होना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकान संचालक चिप्स बनाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान कड़ाही में गर्म हो रहा तेल अत्यधिक तापमान के कारण उबाल पर पहुंच गया और उसमें अचानक आग लग गई। कुछ ही क्षणों में आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और आसमान में उठता धुएं का गुबार देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि सीमा क्षेत्र में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और लोगों ने जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर दौड़ लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही भारत और नेपाल दोनों देशों के अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। सीमा के दोनों ओर से पहुंचे फायर ब्रिगेड के वाहनों ने संयुक्त रूप से आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी देर तक चली कड़ी मशक्कत और समन्वित प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से आसपास स्थित अन्य दुकानों, प्रतिष्ठानों और सरकारी परिसरों को बड़ी क्षति से बचा लिया गया। आग लगने की घटना के दौरान स्थानीय पुलिस, एसएसबी जवानों तथा सीमा क्षेत्र में तैनात अन्य सुरक्षा कर्मियों ने भी सराहनीय तत्परता दिखाई। सुरक्षा बलों ने तत्काल क्षेत्र को खाली कराया।